आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 42 | इंदौर, शनिवार 12 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### हूती विद्रोहियों ने यमन के मोखा शहर पर कब्जा किया

**सना।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के रणनीतिक बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया है। यह शहर बाब अल-मंदेब स्ट्रेट से करीब 75 किलोमीटर दूर है। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार रास्ते में से एक है। मोखा पर पहले यमनी नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स का कंट्रोल था। यह हूतियों के खिलाफ लड़ने वाला सऊदी समर्थित गुट है। दोनों के बीच पिछले 9 दिनों से लड़ाई चल रही थी। मोखा पर कब्जे के बाद पिछले 4 साल में यह हूतियों की सबसे बड़ी क्षेत्रीय कामयाबी मानी जा रही है। अब हूती लड़ाके यमन के अहम शहर ताइज की ओर बढ़ रहे हैं। इस बीच सऊदी अरब ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को संदेश भेजकर हूतियों को सऊदी अरब पर हमले रोकने के लिए कहने को कहा है। हालांकि, एक ईरानी अधिकारी ने कहा है कि ईरान हूतियों को कंट्रोल नहीं करता।

### जासूसी कांड के बाद पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के नियम बदले

**हिसार।** केंद्र और हरियाणा सरकार ने भारत-पाकिस्तान धार्मिक यात्राओं के नियम बदल दिए हैं। यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर के बाद सामने आए पाक जासूसी नेटवर्क और हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा केस के बाद लिया गया है। जांच में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और वहां के प्राइवेट टूर ऑपरेटर धार्मिक यात्रा के नाम पर भारतीय नागरिकों को स्पॉन्सर करते हैं, ताकि उनसे जासूसी करा सकें। इसे देखते हुए भारत सरकार ने पाकिस्तान से चलने वाले सभी प्रकार के प्राइवेट स्पॉन्सर्ड टूर पर पाबंदी लगा दी है। वीजा की शर्तें भी बदल दी गई हैं। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के टूरिज्म इंचार्ज हरकीरत सिंह ने भी इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि ज्योति मल्होत्रा जैसे जासूसी केस मिलने के बाद से प्राइवेट स्पॉन्सर टूर बंद कर दिए गए हैं।

### दो स्कूलों में लगी भीषण आग से 26 छात्रों की मौत

**कांगो।** अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में एक घर से शुरू हुई भीषण आग ने पास के दो स्कूलों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 26 छात्रों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। दक्षिण किवु प्रांतीय सरकार के मुताबिक, मृतकों में 19 लड़कियां और 7 लड़के शामिल हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। यह हादसा बकावु शहर में हुआ। स्थानीय प्रशासक मोइसे लुबाला के मुताबिक, आग फुराहा सेकेंडरी स्कूल और उसके पास स्थित उजामा प्राइमरी स्कूल तक फैल गई। आग लगने के दौरान फुराहा सेकेंडरी स्कूल के अंदर कई छात्र फंस गए। कुछ छात्रों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि बाहर निकलने की कोशिश में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।

### मराठी बोलने से इनकार पर संजय दत्त की माफी



**मंत्री को कॉल कर बोले- अच्छी मराठी आती है मजाक था, महाराष्ट्र ने बहुत कुछ दिया**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त मराठी बोलने से इनकार करने पर विवादों में हैं। वह कुछ समय पहले दही हांडी प्रोग्राम में पहुंचे थे, जहां शिवसेना नेता (शिंदे गुट) और महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने उनसे मराठी में बात करने को कहा था। संजय ने इनकार कर दिया और कहा कि वो 6 साल तक जेल में रहकर भी मराठी नहीं सीख सके। संजय के बयान पर विवाद हो गया, जिसके बाद अब उन्होंने मंत्री प्रताप सरनाईक को कॉल कर माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अच्छी मराठी आती है। गलत संदेश गया, तो माफी मांगता हूं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रताप सरनाईक एक बैठक में थे, तभी संजय दत्त का फोन आया। एक्टर ने बातचीत की शुरूआत मराठी में प्रताप भाई, जय महाराष्ट्र कहकर की। संजय दत्त ने सफाई देते हुए कहा कि ठाणे में आयोजित दही हांडी कार्यक्रम में उन्होंने यह बात मजाकिया अंदाज में कही थी। उन्होंने सरनाईक से कहा, अगर मेरी बात से किसी की भावना आहत हुई हो या कोई गलत संदेश गया हो तो मैं माफी चाहता हूं। मेरा परिवार मुंबईकर है। मैं इसी मिट्टी में पला-बढ़ा हूं और महाराष्ट्र ने मुझे बहुत कुछ दिया है।

### नैनो न्यूज

- **मध्यप्रदेश** : बनेंगे 6 नए एक्सप्रेस-वे, मुंबई को जोड़ेगी 8 लेन चौड़ी सड़क, सीएम मोहन यादव ने किया ये ऐलान।
- **नई दिल्ली** : राहुल बोले- शिक्षा व्यवस्था से भारतीय युवा निराश, इंदौर में 'छात्रों की गूंज' से 8 दिन पहले सुझाव मांगे, अब तक 4 बार छात्रों से बात कर चुके।
- **नई दिल्ली** : चांदी 3,742 रु. गिरकर 2.30 लाख/किग्रा पर आई, 15 दिन में चांदी 14 हजार और सोना 7 हजार रु. सस्ता हुआ।
- **नई दिल्ली** : रणवीर सिंह बने बीएमडब्ल्यू इंडिया के नए ब्रांड एंबेसडर, नई दिल्ली में नई 7 सीरीज रेंज लॉन्च हुई, डिलीवरी अक्टूबर 2026 से शुरू होगी।
- **नेपाल** : बाढ़ से तबाही, 45 हजार करोड़ रु. लगेंगे, यह देश की जीडीपी का 11%, बाढ़ से 16 लाख लोग प्रभावित, 1377 की मौत।
- **नई दिल्ली** : आईएमएफ ने कहा- दुनिया का ग्रोथ इंजन है भारत, जीडीपी ग्रोथ अनुमान से बेहतर 7.8% रही, ऊर्जा संकट के बावजूद मजबूत रही भारतीय अर्थव्यवस्था।
- एनएसई ने आईपीओ का प्राइस बैंड 1700-1785 रु. तय किया, 17 से 21 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे निवेशक, कंपनी इश्यू से 22,562 करोड़ जुटाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच भारत मंडपम में 45 मिनट द्विपक्षीय बैठक

# पुतिन का अमेरिका-यूरोप पर तंज, कमजोर देश खुद को जी7 क्यों कहते

## पुतिन-मोदी दिल्ली में एक ही कार में बैठे, दोनों नेता गले मिले, रूसी राष्ट्रपति ने पीएम को अपने देश बुलाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

राजधानी नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में 12 और 13 सितंबर को आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए वैश्विक नेताओं का आगमन जारी है। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो समेत 21 देशों के प्रतिनिधि और शीर्ष नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच भारत मंडपम में 45 मिनट द्विपक्षीय बैठक हुई। इसके बाद दोनों नेता एक ही कार से इंडस्ट्रियल एग्जीबिशन में पहुंचे। पीएम मोदी और पुतिन ने भारत-रूस रिश्तों पर चर्चा की। इस दौरान पुतिन ने मोदी को 24वें भारत-रूस समिट के लिए रूस आने का न्योता



दिया। पीएम ने इसे स्वीकार कर लिया। मीटिंग में मिडिल ईस्ट और ब्लैक सी में जारी तनाव पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी विवाद या संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत शांति बहाल करने की कोशिशों में मदद करने के लिए तैयार है।

ब्रिक्स बिजनेस फोरम के लीडर्स सेशन में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि दुनिया इस समय बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है, सप्लाई में दिक्कतें आ रही हैं और आर्थिक दबाव के जरिए दूसरे देशों पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। इससे कारोबार का माहौल मुश्किल हो गया है।



**तिरुक्कुरल क्या है, जिसे पीएम मोदी ने पुतिन को भेंट किया-** तिरुक्कुरल तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर की प्रसिद्ध रचना है। इसे तमिल वेद कहा जाता है। इसमें करीब 1,330 दोहे हैं। इन दोहों में अच्छे जीवन, नैतिकता, शासन, अर्थव्यवस्था, प्रेम और इंसानी मूल्यों के बारे में बताया गया है। तिरुक्कुरल को तमिल साहित्य की सबसे महत्वपूर्ण रचनाओं में से एक माना जाता है। इसका कई भाषाओं में अनुवाद भी हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी का इसे विदेशी नेताओं को भेंट करना भारत की प्राचीन तमिल संस्कृति और उसकी ज्ञान परंपरा को दुनिया तक पहुंचाने का संदेश माना जा सकता है।

### जी7 का योगदान सिर्फ 18%

ब्रिक्स बिजनेस फोरम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जी7 पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आता कि जी7 को ग्रुप ऑफ सेवन क्यों कहा जाता है। पुतिन ने कहा कि पिछले 5 साल में दुनिया की 40% से ज्यादा जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई है, जबकि जी7 की हिस्सेदारी सिर्फ 29% रही। दुनिया की आर्थिक ग्रोथ में भी इसकी हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही, जबकि जी7 का योगदान सिर्फ 18% रहा। उन्होंने कहा कि इसकी बड़ी वजह ब्रिक्स देशों की आधी से ज्यादा आबादी और उनके तेजी से बढ़ते घरेलू बाजार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने भी फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये देश दुनिया की 40% जीडीपी और 25% से ज्यादा ग्लोबल ट्रेड में हिस्सा रखते हैं।

बैंक हड़ताल से चेक क्लीयरेंस, नकद जमा जैसे काम अटके

# प्रदेश में 5,500 करोड़ के कारोबार पर असर

### 2 साल से अटकी 5-डे वर्किंग की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण एसबीआई, पीएनबी और यूनियन बैंक सहित देशभर के सरकारी और कुछ निजी बैंक शुक्रवार को बंद रहे। इससे चेक क्लीयरेंस, नकद जमा और निकासी, एफडी रिन्यूअल और सरकारी खजाने से जुड़े काम पूरी तरह अटके रहे। हड़ताल की वजह से मध्य प्रदेश में सिर्फ एक दिन में 5,500 करोड़ रुपए का बैंकिंग बिजनेस प्रभावित हुआ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 2 साल से अटकी 5-डे वर्किंग की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दिन की हड़ताल का ऐलान किया था।



### सहमति के बाद भी वित्त मंत्रालय से नहीं मिली मंजूरी

यूएफबीयू का कहना है कि 8 मार्च 2024 को इंडियन बैंक्स एसोसिएशन यानी आईबीए के साथ 12वें द्विपक्षीय समझौते और 9वें जॉइंट नोट पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें 5-डे बैंकिंग लागू करने पर सहमति बनी थी। इसके तहत कर्मचारी सोमवार से शुक्रवार तक रोज 40 मिनट ज्यादा काम करेंगे।

आईबीए ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देकर केंद्र सरकार के पास भेजा था। दो साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी वित्त मंत्रालय से इसे मंजूरी नहीं मिली है।

### दो दिन बाद सोमवार को बैंक खुलेंगे

- अब 12 सितंबर को महीने का दूसरा शनिवार और 13 सितंबर को रविवार होने के कारण सभी बैंक बंद रहेंगे। अब बैंक शाखाएं सीधे सोमवार, 14 सितंबर को खुलेंगी, जिससे चेक क्लीयरेंस और बाकी जरूरी कामों में देरी होना तय है।
- बैंकों ने अपने ग्राहकों से कहा है कि हड़ताल की वजह से ब्रांच स्तर की सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, इस दौरान यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम जैसी डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी।
- मप्र में 7 हजार शाखाएं बंद रहीं, 42 हजार कर्मचारी शामिल हुए मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनकृष्ण शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की कुल 8,707 बैंक शाखाओं में से लगभग 7 हजार शाखाओं के 42 हजार से अधिक कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल में शामिल हुए। इससे प्रदेश में 5,500 करोड़ रुपए का कारोबार ठप रहा।
- आंदोलन में 12 सरकारी बैंकों के अलावा विभिन्न क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बैंक परिसरों के बाहर कर्मचारियों ने प्रदर्शन और नारेबाजी की।

बिहार सीबीआई की नीमच में बड़ी कार्रवाई

## नारकोटिक्स इंस्पेक्टर गिरफ्तार, 10 लाख के ट्रांजैक्शन से खुला बड़ा राज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच**

प्रदेश के नीमच में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के एक अधिकारी की गिरफ्तारी से हड़कंप मच गया है। बिहार सीबीआई की विशेष टीम ने सीबीएन में पदस्थ इंस्पेक्टर सिद्धार्थ श्रीवास्तव को कथित रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई की कार्रवाई कथित तौर पर एनडीपीएस मामलों में आरोपियों को राहत देने और केस से जुड़े मामलों में मदद के बदले बड़ी रकम की मांग किए जाने की जांच से जुड़ी है। एजेंसी अब इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों और बिचौलियों की भूमिका भी खंगाल रही है। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, एक मादक पदार्थ जब्ती से जुड़े मामले को निपटाने के लिए



कथित तौर पर 50 लाख रुपये की डील की गई थी। जांच एजेंसी को इस लेनदेन के एक हिस्से के ऑनलाइन माध्यम से ट्रांसफर किए जाने की जानकारी मिली। सीबीआई ने कथित तौर पर 10 लाख रुपये के डिजिटल लेनदेन का ट्रेल खंगाला। इसके बाद जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान केस से जुड़ी फाइलों के अलावा लैपटॉप, स्मार्टफोन और बैंक पासबुक समेत अन्य दस्तावेज जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है।

## ट्रक और बोलेरो की भिड़ंत में 8 की मौत

**एजेंसी ▶▶ भंडारा**

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 3 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4 बजे नागपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर पिंपलगांव सड़क के पास हुआ।

सभी लोग छत्तीसगढ़ के रायपुर से नेशनल हाईवे-53 के रास्ते नागपुर जा रहे थे।



ट्रक में फंसे पिकअप को निकालने के लिए दो जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया।

## जहरीली शराबकांड के मुख्य आरोपी को पैर में गोली मारकर पकड़ा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सागर**

पुलिस पर की थी 3 राउंड फायरिंग, 31 मौतों के मामले में वॉन्टेड था

मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब मामले में शुक्रवार को मुख्य आरोपी रवि लखेरा को पकड़ लिया गया। बरायठा के जंगल में पुलिस और रवि के बीच फायरिंग हुई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। आरोपी रवि को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। इस पर 20 हजार का इनाम था। एसपी अनुराग सुजानिया ने पुष्टि की है।

सीएम मोहन यादव ने कहा- शराब कांड के एक आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर हुआ है। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



लगातार कार्रवाई हो रही है। जहरीली शराब पीने से अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती 3 और मरीजों ने दम तोड़ा था। हालांकि, प्रशासन 16 मौतों की ही पुष्टि कर रहा है। इससे पहले प्रशासन ने गुरुवार को 3 आरोपियों के 5 मकानों के अवैध हिस्सों पर बुलडोजर चलाया था। इनमें आरोपी मनीष लोधी, करणी सेना के संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत और आशीष साहू के निर्माण शामिल हैं।

## मोबाइल सिम की तरह पोर्ट करा सकेंगे फास्टैग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

अब फास्टैग यूजर्स को अपना बैंक बदलने के लिए गाड़ी की विंडशील्ड पर लगा पुराना स्टिकर हटाने या नया फिजिकल टैग लगवाने की जरूरत नहीं होगी। फास्टैग भी मोबाइल सिम की तरह पोर्ट हो जाएगा। वनटैग नाम की इस नई सर्विस को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 के दौरान लॉन्च किया। अभी फास्टैग यूजर को बैंक बदलने के लिए पुराना टैग अकाउंट बंद करना पड़ता था। इसके बाद नए सिरे से ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया पूरी करके नया फिजिकल स्टीकर बनवाना होता था। अब यूजर को पुराना अकाउंट बंद नहीं करना पड़ेगा। एक ही फास्टैग स्टिकर अलग-अलग बैंकों के बीच पोर्टेबल हो जाएगा।

## चंद्रशेखर की पूर्व गर्लफ्रेंड 6 साल बाद भारत लौटीं, हिंदूवादियों ने रिसीव किया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली डॉ. रोहिणी घावरी स्विट्जरलैंड से शुक्रवार को भारत लौट आईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू, हिंदूवादी नेता दक्ष चौधरी और अक्कू पंडित जैसे तमाम लोगों ने स्वागत किया। रोहिणी घावरी ने चंद्रशेखर का नाम लिए बगैर कहा- बाबा साहेब अंबेडकर को मानने वाला व्यक्ति न्यायप्रिय होता है।



शोषणकारी नहीं होता है। मेरे सम्मान की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? मेरे साथ अन्याय क्यों किया? क्यों, मैं इस समाज की बेटी नहीं हूं? मैं दलित समाज की बेटी नहीं हूं? रोहिणी ने कहा- अलग-अलग राज्यों में जाऊंगी, बैठकें करूंगी। डरकर घर बैठने वालों में से नहीं हूं और न तेरी तरह सिक्योरिटी की भीख मांगूंगी, न बिकूंगी।

इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह की 2 किमी लंबी सुरंग उड़ाई

# विस्फोट के बाद 4.1 तीव्रता का भूकंप आया

### नेतन्याहू बोले- मिशन पूरा, हैप्पी न्यू ईयर

**एजेंसी ▶▶ बेरुत**

इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह की 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सुरंग को ब्लास्ट कर तबाह कर दिया। ब्लास्ट के लिए करीब 1100 टन विस्फोटक इस्तेमाल किया गया था।

यह विस्फोट इतना तेज था कि इलाके में 4.1 तीव्रता वाले भूकंप जैसे झटके महसूस किए गए। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, धमाके से



आसपास के इलाकों में जमीन हिलने लगी। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, मिशन पूरा हुआ, हैप्पी न्यू ईयर। इजराइली सेना के मुताबिक, सुरंग में ईरान में बने कई रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन रखे थे। यहां मशीनगन, एंटी-टैंक मिसाइल और सैकड़ों बारूदी सुरंगें व विस्फोटक भी मिले। सेना ने बताया कि इस परिसर में हिजबुल्लाह की बद्र यूनिट का कमांड सेंटर भी था।

### टनल में घुसे थे आईडीएफ सैनिक, तलाशी का फुटेज जारी किया

इजराइली सेना ने अली अल-ताहेर पहाड़ी के नीचे बने हिजबुल्लाह के टनल नेटवर्क का फुटेज जारी किया है। वीडियो में सैनिक सुरंगों के अंदर तलाशी लेते नजर आ रहे हैं। आईडीएफ के मुताबिक, जून में सीजफायर के बाद से यहां करीब 50 हिजबुल्लाह लड़ाके छिपे हुए थे। इस साइट पर कब्जे की कार्रवाई के दौरान कई लड़ाके मारे गए। सेना के मुताबिक, इनमें कुछ ऐसे थे जो सुरंगों से भागने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी के दौरान सैनिकों को करीब 12 शव भी मिले। हालांकि, आईडीएफ का कहना है कि कुछ हिजबुल्लाह लड़ाके इलाके से भागने में कामयाब हो सकते हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### फिर पुलिंग जैसे हाल

कुल्हड़ में गुड फोड़ने की कहावत तो आपने सुनी ही होगी। प्रजातंत्र में जब जब इस कहावत को चरितार्थ करने की मंशा रही तब-तब मामले के पेचिदगियों से भरा होना तय हो जाता है। ऐसा ही कुछ हाल ही में चल रहे अडिग प्रकरण में देखा जा रहा है। बराबर कुल्हड़ में गुड फोड़ने के मामले को चलाया गया और बाद में वही हुआ जो पहले हो चुका है। पूर्व में महाआयोजन क्षेत्र के अन्नदाताओं ने ऐसे ही मामले को लेकर फ्रंट खोल दिया था और विकास के नाम की संस्था ने कुल्हड़ में गुड फोड़ने का काम किया था। मामले में राष्ट्रीय स्तर की अन्नदाता संस्था मैदान में उतर आई थी और हश्र के रूप में जो हुआ वो सबके सामने रहा है। एक बार फिर से चौड़ीकरण के मामले में भी यही स्थिति बना दी गई है। कुल्हड़ में गुड फोड़ने की आदत के चलते ही ऐसे हाल बने हैं। अबकी बार मुद्दा धार्मिक है और पूरा एक पक्ष सामने खडा है। मामला पिछले दिनों से उलझन की राह पर आता जा रहा है। धीरे-धीरे यह जिद की और भी आता दिखाई दे रहा है। इसमें अब समन्वय बनाने में भी अच्छी खासी मशक्कत करना ही पड़ेगी और उसके बगैर गाड़ी आगे भी नहीं बढ़ेगी। पावर होने के बाद भी मामला संपर्क, समन्वय, संवाद के हालातों में अटकता ही दिख रहा है। कल तक जो दो पक्षों की स्थिति तक मामला था वह अब कई पक्षों तक हो गया है। सभी स्तर पर अब समन्वय की स्थिति कायम करना ही अपने आप में महत्वपूर्ण होता जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि कुल्हड़ में गुड फोड़ने की स्थिति के चलते आगे भी महाआयोजन के दौरान एवं उससे पूर्व किए जाने वाले कामों में भी समस्याओं का घर बनना तय है। इससे उलझनों की फेहरिस्त तैयार होगी। सार्वजनिक और सीधे सपाट मामलों में निरंतरता बनी रहेगी और उससे काम में भी सहुलियतें एवं सहयोग की स्थिति बनेगी।

## नैनो न्यूज

- **पुस्तक वैदिक माइक्रोबायोलॉजी** का गरिमामय विमोचन, यह पुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीनतम मानकों को पूर्ण रूप से आत्मसात करते हुए तैयार की गई है।
- **रजिस्ट्रार व असिस्टेंट** रजिस्ट्रार की भूमिका पर भी उठाए सवाल, डीजीपी को सौंपा ज्ञापन
- **श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों** ने मुख्यमंत्री से मुलाकात का मांगा समय, पेंशन बढ़ाने और बकाया राशि के भुगतान की मांग, 2006 से संघर्षरत हैं कर्मचारी
- **जैन धर्मावलंबियों** के सबसे पवित्र पर्व पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन को अरविंद नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ नागेश्वर श्वेतांबर जैन मंदिर में भक्ति दिवस के रूप में मनाया गया
- **जेल में बंदियों** और स्कूल में बच्चों ने उकेरा भगवान गणेश का स्वरूप, मिट्टी की प्रतिमा स्थापना का लिया संकल्प, लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति के महाअभियान के तहत कार्यशालाओं का आयोजन
- **काशी की पावन मिट्टी** लेकर पंचमपुरा पहुँची कलश वंदन यात्रा, उज्जैन में संत रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान के तहत हुआ भव्य अभिनंदन, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब
- **फर्जी संघ बनाकर** ई रिक्शा चालकों से अवैध वसूली, आरटीओ के पत्र के बाद भी यातायात पुलिस मौन, संगठन से निष्कासित पदाधिकारी लगा रहे अवैध नंबर प्लेट, मोटरयान अधिनियम का खुला उल्लंघन
- **राम सेतु का विरोध** करने वाली कांग्रेस नगर निगम चुनाव आते ही बनी हनुमान भक्त, भाजपा विक्रमादित्य मंडल उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव का आरोप-राजनीतिक स्वार्थ के लिए ढोंग कर रहे महेश परमार
- **लालपुर बालगृह** के बच्चों ने सीखे ईको-फ्रेंडली गणपति बनाना, शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति की कार्यशाला में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक
- **आईआईसी 3.0 हैकाथॉन** में सम्राट विक्रमादित्य विवि के विद्यार्थियों ने जीता एक लाख का पुरस्कार, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित 36 घंटे की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान
- **सिंहस्थ मेला प्राधिकरण** अध्यक्ष सहित अग्रवाल समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान, उज्जैन अग्रवाल विकास समिति के समारोह में वक्ताओं ने सिंहस्थ 2028 को ऐतिहासिक बनाने का

## ट्रेंडिंग




गोपाल मंदिर से पैदल मार्च कर संत पहुंचे, कांग्रेसी रामधुन गाते पहुंचे विरोध जताया

# खड़े हनुमान को लेकर सियासत गरमाई

एसडीएम ने प्रशासन का पक्ष रखते हुए कहा विशेषज्ञों संत समाज और श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ समाधान निकाला जाएगा







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खड़े हनुमान जी की प्रतिमा को हटाने का विरोध बराबर जारी है। इस पर सियासत गर्मा गई है। गुरूवार को यहां महिला साध्वी हर्षानंद गिरि भी पहुंची और वर्तमान स्थल पर भव्य मंदिर की बात कही। बुधवार रात को यहां संत समुदाय एकत्रित हुआ और उसने अपना विरोध व्यक्त किया है। कांग्रेसी यहां रामधुन गाते हुए पहुंचे और भगवान को श्रीफल भेंट कर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया है। इधर प्रशासन की ओर से एसडीएम एलएन गर्ग ने बयान जारी कर कहा है कि विशेषज्ञों, संत समाज और श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ समाधान निकाला जाएगा।

**साध्वी हर्षानंद ने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया-** गुरूवार पूर्वान्ह में साध्वी हर्षानंद गिरि (हर्षा रिछारिया) खड़े हनुमान मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने बुरी नजर के दोष से मुक्ति के लिए पुजारी महेश बैरागी से झाडनी डलवाई, उन्होंने पूजा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने प्रतिमा हटाने के प्रयासों का विरोध किया। प्रशासन से मंदिर पहुंचकर माफी मांगने, पूजा करने और मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लेने को कहा। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने अनशन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। उन्होंने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें इतनी हिम्मत मिले कि वे बाबा के लिए आवाज उठा सकें।

**गोपाल मंदिर से पैदल पहुंचे संत-** बुधवार रात विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर संतों का दल गोपाल मंदिर से पैदल यात्रा निकालकर खड़े हनुमान मंदिर तक पहुंचा। संतों के साथ बड़ी संख्या में वीएचपी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सभी ने खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए। अयोध्या पीठाधीश्वर नृत्य गोपाल दास महाराज के शिष्य महंत राघवेंद्र दास ने कहा कि हनुमान जी के चमत्कार की चर्चा सुनकर दर्शन करने आए और मंदिर को यथावत रखने की मांग की है। महंत विनीत गिरी ने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए संवाद से रास्ता निकलेगा। सत्यानंद गिरी महाराज ने भी कहा कि आस्था का सम्मान जरूरी है और संवाद से ही विवाद खत्म होना चाहिए।

### वैज्ञानिक परीक्षण जरूरी

एसडीएम एलएन गर्ग ने नगर निगम अपर आयुक्त पवन सिंह की उपस्थिति में अपना विडियो बयान जारी करते हुए कहा कि सिंहस्थ 2028 के विकास कार्य भी आवश्यक हैं और उज्जैन की धार्मिक आस्था भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेषज्ञों, संत समाज और श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ समाधान निकाला जाएगा। यह श्रद्धालुओं की गहरी आस्था से जुड़ा विषय है, साथ ही प्रतिमा की संरचनात्मक स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण भी आवश्यक है। हनुमान जी की प्रतिमा से जुड़ा विषय उज्जैन वासियों और श्रद्धालुओं की आस्था से संबंधित है।

### कांग्रेस रामधुन गाते हुए मंदिर पहुंची

- सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने की प्रशासन की योजना के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रशासन की हठधर्मिता का विरोध करते हुए विधायक महेश परमार, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता राम धुन गाते हुए खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे।
- सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने की प्रशासन की योजना के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

### प्रशासन की हठधर्मिता का विरोध करते हुए कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार ने कहा कि आज हम सब कांग्रेस परिवार के साथी मुकेश भाटी जी और तमाम हमारे विधायक दिनेश जैन बोस, दिलीप गुर्जर, हमारे प्रभारी चंदर सोंधिया और तमाम हमारे जिले और शहर के सभी सम्मानित पदाधिकारी हम सब लोग आए, हमने हनुमान जी महाराज के दर्शन किए, हनुमान चालीसा का पाठ किया है। हमारी तो एक ही मांग है कि जनता जनार्दन, जनमानस की धार्मिक भावना... वो ही नहीं चाहते कि यहाँ से भगवान हनुमान जी महाराज के खड़े हनुमान जी का मंदिर हटे। मेरी एक ही मांग है आदरणीय मुख्यमंत्री से, संभाग आयुक्त, मेला अधिकारी, कलेक्टर, एसपी, नगर निगम कमिश्नर से - जो हमारी धार्मिक परम्पराओं को, हमारी अति प्राचीन संस्कृति को संभालते हैं। उज्जैन की पहचान यही मंदिर हैं।
जब-जब धार्मिक भावनाओं का अपमान हुआ है, जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वहां अमंगल हुआ है, नाश हुआ है। तो कम से कम इन सब चीजों को बचाएं और लोगों की भावनाओं के अनुसार काम करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि सबके तारणहार भगवान हनुमान जी महाराज का स्थान यहाँ से विस्थापित नहीं किया जाए।
कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि उज्जैन की जनता को और पूरे हिन्दू समाज को गुमराह क्यों कर रहे हैं ये मूर्ति यही स्थापित रहे। हमारी और पूरे हिन्दू समाज की भावना ये है, पर ये गुमराह करने की साजिश क्यों रची जा रही है? कोई भी अनिश्चितता का माहौल क्यों बनाया जा रहा है? ये क्या उद्देश्य है इनका जब आज लेटर जारी करा है जबकि एक महीने से चल रहा है कि भाई ये मूर्ति हटना है, नहीं हटना है, कंफ्यूजन की स्थिति है, तो मतलब ये क्या दंगा फसाद फैलाना चाहते हैं? स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करते शासन-प्रशासन और सरकारें? जबकि जवाबदारी इनकी है। भगवान हनुमान जी की मूर्ति उठेगी तो हमको विरोध करने का हक है, राइट्स है। मैं विधायक हूँ, हमारे पूर्व विधायक हैं, चार बार के विधायक हैं। हम सब लोग तो ये कह रहे हैं गुमराह मत करो जनता को। स्पष्ट नीति बताओ।

शत-प्रतिशत व्यावसायिक दर से कर वसूली के महापौर ने दिए निर्देश

# कमर्शियल प्रॉपर्टी का होगा पुनः सर्वे

### नियमित करदाताओं को नगर निगम करेगा सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड, गली एवं मोहल्ले में कमर्शियल प्रॉपर्टी की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसी सभी संपत्तियों का पुनः सर्वे कराया जाए तथा जिन संपत्तियों का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, उनका नियमानुसार कमर्शियल श्रेणी में पंजीयन करते हुए शत-प्रतिशत व्यावसायिक दर से कर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संपत्ति कर अधिकारियों को अपने-अपने जोन क्षेत्र में नियमित रूप से सर्वे एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

शहर में लगातार बढ़ रही व्यावसायिक गतिविधियों के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा कमर्शियल प्रॉपर्टी की पहचान एवं राजस्व वसूली को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसी क्रम में महापौर ने गुरुवार को यह बैठक ली और अधिकारियों को राजस्व वसूली बढ़ाने एवं करदाताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### बड़े बकायादार लक्ष्य

महापौर ने 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए बड़े बकायादारों को चिन्हित करने तथा उनसे लंबित संपत्ति कर एवं अन्य करों की बकाया राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक बकायादारों को कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे निगम की राजस्व आय में वृद्धि के साथ शहर के विकास कार्यों को भी गति मिले।

### ईमानदार करदाताओं का होगा सम्मान

महापौर ने कहा कि जो करदाता समय पर अपने करों का भुगतान कर नगर विकास में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, वे प्रशंसा के पात्र हैं। ऐसे नियमित एवं जिम्मेदार करदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को वार्डवार नियमित करदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि उत्कृष्ट करदाताओं को सम्मानित किया जा सके।

### पोर्च अतिक्रमण पर सख्ती हो

महापौर ने दुकानदारों द्वारा पोर्च एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्च नागरिकों की सुविधा एवं आवागमन के लिए होता है, अतिक्रमण के लिए नहीं। पोर्च एवं सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को ऐसे अतिक्रमणों को चिन्हित कर नियमानुसार सख्ती से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### ट्रेड लाइसेंस जरूरी

महापौर ने शहर के सभी दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक दुकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान का नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस होना आवश्यक है। जिन दुकानदारों ने अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया है, वे नियमानुसार ट्रेड लाइसेंस बनवाएं और नगर के व्यवस्थित विकास एवं निगम की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें।

21 कारोबारियों पर 7.21 लाख का जुर्माना

# मिलावटखोरों पर प्रशासन का आर्थिक चाबुक चला

### मावा-पनीर से लेकर पापड़-पानी तक अमानक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्योहारी सीजन से पहले मिलावटखोरों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी एवं सख्त कार्रवाई की है। प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा विभाग के 21 प्रकरणों में सुनवाई कर कुल 7 लाख 21 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है। इन मामलों में मिथ्याछाप नमकीन-पानी, होटल-रेस्टोरेंट में खुला पनीर, पापड़ से लेकर धनिया पाउडर तक नकली, बिना लाइसेंस चल रही दुकानें जैसे मामले शामिल हैं।

एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर ने खाद्य सुरक्षा विभाग के 21 प्रकरणों में सुनवाई कर कुल 7 लाख 21 हजार रुपये का जुमार्ना ठोका है। एडीएम गुर्जर ने साफ कहा- आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

- **मिथ्याछाप नमकीन-पानी पर शिकंजा-** फर्म पोरवाल जी नमकीन के संचालक नितेश भट्ट द्वारा मिथ्या छाप रतलामी नमकीन बेचने, सोनम इंडस्ट्रीज और बांसुरी वाला रेस्टोरेंट द्वारा मिथ्याछाप पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर का निर्माण और विक्रय करने पर कार्रवाई हुई। होटल-रेस्टोरेंट में खुला पनीर- विक्रमादित्य होटल के दिनेश राठौर द्वारा मानव उपयोग के लिए अयोग्य खुला पनीर का उपयोग और भंडारण करते पाए गए। वहीं बेमिसाल बेकर्स, देवास रोड पर पैकिंग और निर्माण नियमों का उल्लंघन मिला।
- **पापड़ से लेकर धनिया पाउडर तक नकली-** मालवा किराना स्टोर के पवन गोयल पर मिथ्याछाप अग्रवाल 420 पापड़ और पंजाबी मसाला पापड़, महाकाल किराना इंगोरिया और शिवम इंटरप्राइजेज घट्टिया पर प्रतिबंधित लूज धनिया पाउडर बेचने पर जुमार्ना लगा। पारस किराना महिदपुर पर ब्लैक डायमंड काली मिर्च मिथ्याछाप मिली।

## नगर निगम के 31 वाहनों का विक्रय 9.40 लाख में करने का निर्णय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम उज्जैन अपने वर्कशाप में खडे 31 वाहनों को मात्र 9.40 लाख में बेचने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए निर्णय लिया जा चुका है। इस निर्णय का विरोध प्रतिपक्ष नेता रविराय द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मय दस्तावेज अपनी बात को मिडिया के सामने रखा है। नगर निगम वर्कशॉप विभाग द्वारा निगम स्वामित्व के 31 वाहनों को जिनमें आयशर, डंपर, जेसीबी, स्कॉर्पियो, टाटा डंपर, ट्रैक्टर्स, क्वालिस, हाइड्रोलिक डंपर, जीप, हाइड्रा क्रेन शामिल हैं को विक्रय का निर्णय लिया गया है।

# गुणवत्ता में कमी रखी तो ठेकेदारों पर 2 से 5 लाख की पेनल्टी लगेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सख्ती की स्थिति बन गई है। संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी अशीषसिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री को सीधे-सीधे कह दिया है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी रखी तो 2-5 लाख की पेनल्टी लगेगी। इस सख्त संदेश के बाद अधिकारियों के साथ ठेकेदारों में गुणवत्ता के साथ ही टेस्टिंग रिपोर्ट एवं आडिट को लेकर कमी को लेकर स्थिति साफ हो गई है।

संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बुधवार को सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए हैं कि थर्ड पार्टी ऑडिट सर्विस द्वारा निर्माण कार्यों में चिन्हित की गई गुणवत्ता कमी को तुरंत दूर किया जाये। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी रखने वाले ठेकेदारों पर 2 से 5 लाख तक की पेनल्टी लगाने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी आरएमसी (रेडी मिक्स कांक्रीट प्लांट्स) का निरीक्षण कर रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये। संभागायुक्त आशीष सिंह ने सिंहस्थ मेला कार्यालय में सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा की तथा कहा कि बारिश खत्म होने को है, सड़क निर्माण व चौड़ीकरण के कार्य को तेजी से करने के लिए साइट पर संसाधनों की मोबिलिटी करते हुए सभी कार्य समय पर पूरे किये जाये।

### आंकड़े अपडेटेड नहीं होने पर नाराजगी, सस्पेंड होंगे

संभागायुक्त ने उच्च अधिकारियों की समीक्षा के लिए तैयार किये जाने वाले प्रेजेंटेशन में आंकड़े अपडेटेड नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी वास्तविक व अपडेटेड होना चाहिये। गलत जानकारी प्रस्तुति किये जाने पर संबंधित इंजीनियर को निलंबित कर दिया जायेगा। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि हरसिद्धि पाल से लेकर रामघाट तक के सड़क निर्माण के लिए मार्किंग कर दी गई है, कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। इसी तरह महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक सेंट्रल लाइन की मार्किंग हो गई है। महाकाल सवारी के कारण काम रुका हुआ था, अब काम शुरू हो जाएगा। गुदरी पानदरीबा सड़क में भी सेंट्रल मार्किंग हो गई है। घाट अपग्रेडेशन का काम शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह से जयसिंहपुरा चौराहे का सौंदर्यीकरण, भगत सिंह मार्ग से नरसिंह घाट, कार्तिक चौक से दानी गेट तक के रोड का चौड़ीकरण कार्य के लिए भी मार्किंग हो चुकी है। संभागायुक्त द्वारा नीलगंगा से महाकाल तथा जयसिंहपुरा अंडरपास एवं नूतन स्कूल तक के मार्ग निर्माण में जो भी समस्या आ रही है, उसे एक सप्ताह में दूर करने के लिए कहा गया है। सभी निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कार्य की शुरूआत से ही स्पीड को मेंटेन करना चाहिए। अनावश्यक 15 दिन तक तैयारी में समय जाया नहीं करना चाहिए।

# संत कमल किशोर नागर को धमकी के विरोध में देवास में दिया ज्ञापन

## नागर समाज, गौभक्त मंडलों और मंडी व्यापारी संघ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मालवामाटी के संत, नागर ब्राह्मण समाज के गौरव एवं गौसेवा के लिए समर्पित पूज्य संत कमल किशोर नागर को कथा के दौरान मिले धमकी भरे पत्र के विरोध में गुरुवार को देवास में नागर समाज, गौभक्त मंडलों एवं मंडी व्यापारी संघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राज्य के गृहमंत्री के नाम सौंपते हुए मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

ज्ञापन नागर ब्राह्मण समाज देवास के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पौराणिक एवं नागर महिला मंडल अध्यक्ष प्रेमलता नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजनों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सौंपा। इस दौरान नागर समाज देवास के सदस्य, गौभक्त मंडल भटूनी, गौभक्त मंडल राजोदा तथा मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

ज्ञापन में मांग की गई कि पूज्य गुरुदेव कमल किशोर नागर को प्राप्त धमकी भरे पत्र की गंभीरता से जांच कर धमकी देने वाले व्यक्तियों की शीघ्र पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पूज्य गुरुदेव की पर्याप्त एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।



### दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए

ज्ञापन का वाचन नागर समाज देवास की महिला मंडल अध्यक्ष प्रेमलता नागर ने किया। उपस्थित समाजजनों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए और पूज्य गुरुदेव की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान नागर समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं, गौभक्त एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान अंश को टैक्स फ्री करने की पीपीए की मांग

उज्जैन। सनातन धर्म को प्रचारित, प्रसारित और पोषित करने वाली धार्मिक फिल्म हनुमान अंश को टैक्स फ्री करने की मांग प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अशोक दुबे, संभागीय अध्यक्ष कोमल भूतड़ा, सचिव चंद्रशेखर जोशी, सोहन पंड्या, बी. एल. नामदेव, व प्रदेश प्रवक्ता आचार्य राघव कीर्ति ने कहा कि टैक्स फ्री होने के बाद आम जन भी इस फिल्म को देख सकेगा। जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने दी।


### इंदौर में राजसी वैभव के साथ निकली पालकी

**इंदौर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 231वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को इंदौर की सड़कों पर श्रद्धा, संस्कृति और शौर्य का भव्य रंग दिखाई दिया। गांधी हॉल से निकली पालकी यात्रा में शंखनाद गूंजा तो अखाड़ों के करतबों ने उत्साह बढ़ाया, गटका और शस्त्र प्रदर्शन ने शौर्य का परिचय दिया और लोकनृत्य-भजनों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया।राजसी वेशभूषा में घोड़ों पर सवार 13 होलकर राजाओं के प्रतिरूप और बग्गी में सवार अहिल्याबाई की प्रतिरूप बालिका ने होलकरकालीन वैभव को जीवंत कर दिया। 111 वर्षों से पुण्यतिथि समारोह आयोजित कर रही देवी अहिल्या उत्सव समिति की पालकी यात्रा में 30 से अधिक समाजों की सहभागिता रही। मार्ग में 29 मंचों से हुए स्वागत और अलग-अलग समाजों की प्रस्तुतियों ने गांधी हाल से गोपाल मंदिर तक के पूरे मार्ग को लोकमाता की स्मृति के उत्सव में बदल दिया।

### महिला को टीवी सीरियल में काम दिलाने के नाम पर ठगा

**इंदौर।** जागरूकता अभियानों के बावजूद साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब ठगों ने टीवी सीरियल और फिल्मों में काम दिलाने के नाम पर युवाओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। एक महिला से आरोपियों ने करीब 50 हजार रुपये ठग लिए। क्राइम ब्रांच के मुताबिक महिला ने फेसबुक पर एक्टिंग से जुड़ा एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में टीवी सीरियल और फिल्मों में काम दिलाने का दावा किया गया था। महिला ने विज्ञापन में दिए संपर्क के जरिए आरोपियों से बातचीत शुरू की। इसके बाद आरोपियों ने उसे एक्टिंग में काम दिलाने के नाम पर अलग-अलग प्रक्रियाओं और खर्चों का हवाला देते हुए रकम जमा करने के लिए कहा। महिला आरोपियों के झांसे में आ गई और कई बार में उनके बताए बैंक खातों में करीब 50 हजार रुपये जमा कर दिए। रकम जमा करने के बाद भी जब उसे न तो काम मिला और न ही आरोपियों से संपर्क हो सका, तब उसे ठगी का अहसास हुआ।

### इस बार 12 दिनों का रहेगा गणेशोत्सव



**उज्जैन।** इस बार गणेशोत्सव 10 की बजाय 12 दिन तक मनाया जाएगा। 14 सितम्बर को गणेशजी की स्थापना शहरभर में धूमधाम से होगी, जिसकी तैयारी जोर-शोर से जारी है। मिट्टी की छोटी प्रतिमाओं से लेकर बड़े आकार की प्रतिमाओं का भी साज-शृंगार किया जा रहा है, वहीं गणेश विसर्जन यानी अनंत चतुर्दशी 25 सितम्बर को है। यानी स्थापना और विसर्जन के दिनों को मिलाकर कुल 12 दिनों तक यह उत्सव चलेगा। तिथियों की घट-बढ़ के बाद कई वर्षों बाद इस तरह का संयोग आया है। शहर के चिंतामण, बड़े गणेश और अन्य मंदिर में भी उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से जारी है, वहीं शहरभर में छोटे-बड़े कई पंडाल बनेंगे, जहां विविध धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन होंगे। उज्जैन में 100 साल से भी अधिक पुरानी झांकियों को निकालने की भी परम्परा रही है, जिसके चलते वर्षों पूर्व बंद हो चुकी मिलों की झांकियाँ भी बंद हो चुकी हैं। नगर निगम और प्राधिकरण, कृषि उपज मंडी, दुग्ध संघ सहित कुछ संगठन झांकी निर्माण करते हैं। अनंत चतुर्दशी की रात शहर में झांकियों का कारवां गुजरता है, जिसको लेकर नगर निगम ने भी गड्ढे भरने, खतरनाक मकानों को हटाने और उन पर नोटिस बोर्ड लगाने के साथ-साथ अब सफाई-बिजली व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है, तो पुलिस प्रशासन भी इस साल के सबसे बड़े जलसे की तैयारियों में जुट गया है।

## नैनो न्यूज

- **देवास:** औद्योगिक निवेश से रोजगार बढ़ने की उम्मीद देवास क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने से स्थानीय कारोबार, परिवहन और रोजगार के अवसरों में विस्तार की संभावना बनी है।
- **आगर-मालवा:** आलू प्रोसेसिंग प्लांट से किसानों को लाभ आगर-मालवा में प्रस्तावित बड़े आलू प्रोसेसिंग निवेश से किसानों को कॉन्ट्रैक्ट खेती, भंडारण और प्रसंस्करण बाजार का लाभ मिल सकता है।
- **शाजापुर:** प्रोसेसिंग उद्योग से मंडी कारोबार बदलेगा शाजापुर में आलू आधारित उद्योगों की संभावित गतिविधियों से बीज, कोल्ड स्टोरेज, पैकेजिंग और परिवहन क्षेत्र में नए अवसर बनेंगे।
- **सुसनेर:** कृषि उपज आधारित कारोबार पर नजर सुसनेर क्षेत्र में किसानों और व्यापारियों की नजर आलू सहित कृषि उपज के बेहतर दाम, भंडारण सुविधाओं और नए खरीदारों पर बनी हुई है।
- **रतलाम:** कृषि आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होने की उम्मीद रतलाम क्षेत्र के किसानों, कोल्ड स्टोरेज संचालकों और परिवहन कारोबारियों को मालवा में बढ़ते खाद्य प्रसंस्करण निवेश से लाभ मिलने की संभावना है।
- **मंदसौर:** आलू भंडारण और पैकेजिंग कारोबार बढ़ेगा मंदसौर में खाद्य प्रसंस्करण की संभावित मांग से कोल्ड स्टोरेज, पैकेजिंग, परिवहन और कृषि आधारित छोटे उद्योगों को गति मिल सकती है।

लोक निर्माण विभाग ने रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार किया, पार्किंग और लैंडस्केपिंग से बदलेगा परिसर का स्वरूप

# सिद्धपीठ मां गढ़कालिका का मंदिर अब 18.63 करोड़ में संवरेगा

## तैयारी: 2215 वर्गमीटर का क्राउड कंट्रोल हॉल, भव्य प्रवेश द्वार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

महाकवि कालिदास की आराध्य सिद्धपीठ माता गढ़कालिका मंदिर के कायाकल्प की योजना को बड़ा विस्तार दिया गया है। करीब 13.14 करोड़ रुपये का पुराना टेंडर अब निरस्त कर दिया गया है। 4 जून को बिड प्रक्रिया पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने 18 करोड़ 63 लाख रुपये का रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार किया है।

यानी पुराने प्लान की तुलना में करीब 5.50 करोड़ रुपये ज्यादा खर्च होंगे। सबसे बड़ा बदलाव भीड़ प्रबंधन को लेकर किया गया है। मंदिर परिसर में 2,215 वर्गमीटर का क्राउड कंट्रोल हॉल बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब 3.58 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अभी परिसर में श्रद्धालुओं के आवागमन और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्थित स्थान नहीं है। सिंहस्थ में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस हॉल को योजना का प्रमुख हिस्सा बनाया गया है।



नई योजना केवल मंदिर भवन के जीर्णोद्धार तक सीमित नहीं है। 4515 वर्गमीटर में पार्किंग विकसित की जाएगी, जिस पर 1.56 करोड़ रुपये खर्च होंगे। परिसर में पेवर ब्लॉक, स्टॉर्म वाटर ड्रेन और फायर फाइटिंग सिस्टम भी होगा। मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्य मार्ग पर दो बड़े प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इन पर 61.84 लाख रुपये खर्च होंगे। परिसर के भीतर तीन विशेष प्रवेश द्वार, कैनोपी प्रवेश द्वार, दो फव्वारे और लैंडस्केपिंग भी प्रस्तावित है। दुकानों, आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, यज्ञशाला प्रवेश शेड, शू-रैक और प्रसाद वितरण केंद्र जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।



### 14.90 करोड़ की मूल लागत, जीएसटी और सुपरविजन से 18.63 करोड़

रिवाइज्ड प्राक्कलन में सिविल कार्य की लागत 13.51 करोड़ रुपये और इलेक्ट्रिकल कार्य की 1.38 करोड़ रुपये है। दोनों मिलाकर मूल निर्माण लागत करीब 14.90 करोड़ रुपये है। इसके ऊपर 6 प्रतिशत सुपरविजन चार्ज के रूप में 89.40 लाख रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी के रूप में करीब 2.84 करोड़ रुपये जोड़े गए हैं। इस तरह कुल स्वीकृत लागत 18.63 करोड़ रुपये पहुंचती है। निर्माण में एमपीपीडब्ल्यूडी के एसओआर-2024 मानकों का पालन किया जाएगा। मंदिर की ऐतिहासिकता और धार्मिक स्वरूप को बनाए रखते हुए आधुनिक श्रद्धालु सुविधाएं विकसित करने पर जोर है।

### कालिदास की आराध्य, तंत्र साधना की सिद्धपीठ

गढ़कालिका मंदिर उज्जैन की प्राचीन सिद्धपीठों में प्रमुख माना जाता है। मान्यता है कि महाकवि कालिदास ने माता गढ़कालिका की आराधना की थी और देवी कृपा से उन्हें विद्या एवं काव्य प्रतिभा प्राप्त हुई। मंदिर तंत्र-साधना की परंपरा से भी जुड़ा है। सिंहस्थ में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए परिसर का विस्तार और भीड़ प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

लापरवाही: आधी-अधूरी इमारत के कमरों में ही मशीनों के बक्सों को रख दिया

# 43 करोड़ के लीनियर एक्सेलेरेटर पर टपक रहा पानी

## ऐसे में मशीनों के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है, मशीन को रखा जाना है, उसका प्लेटफार्म भी तैयार नहीं हुआ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शासकीय कैंसर अस्पताल में लंबे इंतजार के बाद आधुनिक लीनियर एक्सेलेरेटर और रेडियोथेरेपी डेडिकेटेड सीटी मशीन तो आ गई, लेकिन मरीज इसका उपयोग कब करेंगे, यह अभी तक तय नहीं है। 43 करोड़ की ये मशीन जिस रेडियोथेरेपी डिपार्टमेंट में इंस्टाल की जानी है, वहां अब तक सिविल वर्क ही पूरा नहीं हुआ है। आधी-अधूरी इमारत के कमरों में ही मशीनों के बक्सों को रख दिया गया है। हाल ही में हुई बारिश के कारण मशीन के ये बक्से भी भीग गए हैं। ऐसे में मशीनों के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। नई इमारत के भूतल पर जिस जगह मशीन इंस्टाल होना है, वहां का काम रुका हुआ है। जहां मशीन को रखा जाना है, उसका प्लेटफार्म भी तैयार नहीं हुआ है। ऐसे में मशीन का इंस्टालेशन होने में ज्यादा समय लगेगा। इस तरह मशीन आने के बाद भी उसका उपयोग मरीजों के लिए कब तक शुरू होगा, यह अभी तय नहीं है।

### रेडियोथेरेपी डिपार्टमेंट के टीपीएस रूम में पानी

बिल्डिंग निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी की पीआईयू यूनिट द्वारा किया जा रहा है। रेडियोथेरेपी डिपार्टमेंट ग्राउंड फ्लोर पर बनाया जाना है, लेकिन वहां का सिविल वर्क ही पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में बारिश के चलते टीपीएस रूम में पानी आ गया है। यहीं पर मशीन संचालन से जुड़े कंप्यूटर लगने हैं।

इतना ही नहीं, जहां लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन लगना है, उस बंकर में भी सिविल वर्क अधूरा है और दीवारों और छत का प्लास्टर न होने से छत से पानी टपकने लगा है। मशीन इंस्टाल कर रही वेरियन मेडिकल सिस्टम्स के कर्मचारियों का कार्य भी सिविल वर्क पूरा न होने से प्रभावित हो रहा है।



### लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन के बाक्स भी भीगे

बड़ी जद्दोजहद के बाद अस्पताल को लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन मिल तो गई है, लेकिन अब इसे संभालना ही भारी नजर आ रहा है। जिस जगह पर मशीन के बाक्स रखे हुए हैं, वहां भी छत से पानी चू रहा है, लेकिन जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। पहले उम्मीद की जा रही थी कि कैंसर मरीजों को मशीन की सुविधा का लाभ साल के अंत तक मिल जाएगा, लेकिन अब मार्च 2027 तक ही आम लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

### फंड की कमी से काम की रफ्तार हुई धीमी

लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन के इंस्टालेशन के लिए जारी कार्य की रफ्तार फंड की वजह से भी धीमी हो गई है। निर्माण कार्य कर रही पीआइयू को विभाग से मिलने वाले 17 करोड़ के बकाया का इंतजार है। लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन संचालन के लिए ट्रांसफार्मर भी लगना है, जिसके लिए एमपीईबी को 36 लाख रुपये देना है, लेकिन पीआईयू द्वारा फंड न होने से ये काम भी अब तक अटका हुआ है।

## युवाओं में बढ़ रहे साइलेंट अटैक के मामले, नहीं दिखते पहले से कोई लक्षण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मानसून अब समाप्त होने वाला है। जल्द ही सर्दी शुरू होगी और मौसम बदलने के साथ कई बीमारियां दस्तक देना शुरू कर देती हैं। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए विशेष सावधानी रखना जरूरी है। उज्जैन में हाल ही के वर्षों में कम उम्र के युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक में साइलेंट हार्ट अटैक से मौत के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें कुछ प्रमुख घटनाएँ निम्नलिखित हैं। महाकाल मंदिर के पुरोहित समिति के अध्यक्ष 63 वर्षीय अशोक शर्मा को महाकाल मंदिर जाते समय साइलेंट अटैक आया था। वे रास्ते में एक दुकान के बाहर बैठे और गश खाकर गिर पड़े, जिसके बाद अस्पताल ले जाने पर उनकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार उज्जैन के युवा कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अमित शर्मा का 39 वर्ष की उम्र में साइलेंट हार्ट अटैक से निधन हो गया था। घर पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, वहीं महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान गेट नंबर 1 पर अचानक एक श्रद्धालु सौरभराज सोनी को दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह सभी मामले साइलेंट अटैक से जुड़े हुए हैं। अचानक दिल का दौरा आने से युवा वर्ग भी मौत का शिकार बन रहा है।

रीगल से गांधी हॉल के बीच बनेंगे तीन-तीन लेन के दो रेलवे ओवरब्रिज

# इंदौर के शास्त्री ब्रिज के समानांतर पहले बनेगा नया ब्रिज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रीगल से गांधी हॉल के बीच मौजूदा शास्त्री बिज के स्थान पर तीन-तीन लेन के दो अलग-अलग रेलवे ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। पूर्व में जहां शास्त्री ब्रिज को हटाकर उसके स्थान पर एक ही ब्रिज बनाकर उस पर से वाहनों की आने-जाने की व्यवस्था करने की बात कही जा रही थी। अब रेलवे द्वारा मौजूदा शास्त्री ब्रिज के समानांतर ही दूसरा ब्रिज बनाने की योजना बनाई जा रही है।

यह ब्रिज शास्त्री ब्रिज के समानांतर बनेगा। रीगल की ओर जज बंगलों के पास से होकर यह गांधी हॉल परिसर में उतरेगा। इन दोनों ब्रिजों के निर्माण का जिम्मा इंदौर विकास प्राधिकरण को दिया जाएगा। फिलहाल रेलवे के अफसरों द्वारा आईडीए को इसके लिए प्रस्ताव दिया गया है। गुरुवार को इस संबंध में सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में आईडीए व रेलवे के अफसरों की बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि सिंहस्थ तक मौजूदा शास्त्री ब्रिज के समानांतर रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। इसके बनने के बाद शास्त्री ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाया जाएगा। दोनों ब्रिज की ऊंचाई मौजूदा शास्त्री ब्रिज से अधिक रहेगी।

रेलवे द्वारा अभी तक शास्त्री ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाने पर 120 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना थी। अब शास्त्री ब्रिज के सामानांतर नया ब्रिज बनाने पर 50 से 55 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस तरह दोनों ब्रिज का निर्माण 175 करोड़ में हो सकेगा।

### तीन-तीन लेन के होंगे दोनो ब्रिज

नई योजना के तहत शास्त्री ब्रिज के स्थान पर बनाए जाने वाला ब्रिज तीन लेन का होगा और उसके समानांतर बनने वाला ब्रिज भी तीन लेन का होगा। पूर्व में बनने वाले ब्रिज पर जगह कम होने के कारण पैदल चलने वालों के लिए अलग से फुटओवर ब्रिज बनाने की योजना थी। अब वो फुटओवर ब्रिज नहीं बनेगा और दोनों ब्रिज पर फुटपाथ का निर्माण किया जा सकेगा। शास्त्री ब्रिज के स्थान पर बनने वाले ब्रिज की चौड़ाई 10.3 मीटर होगी। वही इसके समानांतर बनने वाले ब्रिज की चौड़ाई 9 से 9.30 मीटर होगी। जब दोनों ब्रिज तैयार हो जाएंगे तो आने व जाने के लिए अलग-अलग ब्रिज का उपयोग होगा।

**दो से तीन माह में रेलवे बोर्ड से मिलेगी स्वीकृति-** पूर्व में रेलवे ही शास्त्री ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाने वाला था। इसके लिए बजट तय होने के साथ रेलवे बोर्ड से मंजूरी भी मिल गई थी। अब दूसरा समानांतर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया और निर्माण का जिम्मा भी आईडीए को दिया जा रहा है। दोनों ब्रिज में रेलवे वाले हिस्से के कार्य का सुपरविजन रेलवे विभाग द्वारा किया जाएगा।

**आईडीए दोनों ब्रिज का निर्माण करेगा-** रेलवे दोनो ब्रिज के निर्माण की राशि आईडीए को देगा और आईडीए दोनों ब्रिज का निर्माण करेगा। ऐसे में नया ब्रिज बनाने के लिए अभी रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलने में दो से तीन माह का समय लगेगा।

## अब इंदौर में बैठकर ही अन्य जिलों की कर सकेंगे रजिस्ट्री

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश में संपत्ति रजिस्ट्री की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। शासन ने पंजीयन अधिकारियों की क्षेत्रीय सीमा समाप्त कर दी है। इसके बाद अब प्रदेश के किसी भी जिले में स्थित अचल संपत्ति की रजिस्ट्री दूसरे जिले के उप पंजीयक कार्यालय से कराई जा सकेगी।

नई व्यवस्था 17 सितंबर से प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू होगी।यानी इंदौर में रहने वाले किसी व्यक्ति को यदि मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, नीमच या प्रदेश के किसी अन्य जिले में संपत्ति खरीदनी है, तो रजिस्ट्री के लिए संबंधित शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इंदौर के ही उप पंजीयक कार्यालय में जाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर सकेगा। नई व्यवस्था के तहत सम्पदा-2.0 पोर्टल पर स्लॉट बुक कर दूसरे जिले की संपत्ति की रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। स्लॉट बुक होने के बाद संबंधित उप पंजीयक को दस्तावेजों की जांच और संपत्ति से जुड़ी जानकारी की पड़ताल के लिए छह दिन का समय मिलेगा। सब कुछ सही पाए जाने पर सातवें दिन रजिस्ट्री पूरी की जा सकेगी। इंदौर के वरिष्ठ पंजीयक अमरेश नायडू ने व्यवस्था की पुष्टि करते हुए बताया कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के अधिकारियों की क्षेत्रीय अधिकारिता अब प्रदेश के सभी उप जिलों तक बढ़ा दी गई है। इसके लिए शासन की ओर से गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है।


कंठाल चौराहा से गोपाल मंदिर तक 15 मीटर मार्ग चौड़ा करने को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच से याचिकाएं खारिज होने के बाद

# उज्जैन में शाही मस्जिद का बाधक हिस्सा हटाए जाने की तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कंठाल चौराहा से गोपाल मंदिर तक 15 मीटर मार्ग चौड़ा करने को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच से याचिकाएं खारिज होने के बाद नगर निगम- प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। न्यायालय से सड़क निर्माण का कानूनी रास्ता साफ होते ही निगम ने छत्री चौक स्थित शाही मस्जिद के बाधक हिस्से को हटाने की प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी हैं।

निगम अधिकारियों के अनुसार, मस्जिद कमेटी एवं प्रबंधकों को वैधानिक प्रक्रिया के तहत पूर्व में ही तीन चरणबद्ध नोटिस थमाए जा चुके हैं। एक सितंबर 2026 को जारी अंतिम आदेश की तय मियाद पूरी हो चुकी है। अब निगम प्रशासन ने मस्जिद प्रबंधकों को स्वतः बाधक निर्माण हटाने के लिए अंतिम अवसर दिया है। यदि तय समय में चिह्नित हिस्सा नहीं हटाया जाता है, तो निगम का अमला पुलिस और प्रशासनिक बल के सहयोग से उसे विधि अनुसार हटाने की कार्रवाई करेगा।



### मास्टर प्लान की जद में आने वाला हिस्सा ही हटेगा

नगर निगम के लीगल और रिमूवल अमले ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई केवल उसी हिस्से पर केंद्रित होगी, जो मास्टर प्लान 2035 के तहत तय 15 मीटर रोड लाइन में बाधा उत्पन्न कर रहा है। स्पष्ट किया गया है कि मस्जिद का मुख्य ढांचा सुरक्षित रहेगा, केवल सड़क सीमा में आ रहा लगभग 10 प्रतिशत से भी कम बाधक हिस्सा हटाया जाएगा। संपत्ति क्षति के एवज में निगम की टीडीआर (ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स) या एफएआर नीति के तहत क्षतिपूर्ति/मुआवजा लेने का विकल्प वक्फ कमेटी के पास उपलब्ध रहेगा।

### प्रशासनिक दृष्टिकोण : सिंहस्थ 2028 और राजसी सवारी की सुरक्षा सर्वोपरि

यह मार्ग गोपाल मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर और शिप्रा तट को जोड़ने वाला अत्यंत संवेदनशील महाकाल की राजसी सवारी और पेशवाई का मुख्य मार्ग है। वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ और त्योहारों के दौरान यहाँ रोजाना लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही होती है। संकरे मार्ग के कारण बनने वाली भगदड़ और यातायात जाम की स्थिति को स्थायी रूप से खत्म करने के लिए इस मार्ग का 15 मीटर चौड़ा होना बेहद अनिवार्य है।

### वैधानिक प्रक्रिया का पालन

नगर निगम ने धारा 305 के तहत नियमानुसार 3 चरणबद्ध नोटिस देकर प्राकृतिक न्याय का पूरा पालन किया है।

**न्यूनतम क्षति व मुआवजा** : निर्माण का 10 प्रतिशत से कम हिस्सा प्रभावित हो रहा है, जिसके बदले टीडीआर/एफएआर नीति के तहत मुआवजे का प्रावधान है।

### प्रमुख पड़ाव

- **चरणबद्ध वैधानिक नोटिस** : निगम ने मप्र नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 305 के तहत 14 अगस्त, 25 अगस्त और 27 अगस्त को नोटिस दिए थे।
- **1 सितंबर को अंतिम आदेश** : आपत्तियों के निस्तारण के बाद 1 सितंबर 2026 को अंतिम आदेश तामील कराया गया, जिसकी समय-सीमा अब पूरी हो चुकी है।
- **हाईकोर्ट का रुख** : जस्टिस संदीप एन. भट्ट की पीठ ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के आगे निजी या धार्मिक दावे सीमित हैं।
- **निष्पक्ष कार्रवाई का रिकॉर्ड** : शहर में चौड़ीकरण के तहत 80 धार्मिक ढांचों पर निष्पक्ष कार्रवाई हुई है।
- **अब अगली कार्रवाई** : नोटिस की मियाद पूरी होने के बाद अब निगम प्रशासन पुलिस बल के साथ चिन्हित हिस्से को हटाने का काम शुरू करेगा।
- **जनहित सर्वोपरि** : करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सिंहस्थ 2028 के सुगम यातायात प्रबंधन के आगे व्यक्तिगत या संस्थागत दावे सीमित हैं।
- **अनुच्छेद 25 का दायरा** : धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार किसी विशेष स्थान या भूमि के अधिग्रहण को रोकने का आधार नहीं बनता।
- **निष्पक्ष कार्रवाई** : शहर में 80 से अधिक और इसी मार्ग पर 10 मंदिरों समेत 11 धार्मिक ढांचों पर निष्पक्ष कार्रवाई हुई है, अतः कोई भेदभाव नहीं हुआ।

## न्यूज कालम



## पूरा सावन बीता, नदियों-तालाबों में नहीं आया पर्याप्त पानी

**टांडा(धार)।** वषार्काल के दो माह बीतने के बाद भी टांडा क्षेत्र की नदियों और तालाबों में पर्याप्त पानी नहीं आया है। पूरा सावन माह भी बीत चुका है, लेकिन इस बार क्षेत्र में अब तक अच्छी और लगातार बारिश नहीं होने से जलस्त्रोत खाली नजर आ रहे हैं। बीच-बीच में हुई रिमझिम बारिश से फसलों को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन नदियों में अब तक इतना पानी नहीं आया कि वे उफान पर आ सकें। सावन के बाद क्षेत्र की कई नदियां और नाले उफान पर आ जाते हैं तथा तालाब भी लबालब भरने लगते हैं। इस बार आधा भादव बिट चुका है और स्थिति इसके उलट है। अल्प वर्षा के कारण नदियों में केवल बहाव भर का पानी ही दिखाई दे रहा है। वहीं तालाबों में भी पर्याप्त जलभराव नहीं हो पाया है। पिछले करीब 15 दिनों से बारिश की खेंच ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कल हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई। वही वर्तमान में अधिकांश किसानों की फसलें अच्छी स्थिति में बताई जा रही हैं, लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से फसलों पर संकट मंडराने लगा है। खेतों में नमी कम होने के कारण फसलें मुरझाने लगती हैं। बीच में थोड़ी बारिश होने पर किसानों को राहत मिलती है, लेकिन बारिश की अनिश्चितता के चलते उनकी चिंता पूरी तरह दूर नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो इसका सीधा असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ सकता है। क्षेत्र में इस समय सोयाबीन, मक्का ,कपास सहित अन्य खरीफ फसलें खेतों में खड़ी हैं और इन्हें समय पर बारिश की जरूरत है।

## लाड़वी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन जनजाति बस्ती के परिवारों को मिलेगी सुविधा



**मंडलेश्वर।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लाड़वी के दशहरा मैदान स्थित अनुसूचित जनजाति बस्ती के परिवारजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने विधिवत भूमिपूजन किया । इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने विकास कार्य को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की।भूमिपूजन कार्यक्रम में महेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, उपाध्यक्ष महादेव पाटीदार, ग्राम पंचायत लाडवी सरपंच रतन सिंह रंधावा, दिनेश यादव, गबरू यादव, संजय यादव सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से अनुसूचित जनजाति बस्ती के परिवारों को विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीणों को कार्यक्रम आयोजित करने में सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र में सामुदायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।भाजपा की डबल इंजन सरकार जनजाति भाई-बहनों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संकल्पित है। गांव-गांव में सड़क, पानी, बिजली, आवास सहित मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही सामुदायिक विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है।सामुदायिक भवन के भूमिपूजन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने विकास कार्य के लिए भाजपा विधायक राजकुमार मेव प्रति आभार व्यक्त किया।

## धर्म वही, जो आत्मा को दुर्गति से बचाकर सद्गति की ओर ले जाए

**सनावद।** श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण पर्व के चौथे दिन धर्मसभा में धर्म के वास्तविक स्वरूप और वस्तु के स्वभाव पर विस्तार से चिंतन हुआ। स्वाध्यायी सुरेंद्र तांतेड़ ने कहा कि च्दया धर्म का मूल है, जहां दया नहीं, वहां धर्म नहीं।ज्ज उन्होंने समझाया कि जो मार्ग आत्मा को दुर्गति से बचाकर सद्गति की ओर ले जाए, वही धर्म है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वस्तु का अपना स्वभाव होता है और वही उसका धर्म है। अग्नि की पहचान उसकी उष्णता से और जल की शीतलता से होती है। इसे समझाने के लिए उन्होंने खेत का उदाहरण देते हुए बताया कि एक ही भूमि, समान वर्षा, सूर्यप्रकाश और जलवायु मिलने के बावजूद करेला कड़वा, आम मीठा और आंवला खट्टा होता है। इसका कारण उनके बीजों का अलग-अलग स्वभाव है। वस्तु अपने स्वभाव के अनुरूप ही विकसित होती है। धर्मसभा में स्वाध्यायी सुरेंद्र पितलिया ने अंतकृत दशांग सूत्र (अंतगड़ सूत्र) के पर्युषण पर्व के चौथे दिन के भाग का वाचन किया। इसमें उन 90 भव्य आत्माओं का वर्णन है, जिन्होंने तप, संयम और संथारा के माध्यम से अपने कर्मों तथा संसार में बार-बार होने वाले भ्रमण का अंत कर उसी भव में मोक्ष प्राप्त किया। इन प्रसंगों को आठ वर्गों में विभाजित कर विस्तार से बताया गया। मीडिया प्रभारी भूपेंद्र लाठिया ने बताया कि स्वाध्यायी सुरेंद्र पितलिया द्वारा किए जा रहे तेले (तीन उपवास) सहित अन्य तपस्वियों की तपस्या की श्रीसंघ ने अनुमोदना की।

## मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के तहत गठित समिति की हुई बैठक

**बड़वानी** ।कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17 क (1) के अंतर्गत गठित समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बड़वानी विधायक श्री राजन मंडलोई, गणमान्यजन श्री महेंद्र कुलकर्णी, ग्राम पंचायत बड़गांव एवं बड़वानी खुर्द के सरपंच एवं मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिकारी, बड़वानी सीएमओ श्रीमती सोनाली शर्मा भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि नगर तथा ग्राम निवेश विकास समिति शहरों के विकास से संबंधित योजना बनाती है। आयोजित बैठक में विकास कार्य के संबंध में जो भी आपत्तियां शहर वासियों के द्वारा दर्ज हुई है, उन सभी आपत्तियों की सुनवाई समिति के समक्ष की गई। सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता ने स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति के बारे में बताया।

## लोक सेवक के रूप में मोदी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बूथ स्तर पर होंगे कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा।

17 सितंबर की शाम को प्रत्येक बूथ पर परिवारों एवं लाभार्थियों के घर दीप प्रज्वलन हो। जनसेवा के 25 वर्षों के प्रति आभार और विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया जाए।

सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सेवा कार्यों और विकसित भारत विषय पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिताएं हों। चयनित चित्रों की प्रदर्शनी लगाकर बच्चों व अभिभावकों की सहभागिता हो।

?केंद्रीय स्तर से प्राप्त पटकथा एवं सामग्री पर आधारित 25-30 मिनट की नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति हो। स्थानीय नाट्य टोलियों के माध्यम से जनसेवा की गाथा गाँवों व सार्वजनिक स्थलों तक पहुँचे।

25 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच आंगनवाड़ी केंद्रों पर मातृ-संवाद एवं पोषण योजनाओं की जानकारी दी जाए। आंगनवाड़ी व आशा कार्यकताओं तथा सहायिकाओं का सम्मान हो। हर शक्ति केंद्र से योजनाओं के लाभार्थियों की कम-से-कम १० वास्तविक कहानियाँ वीडियो रील में संकलित हों। इन्फ्लुएंसर्स एवं डिजिटल रचनाकारों को चयनित परिवर्तनकारी परियोजनाओं का भ्रमण कराया जाए। गाँव एवं जिला स्तर पर अलग-अलग दिशाओं से पदयात्रा व बाइक समूह निर्धारित स्थान पर एकत्र हों नगर मण्डल की बैठक मे जिला महांमत्री महेश सोनी एवं प्रदेश भाजपा द्वारा निर्देश की समस्त जानकारी नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते मंडल स्तरीय कार्यक्रमो के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। प्रमोद रावल अनिल धारीवाल घनश्याम सोलंकी अजय सिंह भाटी अजय सकलेचा वीरेंद्र सिंह चौहान मनोहर पांचाल रजत सोनी संदीप राजा आदि को मनोनीत किया गया।

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत ग्राम पंचायत नरवाली में शिविर आयोजित किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत बाग के ग्राम पंचायत नरवाली में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान जनवरी 2027 के शुरूआत तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य च्संवाद से समाधान, विश्वास से विकासज्ज की भावना के साथ ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करना है। शिविर में जनपद पंचायत बाग के सीईओ विष्णु कुमार गुप्ता, ,बीईओ देवीसिंह बघेल, बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर एवं नरवाली सरपंच फूंदाबाई ठाकुरसिंह डावर, सचिव ठाकुरसिंह अनारे , सहायक सचिव डोंगरसिंह अलावा, जनप्रतिनिधि सुनील डावर सहित संबंधित अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी दी गई। जनपद सीईओ विष्णु गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नरवाली में आयोजित शिविर में कुल 12 पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं एवं आवेदन लेकर पहुंचे। शिविर में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग,स्वास्थ्य विभाग,आयुष विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इसमे कुल 61 आवेदन आए। जिनमे 42 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। शेष 19 आवेदन के लिए आश्वाशन दिया गया।

सीईओ गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों द्वारा नरवाली उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। जहाँ जल्द ही डॉक्टर की नई पदस्थापना के लिये उच्च अधिकारियों को संज्ञान दिलाया। आंगनवाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चो की उपस्थिति कम पाई गई।

## निंबोला थाना प्रभारी लाइन अटैच, नावरा चौकी प्रभारी को मिला प्रभार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

निंबोला थाने में युवकों से मारपीट के आरोप वाले मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। कार्रवाई के साथ ही निंबोला थाने की कमान भी बदल दी गई है। एसपी आशुतोष बागरी ने बताया कि निंबोला टीआई राहुल कांबले और प्रधान आरक्षक मातादीन कुशवाह को लाइन अटैच कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

वहीं नावरा चौकी प्रभारी अजय सिंह चौहान को निंबोला थाना प्रभारी का प्रभार सौंपा गया है। पूरे घटनाक्रम में सबसे गंभीर पहलू युवकों का यह आरोप है कि उन्होंने विवाद के बाद मदद के लिए डायल-112 को फोन किया था, लेकिन बाद में उन्हें ही थाने ले जाया गया और वहां मारपीट की गई। हालांकि इन आरोपों का पुलिस की ओर से खंडन भी किया गया था। अब वरिष्ठ अधिकारियों की जांच के बाद टीआई और प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच किए जाने से मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। फिलहाल यह कार्रवाई विभागीय प्रशासनिक कार्रवाई है। युवकों द्वारा लगाए गए आरोपों में आगे कोई आपराधिक या अन्य विभागीय कार्रवाई होती है या नहीं, इस पर नजर रहेगी।

## विश्व हिंदू परिषद की प्राण शक्ति सत्संग में है- महेंद्र वेदक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



विश्व हिंदू परिषद विभाग का "सत्संग वर्ग" एक रिसॉर्ट्स में संपन्न हुआ। सत्संग वर्ग में सर्वप्रथम भारत माता, राम दरबार चित्र पर माल्यार्पण कर वर्ग प्रारंभ किया गया। केंद्रीय सह सत्संग प्रमुख महेंद्र वेदन ने कार्यकर्ताओं को बताया कि विश्व हिंदू परिषद की प्राण शक्ति सत्संग में है। विश्व हिंदू परिषद की कार्य पद्धति का आधार सत्संग है। विश्व हिंदू परिषद का सत्संग सभी आयामों से जुड़ा हुआ है। विश्व हिंदू परिषद का सत्संग देव भक्ति से देश भक्ति के जागरण का कार्य करता है। इसीलिए यह अन्य सत्संग से अलग है।

प्रान्त संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने कार्यकर्ताओं से कहा की 52 सप्ताह चलने वाला सत्संग ऊजार्वान एवं उत्साहवान हो इसके लिए सत्संग वर्ग लगाना अनिवार्य है। एक कार्यकर्ता एक सत्संग, जहां समिति वहां सत्संग, पर जोर देते हुए कुटुंब सत्संग व्यवस्था प्रारंभ करनी होगी।

एक दिवसीय वर्ग में प्रांत सह मंत्री महेश आंजना, प्रांत सह सत्संग प्रमुख सौरभ चतुर्वेदी, प्रांत सेवा प्रमुख आशुतोष शेखावत, विभाग मंत्री पवन बंजारा, विभाग संयोजक राजाराम ओहरी, विभाग सहसंयोजक राधेश्याम अंजना, विभाग सहसंयोजक बंटी शर्मा, विभाग सहसंयोजक राहुल सोनी, विभाग गोरक्षा प्रमुख नटवर राव, विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख रवि निन्दाने, विभाग धर्म प्रसाद प्रमुख डॉक्टर जितेंद्र , जावरा जिला अध्यक्ष नंदराम पाटीदार, रतलाम जिला अध्यक्ष जयंतीलाल पाटीदार जिला मंत्री तूफान सिंह यादव, विश्व हिंदू परिषद के जिला, प्रखंड और खंड के कार्यकर्ता वर्ग में उपस्थित रहे।

## आज शहर में बंद रहेगी विद्युत सप्लाय

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है 12 सितम्बर शनिवार को समय प्रातः 8 बजे से प्रातः 11 बजे तक 11 के.व्ही. एमजी रोड़ फिडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जावेगा। जिस कारण से रणजीत क्लब, कारंजा चौक, मोटी माता चौक, यूनिटी एक्सरे, सीरवी मोहल्ला, पोस्ट मार्डम रूम, साकेत रेसीडेंसी, पाटीनाका, मिर्ची मोहल्ला, डॉ. पहाड़िया काम्प्लेक्स, चंचल चौराहा, पाला बाजार, नाई मोहल्ला, जैन मंदिर, लक्ष्मी टाकिज के क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

## 13 मांगों को लेकर 15 सितंबर को सनावद में जुटेंगे किसान, मंडी में गूंजेगा आक्रोश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

किसानों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ 15 सितंबर को सनावद में किसान आक्रोश रैली एवं आंदोलन करेगा। सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी में होने वाले इस आंदोलन में तहसील क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में जुटकर अपनी मांगों को प्रशासन एवं सरकार तक पहुंचाएंगे।भारतीय किसान संघ ने बताया कि संगठन पिछले 49 वर्षों से किसानों के जनजागरण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रहा है। किसान संघ की प्रमुख मांगों में 1 अक्टूबर से सीसीआई द्वारा कपास खरीदी शुरू करना, कृषि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करना, मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना दोबारा शुरू करना, सिंचाई के लिए दिन में लगातार 12 घंटे बिजली देना और क्षतिग्रस्त नहरों की तत्काल मरम्मत एवं सफाई शामिल हैं। इसके अलावा रासायनिक खाद की वितरण व्यवस्था सरल करना,सोयाबीन और तुअर सहित अन्य फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग की गई है। किसान संघ ने यह भी मांग रखी है कि किसान की सहमति के बिना कृषि भूमि पर बिजली के खंभे एवं तार नहीं लगाए जाएं। खंभा लगाए जाने की स्थिति में प्रति खंभा 10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।

## कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से समझाया संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण का महत्व

**बड़वानी ।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में प्राचार्य श्री कुंदन राठौर के मार्गदर्शन में हिंदी माह उत्सव के अंतर्गत निरंतर नई और प्रेरणादायी साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विद्यालय के प्राथमिक विभाग के कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से हिंदी व्याकरण, भाषा का आधार, विषय पर एक अत्यंत रोचक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस नाट्य मंचन की विशेष बात यह रही कि इसमें कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने अत्यधिक उत्साह के साथ बड़ी संख्या (अधिकतम सहभागिता) में भाग लिया। नन्हे-मुन्नों ने रंगमंचीय विधा के माध्यम से हिंदी व्याकरण के क्लिष्ट नियमों को अत्यंत सरल और सहज बनाकर प्रस्तुत किया। इस रोचक क्रियाकलाप के सूत्रधार भी चौथी के छात्र समर्थ व्यास थे . नाट्य रूपांतरण के दौरान छात्रों ने व्याकरण के प्रमुख अंगों, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, लिंग एवं वचन के पात्र बनकर उनके लक्षण (परिभाषाएं) तथा दैनिक जीवन से जुड़े व्यावहारिक उदाहरण बड़े ही संगीतमय और नाटकीय अंदाज में प्रस्तुत किए। इस अभिनव प्रयास ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों में व्याकरण के प्रति नीरसता को दूर कर कौतुक, संवेदनशीलता एवं नई जागृति का संचार किया।



## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने किया जिला अस्पताल बड़वानी का औचक निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के दौरे पर आए प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने जिला चिकित्सालय बड़वानी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री सर्वप्रथम ओपीडी में गए एवं वहां पर जाकर उन्होंने मरीज से लिए जाने वाले शुल्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की । इस दौरान सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना ने उन्हें बताया कि आयुष्मान एवं बीपीएल मरीजों की निशुल्क पर्ची बनाई जाती है। अन्य मरीजों से 10 रुपए शुल्क लिया जाता है । वहीं भर्ती होने पर आयुष्मान एवं बीपीएल के मरीज निशुल्क भर्ती होते हैं तथा अन्य मरीजों से 50 रुपए शुल्क लिया जाता है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक, डॉक्टर्स चैंबर, आयुष्मान कक्ष एवं वार्डो का भी निरीक्षण किया। बच्चों के वार्ड के निरीक्षण के दौरान सिकल सेल की बीमारी से ग्रसित एक बच्चा भर्ती होना पाया गया। उन्होंने बच्चे की विशेष देखभाल एवं खानपान के संबंध में भी परिजनों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री जब आयुष्मान कक्ष का निरीक्षण कर रहे थे उस दौरान उपस्थित एक मरीज के परिजन से उन्होंने यह जानकारी ली की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उनका उपचार निशुल्क हुआ या किसी प्रकार का कोई शुल्क लगा ।

## महेश्वर में 8 करोड़ की लागत से बनेंगे सौ-सौ सीटर बालक-बालिका छात्रावास

**महेश्वर।** आदिवासी अंचल के बालक एवं बालिकाओं की आवासीय समस्या को ध्यान में रखते हुए महेश्वर में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। शासकीय सांदीपनि विद्यालय महेश्वर में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 100 सीटर बालक छात्रावास एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन का निर्माण किया जाएगा। दोनों छात्रावास भवनों की लागत 4-4 करोड़ रुपये, यानी कुल 8 करोड़ रुपये है।इन छात्रावास भवनों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने बालक एवं बालिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि छात्रावास भवनों के निर्माण से दूरदराज के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में भी सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, महादेव पाटीदार, दयाराम मुवेल, दिनेश यादव, विकासखंड अधिकारी रामलाल चौहान, विकासखंड समन्वयक अधिकारी मनीष डोंगरे, प्राचार्य बिरजू गुप्ता, शासकीय सांदीपनि विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई माताश्री की पुण्यतिथि शहर में 7 दिवसीय महोत्सव के रुप में मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

पुण्य श्लोका देवीश्री अहिल्याबाई माताश्री की 231वीं पुण्यतिथि शहर में 7 दिवसीय महोत्सव के रुप में मनाई गई। महोत्सव के निमित्त गुरुवार को शहर में भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। अहिल्या उत्सव कमेटी ने दोपहर 4 बजे उत्कृष्ट स्कूल परिसर में फूलों से सुसज्जित पालकी में अहिल्याजी की प्रतिमा को विराजित कर पूजन-अर्चन किया।

विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष छाया जोशी, आयोजन समिति अध्यक्ष अनिल कोंकणे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोपानराव पंवार आदि ने पालकी को अपने कांधे पर उठाकर यात्रा की शुरूआत की। अहिल्या मां अमर रहे, राजमाता अहिल्याबाई की जय के जयकारों के निकली यात्रा में बड़ी संख्या में मातोश्री के अनुयायी, आयोजन समिति के सदस्य, एनसीसी कैडेट्स एवं स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि लोकमाता अहिल्यादेवी का संपूर्ण जीवन धर्म, सेवा, न्याय और जनकल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने अपने शासनकाल में मंदिरों, घाटों, कुओं, बावडि?ों एवं धर्मशालाओं का निर्माण करवाकर जनसेवा की ऐसी अमिट मिसाल स्थापित की, जो आज भी समाज को सेवा और परोपकार की प्रेरणा देती है।

समिति अध्यक्ष श्री कोकणे ने बताया पालकी यात्रा का उद्देश्य मातोश्री के कार्यों, उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और उनके जनसरोकार, सामाजिक उत्थान के कार्यो के प्रति आदरांजलि अर्पित करना है। में निकली अहिल्याबाई के रास्तेभर श्रद्धालूओं ने दर्शन कर पूजन-अर्चन के बाद मां अहिल्या से आशीर्वाद लिया।

## फिर लौटे अनंत चतुर्दशी की रात वो झांकी वाले कारवां

**सनावद।** कभी अनंत चतुर्दशी की रात सनावद की सड़कों पर निकलने वाली चलित झांकियां शहर की पहचान हुआ करती थीं। रात बढ़ती जाती थी, लेकिन सड़कों पर लोगों की भीड़ कम नहीं होती थी। धार्मिक और सामाजिक प्रसंगों से सजी झांकियों का कारवां देर रात तक शहर में घूमता था। अब इसी पुरानी याद को फिर से जीवंत करने की मांग उठी है। वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद दुर्गा सुनील माली ने नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर अनंत चतुर्दशी पर नगर पालिका की ओर से भव्य चलित झांकी निकालने की मांग की है। पार्षद ने पत्र में बताया कि सनावद में दस दिवसीय गणेशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूर्व में अनंत चतुर्दशी पर नगर पालिका के साथ अवंति सूत मिल द्वारा भी आकर्षक चलित झांकियां तैयार की जाती थीं। झांकियों का कारवां निकलते ही शहर की सड़कों पर उत्सव का माहौल बन जाता था। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग देर रात तक झांकियां देखने के लिए सड़कों पर मौजूद रहते थे। सिर्फ झांकी नहीं, शहर की सांस्कृतिक पहचान थी। पार्षद ने कहा कि चलित झांकियां महज धार्मिक आयोजन नहीं थीं, बल्कि यह सनावद की सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा थीं। इनके माध्यम से लोगों को धार्मिक एवं सामाजिक संदेश भी मिलते थे और पूरे शहर में सामूहिक उत्साह का वातावरण बनता था।

## मिट्टी के गणेशजी बैठने के लिए प्रेरित कर रहे है स्कूली विधार्थियो को


**खंडवा।** रोटरी क्लब जन सरोकार के लिए हमेशा काम आया है. वर्तमान में मिट्टी के गणेशजी की स्थापना हो इसके लिए रोटरी क्लब लगातार स्कूलों में जाकर विधार्थियो को गणेशजी बनाने का प्रशिक्षण दे रहे है. इस कड़ी में शासकीय माध्यमिक शाला बेड़ियांव में रोटरी क्लब खंडवा के माध्यम से मिट्टी के गणेश निर्माण कार्यशाला सम्पन्न हुई. जिसमें रोटरी क्लब के पर्यावरण चेयर पर्सन मनोज जौहरी द्वारा शाला के बच्चों को गणेशजी की मिट्टी से छोटी मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान बच्चों ने गणेशजी की मूर्ति बनाने में काफी दिलचस्पी दिखाई. रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज वर्मा मामाजी ने बताया कि पीओपी की मूर्ति पानी में घुलनशील नहीं है जिससे जल प्रदूषित होता है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता हैं मिट्टी के गणेश निर्मित कर घरो में स्थापना करनी चाहिए।

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति
ई-प्रोकयोरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/53/2026 दिनांक 07.09.2026

| क्र.सं. | निविदा सं. | आइटमों का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 422 | 30263166 | एलिमेंट इंजन एयर फ़िल्टर (एकल-उपयोग बैग प्रकार) | 698 नग | 8-अक्टूबर-26 |
| 423 | 06261625 | सेल्फ प्राइमिंग मोनो ब्लॉक पंप | 1098 नग | 5-अक्टूबर-26 |

शुद्धिपत्र
कृपया निविदा सूचना संख्याः एस/51/2026 दिनांकः 02.09.2026 के क्र. सं. 416 के लिए मात्रा '11700057 नग' पढ़ें
विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तो के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 0572
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

# स्मरण, प्रेम और भक्ति



आत्मा का ही दर्शन करो। वही देखने योग्य है। उसका साक्षात्कार करो। उसकी अपरोक्षानुभूति करो। जो ज्ञान की अनुभूति का सर्वश्रे?ठ स्वरूप है, वही है देखने योग्य, उसे देखो। सिनेमा देखकर, क्रिकेट देखकर जीवन किसी का बड़ा नहीं हुआ है और न कभी होगा। सफल वैज्ञानिक प्रयोगशाला में जितना समय लगाते हैं, उतना समय वे सिनेमा देखने में नहीं लगाते। सिनेमा, क्रिकेट में थोड़ी देर के लिए आनंद मिलता है, ताली बजा दिए और बस हो गया। संसार जिनसे अपेक्षा करता है और जिनसे गौरवान्वित होता है, वे तो प्रयोगशाला में रहकर साधना करते हैं, एकांत या जंगल में रहकर साधना करते हैं, विकास के क्रम में लगकर साधना करते हैं।

आत्मा का एक अर्थ जीवात्मा भी होता है। हमें अपने को देखना चाहिए, किंतु लोग व्यवहार में दूसरों को ही देख रहे हैं। अपना भी तो देखो। मन कैसा है, क्रिया कैसी है, तुम्हारी इच्छाएं कैसी हैं, तुम्हारे संकल्प कैसे हैं, उसे भी देखो। लोग दूसरे को देख रहे हैं कि यह पतित है, पर तुम क्या हो? आत्मा-परमात्मा, दोनों को देखें, जिसमें परमात्मा मुख्य हुआ, उसी को हमें देखना है। उसी को हमें सुनना है। ऐसा नहीं है कि हम रास्ता किसी से पूछ रहे हैं और वह बतलाए, तो हम नहीं सुनें। ऐसा नहीं है कि जो हमारी जिम्मेदारियां हैं, उनको हम नहीं सुनें, उनको सुनना ही होगा, किंतु संसार के जो लौकिक व्यवहार और जिम्मेदारियां हैं, उनको भी उसका साधन बनाना है, इसका मुख्य लक्ष्य वहीं पहुंचने का है। प्रह्लाद जी ने कहा है- श्रवणं कीर्तनम विष्णोः।

हमें सुनना भी उसी को है, जो वेदों ने कहा है - आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। ईश्वर को देखना है, तो आप कैसे देखेंगे, उसके प्रतिपादक शास्त्रों को सुनिए। ज्ञान का सबसे बड़ा साधन तो श्रवण है। श्रवण माने शब्दों को कानों से ग्रहण करना और उनके अर्थों के माध्यम से पूरे वाक्य के अर्थ का ज्ञान करना, इसे शब्द बोध कहते हैं। पहले हम शब्दों को सुनते हैं, यह प्रत्यक्ष हुआ, पद ज्ञान हुआ, शब्द ज्ञान हुआ, फिर उन शब्दों के अर्थ जो होते हैं, उनका ज्ञान हुआ कि इस शब्द का अर्थ क्या है। फिर उन सभी शब्दों के अर्थ जुड़ जाते हैं रेल के डिब्बों की तरह और उनका एक बोध तैयार होता है, उसे ही बोलते हैं शब्दबोध। वाक्यार्थबोध।

ईश्वर को सुनना चाहिए। नहीं सुनने के कारण ही आज पतन हो रहा है। जब विद्यार्थी नहीं सुनेगा अध्यापक के वचनों को, तो न परीक्षा में अच्छी श्रेणी से उत्तीर्ण होगा और न वह विद्वान हो पाएगा। वेदों, पुराणों, इतिहासों के माध्यम से सुनना है। ईश?वर प्रतिपादन की यह विधा हमें अनादि काल से प्राप?त हुई। भक्ति और ज्ञान का स्वरूप स्मरण है। तेल की धारा टूटती नहीं है, वैसे ही स्मरण है, जो टूटे ना। ऐसे स्मरण से उत्पन्न प्रेम ही भक्ति है।



**सम्पादकीय**

## ट्रंप का चुनावी वादा

दुनिया के सबसे पुराने और विकसित लोकतांत्रिक देश अमेरिका में भी लोगों को सीधे नकदी या मुफ्त उपहार देने की राजनीति चल निकली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों में उनकी रिपब्लिकन पार्टी जीत हासिल करती है, तो वह हर वयस्क अमेरिकी नागरिक को 5,000 डॉलर का भुगतान करेंगे। यह एक बहुत महंगी योजना है, जिसमें एक ट्रिलियन डॉलर से भी अधिक खर्च आएगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी को हार की आशंका सता रही है। देश के अंदर और बाहर भी अमेरिका समस्याओं से घिरा हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता घटती जा रही है। अब उनके समर्थन में बमुश्किल 36 प्रतिशत अमेरिकी बचे हैं, जबकि 60 प्रतिशत से ज्यादा उनकी नीतियों से इत्तफाक नहीं रखते हैं। ऐसे में, लोगों का दिल जीतने के लिए ट्रंप ने नकदी उपहार का वादा किया है। भारत जैसे विकासशील देशों में तो नकदी उपहार की रणनीति को चुनावों में कामयाब होते देखा गया है, लेकिन क्या अमेरिका जैसे संपन्न देश में नकदी उपहार की राजनीति कामयाब हो पाएगी?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में माना जाता है कि उन्होंने विश्व भर की राजनीति को प्रभावित किया है, लेकिन क्या वह इस बार भारत से प्रभावित हुए हैं? हालांकि, अमेरिकी विपक्षी नेताओं, खासकर डेमोक्रेट्स ने इसे खोखला वादा करार दिया है। यह भी बताया जा रहा है कि यह वादा या योजना कानूनी रूप से मुश्किल में पड़ जाएगी। अमेरिकी सर्वोच्च अदालत में इसकी वैधता व व्यावहारिकता पर सवाल उठेंगे। बहरहाल, अगर ट्रंप यह वादा पूरा करते हैं, तो लोकतंत्र के इतिहास में यह सबसे बड़ी व महंगी मुफ्त चुनावी घोषणा होगी। अमेरिका के लगभग 27 करोड़ वयस्कों में हर किसी को पांच-पांच हजार डॉलर अर्थात भारतीय मुद्रा में 4 लाख, 77 हजार से ज्यादा रुपये हासिल होंगे। ट्रंप ने यहां अमीर-गरीब में भेद नहीं किया है। इसमें एक शर्त जुड़ सकती है कि जो डॉलर मिलेंगे, उन्हें अमेरिका में ही खर्च करने की बाध्यता होगी। संभव है, इस महंगी योजना से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी कुछ लाभ होगा। वहां मांग बढ़ेगी। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका में महंगाई बढ़ रही है। खासकर ईरान पर फरवरी से शुरू हुए हमले के बाद से स्थिति अच्छी नहीं है।

**लालच की भेंट चढ़ते युवा सपने**

# किराये की चारदीवारी में कैद सपने छात्र-आवास में सुरक्षा का सवाल

दिल्ली के सत्य निकेतन में सात सितंबर को छात्र-आवासीय इमारत का ढहना केवल एक भवन दुर्घटना नहीं है। यह उस शहरी व्यवस्था का आईना है, जिसमें देशभर से पढ़ने और रोजगार की तलाश में महानगरों का रुख करने वाले हजारों युवा शिक्षा के साथ असुरक्षित आवास का जोखिम भी उठाते हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

दुर्घटना के बाद जांच, कार्रवाई और गिरफ्तारियां होंगी। लेकिन इससे बड़ा सवाल है-क्या अगली इमारत को गिरने से पहले बचाया जाएगा? यही इस त्रासदी का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है।

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, कोटा जैसे शिक्षा केंद्रों में निजी छात्र-आवास और पेइंग गेस्ट व्यवस्था तेजी से बढ़ी है। सरकारी और विश्वविद्यालयीय छात्रावास सीमित होने के कारण विद्यार्थियों के पास निजी कमरों के अलावा विकल्प कम हैं। समस्या निजी आवास में नहीं, बल्कि तब पैदा होती है जब अधिक किराये की लालसा सुरक्षा पर भारी पड़ने लगे।

एक मकान में अधिक कमरे, अधिक बिस्तर और अधिक किरायेदार-यही कमाई का गणित धीरे-धीरे कई भवनों की वास्तविक क्षमता से आगे निकल जाता है। सामान्य आवासीय भवनों को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के रहने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जबकि उनकी संरचना, विद्युत व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन निकास उसी अनुपात में नहीं बदले जाते।

विद्यार्थी के लिए कमरा चुनना आसान है, सुरक्षित भवन चुनना नहीं। वह किराया, महाविद्यालय से दूरी, भोजन और सुविधाएं देखता है। उसे यह जानकारी प्रायः नहीं मिलती कि भवन की स्वीकृत क्षमता कितनी है, संरचनात्मक जांच कब हुई, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था चालू है या नहीं और आपात स्थिति में बाहर निकलने का सुरक्षित रास्ता कहां है। यहीं व्यवस्था की सबसे बड़ी कमी सामने आती है।

कई छात्र-बहुल इलाकों में संकरी गलियां, सटे हुए भवन, नीचे व्यावसायिक गतिविधियां और ऊपर क्षमता से अधिक आवास सामान्य दृश्य हैं। आग या भवन दुर्घटना की स्थिति में राहत दलों की पहुंच भी चुनौती बन सकती है। ऐसे क्षेत्रों में सुरक्षा केवल भवन के भीतर की व्यवस्था नहीं, पूरे आसपास के क्षेत्र की क्षमता से जुड़ा प्रश्न है।

विद्युत भार भी कम गंभीर समस्या नहीं है। सीमित क्षमता वाले भवनों में बड़ी संख्या में शीतलन यंत्र, पानी गर्म करने वाले उपकरण, भोजन पकाने के साधन और अन्य विद्युत उपकरण लगाए जाते हैं। पुरानी तार व्यवस्था और बढ़े हुए भार का मेल दुर्घटना का कारण बन सकता है।

लेकिन जिम्मेदारी केवल भवन स्वामी की नहीं है।

नगर निकाय ने भवन के उपयोग और उसकी वास्तविक क्षमता की निगरानी की या नहीं? निर्माण नियमों का पालन हुआ या नहीं? अग्नि सुरक्षा की जांच कब हुई? संरचनात्मक मजबूती का परीक्षण कितने समय पहले किया गया? यदि किसी भवन में लंबे समय से नियमों का उल्लंघन हो रहा था, तो कार्रवाई दुर्घटना से पहले क्यों नहीं हुई? दुर्घटना के बाद दोषी ढूंढना जरूरी है, लेकिन दुर्घटना से पहले खतरा पहचानना उससे कहीं अधिक जरूरी है। इसलिए अब व्यवस्था में कुछ ठोस बदलाव आवश्यक हैं।

सबसे पहले प्रत्येक छात्र-आवास और पेइंग गेस्ट भवन का अनिवार्य पंजीकरण होना चाहिए। पंजीकृत भवन की जानकारी सार्वजनिक हो और विद्यार्थी या अभिभावक अपने दूरभाष से भवन की स्वीकृत मंजिलों, अधिकतम क्षमता, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और अंतिम संरचनात्मक जांच की जानकारी प्राप्त कर सकें।

भवन के बाहर उसकी सुरक्षा स्थिति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए। इससे कमरे की सजावट और सुविधाओं से पहले विद्यार्थी को यह पता होगा कि वह जिस छत के नीचे रहने जा रहा है, वह नियमों और सुरक्षा मानकों पर खरी उतरती है या नहीं। दूसरा, पुराने और क्षमता से अधिक उपयोग किए जा रहे भवनों का नियमित निरीक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। निरीक्षण केवल कागजी प्रक्रिया न हो। जहां गंभीर खतरा मिले, वहां समय रहते भवन खाली कराया जाए। दुर्घटना के बाद इमारत सील करने से बेहतर है कि खतरे की पहचान पहले हो।

तीसरा, सरकारी और विश्वविद्यालयीय छात्रावासों का विस्तार जरूरी है। सुरक्षित और किफायती विकल्प उपलब्ध नहीं होंगे तो निजी आवास पर निर्भरता बनी रहेगी। शिक्षा संस्थानों और स्थानीय प्रशासन को छात्र आवास को शैक्षणिक व्यवस्था का हिस्सा मानना होगा, न कि विद्यार्थी की निजी समस्या।

चौथा, पंजीकृत छात्र-आवास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की जा सकती है। किसी हादसे की स्थिति में परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता मिलना चाहिए। मुआवजे के लिए वर्षों तक सरकारी कार्यालयों और न्यायालयों के चक्कर लगाना किसी त्रासदी का दूसरा अन्याय नहीं बनना चाहिए।

पांचवां, किराया समझौते में भवन सुरक्षा की जिम्मेदारी स्पष्ट हो। किरायेदार होने का अर्थ यह नहीं कि सुरक्षित आवास पाने का अधिकार समाप्त हो जाता है। किराया लेना भवन स्वामी का अधिकार हो सकता है, लेकिन सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना उसकी जिम्मेदारी भी है।

शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। वे विद्यार्थियों को केवल प्रवेश देकर जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। कम-से-कम सुरक्षित और प्रमाणित छात्र-आवासों की जानकारी उपलब्ध कराना उनकी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा होना चाहिए। किसी माता-पिता के लिए छात्र-आवास महज किराये का कमरा नहीं होता। उस कमरे में रखी किताबों के साथ परिवार की उम्मीदें रहती हैं। दूर शहर में पढ़ रहा बच्चा घर से भले सैकड़ों किलोमीटर दूर हो, उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी घर की चौखट पर समाप्त नहीं होती।

सत्य निकेतन की घटना हमें यही याद दिलाती है कि भवन तब अचानक खतरनाक नहीं बनता, जब वह गिरता है। खतरा उससे पहले पैदा होता है-जब निर्माण नियमों की अनदेखी होती है, क्षमता से अधिक लोग रखे जाते हैं, सुरक्षा प्रमाणपत्र कागज बन जाते हैं और निरीक्षण केवल औपचारिकता रह जाता है। इसलिए अब प्राथमिकता स्पष्ट होनी चाहिए-कार्रवाई बाद में नहीं, निगरानी पहले। महानगरों में रहने वाले विद्यार्थियों को केवल सस्ता कमरा नहीं, सुरक्षित छत चाहिए। उन्हें किरायेदार समझकर उनकी सुरक्षा को निजी मामला नहीं माना जा सकता। क्योंकि किराये की चारदीवारी में रहने वाला विद्यार्थी भले ही किरायेदार हो, उसका जीवन किसी की निजी संपत्ति नहीं है।

## बेसहारा हथेली

नारियल विकास बोर्ड के संभागीय कार्यालय के बाहर नीम के चबूतरे पर पचहत्तर साल के मणिकंदन बाबा हर बुधवार सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में सूखे नारियल की जटाओं का एक भूरा लच्छा और रस्सी बटने वाली लकड़ी की एक पुरानी घिसी हुई चरखी हमेशा रहती थी जिसे वे अपनी मैली धोती के पल्ले से बार-बार पोंछते रहते थे। आज दो सितंबर को विश्व नारियल दिवस के भव्य महोत्सव के मौके पर जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें गेट पर देखा तो अपनी चाय का कुल्हड़ मेज पर रखते हुए ठहाका लगाकर बोला कि बाबा जब आज पूरे प्रदेश में कल्पवृक्ष उत्सव का डंका बज रहा है और बड़े-बड़े वैज्ञानिक नारियल से बने आधुनिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगा रहे हैं तो इस सूखे छिलके और जटा को रोज अपनी छाती से लगाकर यहाँ बड़े अफसरों के आगे क्या तमाशा खड़ा करते हो। मणिकंदन बाबा अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को ठीक करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह सूखा रेशा केवल पेड़ की छाल नहीं है बल्कि इस पूरे कृषि महकमे की वो कागजी समृद्धि है जिसने मेरी पुश्तैनी बगिया को कागजों की स्याही में उजाड़ कर रख दिया है। आसपास खड़े तमाम मुंशी और दलाल उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में बाबा की मति मारी गई है जो नारियल दिवस के पावन उत्सव को अपनी हठ की भेंट चढ़ाने चले आए हैं। मणिकंदन बाबा किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस रेशे को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप वीआईपी गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे। बोर्ड के सभी बाबू और तकनीकी सलाहकार मणिकंदन बाबा की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह परिचित हो चुके थे और उन्हें एक सनकी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे।

दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी



**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 12 सितंबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:16 सूर्यास्त 18:30
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - एकम 07:47 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 12:55 उपरांत हस्त
योग - शुभ 15:09 उपरांत शुक्ल
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 29 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। नई जिम्मेदारी मिलने के योग हैं। व्यापारिक विस्तार की योजना सफल होगी।

**वृषभ-** किसी नए सौदे से लाभ संभव है। जीवनसाथी के साथ आपसी समझ बेहतर होगी और संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन-** आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। शरीर में ऊर्जा बनी रहेगी।

**कर्क-** सहकर्मियों के साथ तालमेल बिठाकर चलें। विवादों से दूर रहना ही बेहतर है।

**सिंह-** पुराने निवेश या सौदों से लाभ मिलने के संकेत हैं। त्वचा या मौसम से जुड़ी सामान्य समस्या हो सकती है।

**कन्या-** पारिवारिक सहयोग से प्रेम संबंधों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है।

**तुला-** बड़े जोखिम से पहले सोच-विचार करें। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

**वृश्चिक-** चंद्रमा आपकी ही राशि में गोचर कर रहा है, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु-** दफ्तर में अपनी योजनाओं को सही समय पर क्रियान्वित करें। खानपान का ध्यान रखें।

**मकर-** नए निवेश के लिए किसी विशेषज्ञ से परामर्श लेना फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ-** पार्टनरशिप में पारदर्शिता बनाए रखें, काम पर ध्यान दें। वाणी में सौम्यता रखें, विवादों से बचें।

**मीन-** पैसों के लेनदेन में विशेष सावधानी बरतें। पर्याप्त नींद लें, सिरदर्द या थकान की समस्या हो सकती है।

**समसामयिक**

## मौत का जाम...!



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

सागर की धरती रो पड़ी, आँखों में है नमी,
किसने घोला जहर, बाँटी हैं मौत की गमी?
जाम समझ बढ़े, ₹जिंदगी₹ हाथ से छूट गई,
घर की चौखट सूनी, लाखों उम्मीदें टूट गईं।
वो किसके लाल ग्यारह, बहुतों के थे सहारे,
हर माँ की आँखें पूछ रहीं, कहाँ मेरे दुलारे?
शराब नहीं, ये जहर था, घर-घर शोक दिया,
लालच की आँधी ने घर संसार झोंक दिया।
सात दुकानों पे ताले, सवाल अभी बाकी है,
कानून की चौखट पे जवाबदेही की बारी है।
कितना बिकता रहेगा जहर, यूं घर उजड़ेंगे?
चंद सिक्कों की खातिर इंसानियत से लड़ेंगे?
ऐसा समाज बनाएंगे, जीवन सबसे प्यारा हो,
यूं नशे के अंधियारे में मानवता उजियारा हो।
ग्यारह दीप बुझ गए, सिर्फ ये संदेश छोड़ गए,
जिंदगी अनमोल है, इसे जाम में ना खोने दो।

## पूज्य - पितृ वंदना

1) ओ पित्तर जी तमारे मनावा आज
भूलचूक माफ करो मने आर्शिवाद दिजो
हो पित्तर जी, तमारे मनावा आज
2) भोला भाला कछू नही जाना.
बालकियाँ हॉ थारा हो
पित्तर जी, तमारे मनावा आज
3) म्हारा मन री बातॉ
देवा, म्हारा मन ..री बातॉ
देवा, थॉसे कहूँ ना
छूपी हो पित्तर जी, तमारे मनावा आज
4) पुरी कर दिजो मनरी इच्छा पुरी
कर दिजो मनरी इच्छा ने पीड़ मे आड़ा आजो,
ओ पित्तर जी तमारे मनावा आज
भूलचूक माफ करो मने आर्शिवाद दिजो
हो पित्तर जी, तमारे मनावा आज



कु. वर्षा जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

## खो गई है बेटियां

नन्ही हथेली में
पकड़ना चाहती है चाँद को।
जिद्दी करके
पाना चाहती है चाँद को।
छुप जाता है जब
माँ को पुकारती पाने चाँद को।
थाली में पानी भरकर
परछाई से बुलाती माँ चाँद को।
छपाक से पानी में
हाथ डाल पकड़ना चाहती चाँद को।
छुपा-छाई खेलते हुए
बिटियाँ पा जाती है चाँद को ।
चाँद तो अब भी है आकाश में
बिटियाए कम हो गई पाने चाँद को।
खो गई है बेटियां
माँ ए केसे कहे ये बात चाँद को।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

**धर्म-आस्था**

# कैसे निभाएँ अपनी मित्रता- सीखें श्रीकृष्ण से?

भगवान श्रीकृष्ण को महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य ने मधुराधिपति कहा है। महाप्रभु रचित मधुराष्टक अपने माधुर्य के लिए कृष्ण साहित्य में प्रसिद्ध है। श्रीकृष्णजी की प्रत्येक भावभंगिमा मधुर है, प्रत्येक वस्तु जो उनके व्यवहार में आती है वह भी मधुर है। उनका नृत्य मधुर है तो उनका सखा भाव में मधुरता परिलक्षित होती है। उनकी क्रिया कलाप माधुर्य से ओतप्रोत रहे हैं। बाल्यावस्था में जहाँ जहाँ वे रहे वहाँ वहाँ सखाओं के समूह उनके साथ रहे। महाप्रभु वल्लभाचार्यजी मधुराष्टक में लिखते हैं- 'नृत्यं मधुरं सख्यं मधुरं मधुराधिपते रखिलंमधुरं।ह्य सभी सखाओं ने गोकुल वृन्दावन की गलियों में माखनचोरी की, यमुना किनारे कन्दुक क्रीड़ा की, गायों को चराने ले गए, उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा, गोवर्धन पर्वत को चीटी ऊँगली पर उठाया, अपने गोधन तथा बालसखाओं को वर्षा के वेग से बचाया। बाल्यावस्था में उनके अनेक मित्र थे यथा- सुदामा, श्रीदामा, भद्र, सुभद्र, मधुमंगल, द्रौपदी, सुबल, सुबाहु, मणिभद्र, वरुथप, भोज, तोककृष्ण आदि। अर्जुन, द्रौपदी, सुदामा, अक्रूर, सात्यकि को विद्वानों ने श्रीकृष्णजी के प्रमुख सखाओं में गणना की है। इस लेख में हम श्रीकृष्णजी के इन्हीं सखाओं का वर्णन करेंगे।



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

अर्जुन- अर्जुन भारतीय संस्कृति के प्रसिद्ध महाकाव्य महाभारत के नायक हैं। पाण्डु-पुत्र पाँच पाण्डवों में अर्जुन का स्थान तृतीय है। अर्जुन पांडव पक्ष के प्रमुख योद्धा थे। कुरुक्षेत्र में महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्णजी अर्जुन के रथ के सारथी थे। इस युद्ध में अर्जुन ने कई महत्वपूर्ण योद्धाओं का वध कर दिया था। अर्जुन ताकतवर होने के साथ ही बुद्धिमान भी थे। गुरु द्रोणाचार्य के प्रिय शिष्य थे। इनके तीर का लक्ष्य कभी चूकता नहीं था। तेल की कढ़ाई मे मछली की आँख का प्रतिबिम्ब देखकर इन्होंने लक्ष्य भेद किया था। इस प्रतियोगिता में सफल होने पर द्रौपदी का उन्होंने वरण किया था। अर्जुन पराक्रमी होने के साथ ही धैर्यवान भी थे। इन्हें इन्द्रदेव का अंश माना जाता है। ये भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे। अर्जुन को कई नामों से बुलाते हैं। यथा- परन्तप, गुड़ाकेश, महाबाहो, धनंजय आदि। इनकी चार पत्नियाँ थीं- उडूपी, चित्रांगदा, सुभद्रा तथा द्रौपदी। प्रत्येक पत्नी से एक-एक पुत्र थे। श्रुतकर्मा, इरावन, बभ्रुवाहन और अभिमन्यु। वनवास के समय इन्हें अनेक दिव्यास्त्र प्राप्त हुए थे।

अर्जुन नृत्य और संगीत में भी पारंगत थे। जब भगवान श्रीकृष्ण ने दोनों सेनाओं के मध्य रथ खड़ा कर दिया तो सेना को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने से इंकार कर दिया। उनके हाथ पैर काँपने लगे। इन्होंने श्रीकृष्णजी से कहा कि यहाँ तो मेरे कुटुम्ब के वयोवृद्ध व्यक्ति उपस्थित हैं, अतः मैं युद्ध नहीं करूँगा। अर्जुन कहते हैं-

वेपथुश्च शरीरे में रोमहर्षश्च जायते।
गाण्डीव स्त्रंसते हस्तात्त्वकचेत परिदह्यते।।
(श्रीमद् भगवद् गीता- अध्याय १/२९)

भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें जीवन की वास्तकता समझाई। श्रीकृष्ण ने अपना विराट् स्वरूप अर्जुन को दिव्य-चक्षु प्रदान कर दिखलाया। विराट् स्वरूप देखकर अर्जुन ने कहा-

सखेति मत्वा प्रसमं यदुक्तं
हे कृष्ण हे यादव हे सखेति।
अजानता महिमानं तवेदं
मया प्रमादात् प्रण्येन वापि।
(श्रीमद् भगवद् गीता अध्याय ११/४१)

भाव यह है कि अर्जुन को यह ज्ञात नहीं था कि उसने हे मित्र! हे कृष्ण! हे यादव सम्बोधन कर श्रीकृष्ण का अपमान किया है। दोनों का सखा भाव दृष्टव्य है।

सुदामा- सुदामा विद्वान ब्राह्मण थे। उन्होंने वेदों का गहन अध्ययन किया था। बाल्यावस्था से ही वे श्रीकृष्ण के सखा रहे थे। उज्जैन (म.प्र.) के गुरु सांदीपनि आश्रम में दोनों मित्रों ने साथ-साथ शिक्षा ग्रहण की थी। इस कथन के साक्ष्य आज भी आश्रम परिसर में स्थित हैं और पर्यटकों का ध्यान आकर्षित कर उनकी सच्ची मित्रता का उदाहरण प्रस्तुत करती है। एक बार श्रीकृष्ण और सुदामा आश्रम के लिए लकड़ी लेने के लिए समीप के ग्राम नारायणा में गए। सुदामा को भूख लगी। गुरु माता ने उन्हें चने की एक पोटली दी थी। सुदामा ने वे चने रख लिए। चने की पोटली के बारे में एक बहुश्रुत कथा प्रचलित है। आश्रम में एक गरीब ब्राह्मणी रहती थी। रात के समय चोर उस झोपड़ी में आए। उन्होंने चने की पोटली चुराई। चोर-चोर का शोर होने पर वे भाग गए। चने की पोटली आश्रम में ही गिर गई। प्रातः गुरु माता ने वह पोटली देखी तो उठाकर सुदामा को दे दी। गरीब ब्राह्मणी ने श्राप दिया कि जो व्यक्ति मेरी पोटली के चने खाएगा वह दरिद्र हो जाएगा। सुदामा ने वह चने अपने मित्र श्रीकृष्णजी को नहीं दिये और स्वयं खा लिए।

शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात दोनों सखा अपने अपने क्षेत्र में व्यस्त हो गए। श्रीकृष्ण भगवान ने राजकाज संभाल लिया और सुदामा अपने गृहस्थ जीवन में और बच्चों के पालन पोषण में व्यस्त हो गए। उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय होती गई। उनकी पत्नी उन्हें बारम्बार समझाती थी कि वे अपने सखा श्रीकृष्ण से जाकर भेंट करें, वे दयालु हैं। सुदामा बात को अनसुनी कर देते थे। पत्नी ने आखिरकार उन्हें श्रीकृष्ण के यहाँ भेजा और उसने उन्हें चावल की एक पोटली भी दी। वे श्रीकृष्णजी के राज्य में पहुँचे। ऊँचे-ऊँचे महल अट्टालिकाएँ उन्हें दिखलाई दीं। श्रीकृष्णजी के महल के सामने पहरेदार ने उनसे परिचय पूछा तो उन्होंने अपना नाम सुदामा बतलाया। पहरेदार ने महल में अन्दर जाकर श्रीकृष्ण से कहा-

सीस पगा न झगा तन में अरु पाव उपानह को नहीं सामा।
पूछत दीनदयाल को धाम बतावत आपनो नाम सुदामा।।
(सुदामा चरित नरोत्तमदास)

श्रीकृष्णजी जैसे ही सुदामा नाम सुनते हैं वे दौड़े-दौड़े महल के बाहर आकर सुदामा के गले मिलते हैं और उन्हें महल में ले जाकर रनिवास में बैठाते हैं। सुदामा के चरण धोने के लिए दास दासियों से पानी की परात बुलवाते हैं। परात के पानी के अतिरिक्त श्रीकृष्ण की अश्रुधारा से ही सुदामा के पैर धुल जाते हैं। प्रसिद्ध कवि नरोत्तमदासजी 'सुदामा चरितह्न में लिखते हैं-

'पानी परात को हाथ छुयो नहिं नैनन के जल से पग धोये।
देखी सुदामा की दीन दशा करुणा करिकै करुणानिधि रोये।ह्य

श्रीकृष्णजी ने (भाभीजी- सुदामा की पत्नी) द्वारा दिए गए चावल बड़े स्नेह से खाये। कुछ दिन वहाँ रहने के पश्चात सुदामा उदास हो गए। मन ही मन उन्हें लगा कि श्रीकृष्णजी ने उनकी किसी प्रकार से सहायता नहीं की। वे श्रीकृष्णजी से आज्ञा लेकर वहाँ से रवाना हुए। जब वे खिन्न भाव से गृहनगर आये तो अपनी झोपड़ी के स्थान पर उन्हें भव्य महल दिखलाई दिया और उनकी पत्नी और बच्चे भी उन्हें सुन्दर परिधान में दिखे। धन्य है कृष्ण सुदामा की मित्रता जो सभी के लिए मार्गदर्शक है। कवि रहीम कहते हैं-

कहि रहीम संपति सगे बनत बहुत बहु रीति।
विपति कसौटी से कसे केई सांचे मीत।।

द्रौपदी- द्रौपदी राजा द्रुपद की पुत्री थी। इनका एक जुड़वा भाई था जिसका नाम धृष्टद्युम्न था। एक बार राजा द्रुपद ने यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञकुंड से द्रौपदी प्रकट हुई, इसलिए इसका नाम यज्ञसेनी भी है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार द्रौपदी महाकाली का अवतार। द्रौपदी के अन्य नाम भी थे यथा- कृष्णेयी, अग्रिसुता, सैरन्ध्री तथा महाभारती। द्रौपदी की गणना पंच कन्याओं में की जाती है-

अहल्या द्रौपदी सीता तारा मन्दोदरी तथा।
पंचकन्या स्मरेन्नित्यं महापातक नाशिन्या।।

अहल्या (गौतम ऋषि की पत्नी), द्रौपदी (पाँच पाँडवों की पत्नी), तारा (वानरराज बाली की पत्नी), कुन्ती (पाँडु पत्नी), मन्दोदरी (रावण की पत्नी)। इन पाँचों का प्रतिदिन स्मरण करने से सारे पाप धुल जाते हैं। द्रौपदी श्रीकृष्ण की महिला मित्र थी। वह उनकी बाल सखी थी। वह सुन्दर बुद्धिमत्ता और साहस की प्रतिमूर्ति थी। उसका अर्जुन पर विशेष प्रेम था। मछली की आँख पर लक्ष्य भेद करके अर्जुन ने द्रौपदी का वरण किया था। जब श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध किया उनकी ऊँगली सुदर्शन चक्र से कट गई तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी फाड़कर श्रीकृष्ण की ऊँगली में रक्त रोकने के लिए बाँध दी। तब श्रीकृष्ण ने सोचा था कि मैं इस एहसान का बदला अवश्य चुकाऊँगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,49,300 रवा- 1,49,000 चांदी- टंच- 2,31,500 पाट- 2,30,000।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## गोदाम में चद्दर रिपेयरिंग करने गए मजदूर की मौत



**देवास।** देवास शहर में चद्दर रिपेयरिंग का काम करने गए 40 वर्षीय मजदूर की गोदाम के अंदर मौत हो गई। वह गुरुवार दोपहर काम के लिए गया था, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। परिजन तलाश करते हुए गोदाम पहुंचे तो उसकी बाइक बाहर खड़ी मिली। मोबाइल पर फोन करने पर अंदर से घंटी सुनाई दी। पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पाल नगर निवासी माखन पिता बाबूलाल फुलेरिया (40) गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे मॉडल स्कूल के सामने स्थित गोदाम में चद्दर रिपेयरिंग का काम करने गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर उसके पिता बाबूलाल उसे ढूंढते हुए गोदाम पहुंचे। बाबूलाल ने देखा कि माखन की बाइक गोदाम के बाहर खड़ी थी। उन्होंने उसके मोबाइल पर फोन किया तो गोदाम के अंदर से मोबाइल की घंटी सुनाई दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित



**शाजापुर।** छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। मोहन बड़ोदिया केब कुमारिया खास स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर के गुरूवार दोपहर आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक ने कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों से बात करके उनकी परेशानियों, सुझावों और जरूरतों को जानना है। इससे उनकी आवाज को मंच मिल पाएगा। बैठक में युवाओं और विद्यार्थियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टोंकखुर्द में अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी का छापा

**देवास।** टोंकखुर्द क्षेत्र में अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई की। टीम ने 1050 किलो महुआ लाहन और 30 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की अलग-अलग धाराओं के तहत पांच केस दर्ज किए गए हैं। जब्त सामान की कीमत करीब 1 लाख 11 हजार रुपए बताई गई है। विभाग ने मामलों में जांच शुरू कर दी है। आबकारी विभाग की टीम ने टोंकखुर्द वृत्त के ग्राम दौंता जागीर के सांसी मोहल्ले और ग्राम चिड़ावद के कंजर डेरे में छापा मारा। यहां अवैध रूप से शराब बनाने के लिए तैयार किया गया महुआ लाहन और हाथ भट्टी शराब मिली। टीम ने मौके से सामग्री जब्त कर पांच प्रकरण दर्ज किए।

# सांदीपनि के छात्रों का महासंकल्प, पीओपी को ना, इस बार घर-घर विराजेंगे सिर्फ माटी के गणेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं, तो उनकी आराधना से हमारी प्रकृति पर कोई विघ्न कैसे आ सकता है? इसी गहरे और महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल सांदीपनि विद्यालय से पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा अभियान छेड़ा गया।

मौका था आगामी गणेश चतुर्थी को लेकर आयोजित कार्यक्रम का, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने आस्था और पर्यावरण के अद्भुत तालमेल की मिसाल पेश करते हुए इस वर्ष केवल मिट्टी से बनी मूर्तियां ही स्थापित करने की शपथ ली। विद्यालय प्राचार्य सविता सोनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यार्थियों में जोश भरते हुए उन्होंने कहा, हमारे त्योहारों की पवित्रता और आस्था तभी सार्थक है, जब हम अपनी प्रकृति की रक्षा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीओपी और रासायनिक रंगों से बनी मूर्तियां हमारे पवित्र जल स्त्रोतों के लिए धीमा जहर हैं, इसलिए इस वर्ष हमें केवल प्रकृति के अनुकूल माटी के गणेश जी की ही आराधना करनी चाहिए।

### जलचरों की रक्षा है जरूरी

आयोजन में जन अभियान परिषद के विकास खंड कोआर्डिनेटर बसंत रावत और नवांकुर संस्थान के अध्यक्ष भूपेंद्र सहगल ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रासायनिक रंगों और पीओपी से निर्मित मूर्तियां पानी में गलती नहीं हैं। इससे न केवल भयंकर जल प्रदूषण होता है, बल्कि पानी में रहने वाले मूक जीवों जलचरों के जीवन को भी भारी नुकसान पहुंचता है। इसके उलट, मिट्टी के गणेश जी विसर्जन के बाद वापस उसी प्रकृति में समाहित हो जाते हैं।

### गूंजा सामूहिक संकल्प

कार्यक्रम के अंत में पूरा विद्यालय परिसर पर्यावरण संरक्षण के उत्साह से गूंज उठा। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जागेश सोनी और अम्बाराम राजोरिया सहित समस्त स्टाफ एवं भारी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं ने हाथ उठाकर सामूहिक संकल्प लिया। उन्होंने प्रण लिया कि वे न केवल खुद पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मूर्तियों का बहिष्कार करेंगे, बल्कि समाज के हर घर तक माटी के बप्पा लाने का यह पुनीत संदेश पहुंचाएंगे।

### अकोदिया से शुरू हुई युवा शंखनाद यात्रा

# समय की चाल मोड़ने वाला ही युवा कहलाता है- भाजयुमो अध्यक्ष टेलर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया



अकोदिया में गुरुवार शाम भाजयुमो की युवा शंखनाद यात्रा शुरू हुई। शाम 4 बजे महाराणा प्रताप और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद यात्रा निकाली गई। महाराणा प्रताप बस स्टैंड से शुरू हुई यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सेंट्रल बैंक के पास पहुंची, जहां सभा हुई।

यात्रा में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिला अध्यक्ष हर्ष मंडलोई समेत भाजपा और युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। कुछ स्थानों पर जेसीबी और क्रेन से पुष्पवर्षा भी की गई।

यात्रा महाराणा प्रताप बस स्टैंड से परशुराम चौराहा, एसबीआई चौराहा, बोलाई रोड, सिद्धिविनायक चौराहा, झंडा चौराहा और टप्पा चौराहा होते हुए सेंट्रल बैंक के पास पहुंची। यहां कार्यकताओं और युवाओं की सभा हुई। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और भाजपा के समर्थन में नारे लगाए गए। अलग-अलग स्थानों पर कार्यकताओं ने नेताओं का स्वागत किया। युवाओं को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने की बात

सभा में श्याम टेलर ने कहा कि समय के साथ चलना एक बात है, लेकिन समय की चाल को मोड़ देने वाला ही युवा कहलाता है। उन्होंने कहा कि युवा शंखनाद यात्रा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना और संगठन को मजबूत करना है।


टेलर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की विचारधारा और सेवा के संकल्प के साथ काम करते हैं। उन्होंने युवाओं से देश निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरविंद परमार, योगेंद्र बंटी बना, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया समेत भाजपा और भाजयुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# त्रि-स्तरीय पंचायत उप-चुनाव को लेकर दो नामांकन जमा, 29 को मतदान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



जिले में खाली हुए पंचायत पदों पर नए जनप्रतिनिधि चुनने के लिए त्रि-स्तरीय पंचायत उप-चुनाव 2026 का बिगुल बज चुका है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही चुनावी प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है, विशेषकर उन ग्राम पंचायतों में जहां दुखद रूप से सरपंच के पद रिक्त हो गए थे।

चुनाव प्रक्रिया के तहत 10 सितंबर गुरूवार को ग्राम पंचायत पनवाड़ी में मंजूलता पाटीदार पति ओमप्रकाश पाटीदार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, ग्राम पंचायत पतोली में महेंद्रसिंह चावड़ा पिता भंवरसिंह राणा ने आवेदन दिया। नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। इन पत्रों की समीक्षा 16 सितंबर को की जाएगी। मतदान 29 सितंबर को होगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर 8 सितंबर 2026 को जनपद पंचायत शाजापुर 77 पंच, 2 सरपंच, मो. बड़ोदिया 79 पंच, शुजालपुर 8 पंच और कालापीपल 1 सरपंच, 1 पंच के खाली पदों के लिए चुनाव की सूचना जारी की गई है। पदों के आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची भी संबंधित कार्यालयों के सूचना पटल पर लगा दी गई है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से पूरा कराने के लिए कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजु बाफना ने अधिकारियों को तैनात किया है। जनपद पंचायत शाजापुर में नायब तहसीलदार जितेंद्र चौरसिया को सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत कालापीपल की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार अरन्याकलां शिल्पा सिंह को सौंपी गई है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. तेजसिंह डोडिया पिता श्री विक्रमसिंह जी डोडिया, 2. जीवनसिंह डोडिया पिता श्री विक्रमसिंह जी डोडिया, निवासी- ग्राम पालखन्दा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि सर्वे नम्बर 322/557 रकबा 0.410 हेक्टर मे से रकबा 0.270 हेक्टर, सर्वे नम्बर 321/7/2 रकबा 0.110 हेक्टर, सर्वे नम्बर 321/7/1 रकबा 0.240 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 0.620 हेक्टर भूमि, ग्राम-पालखन्दा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-11/09/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मोबाईल नम्बर- 94248 78460**


# बैंक कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल, तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर




यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बुलावे पर शुक्रवार को बैंक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर एक दिन की देशव्यापी हड़ताल पर रहे। शाजापुर में भी इसका असर दिखा। सुबह करीब 11 बजे शहरी हाईवे पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी जमा हुए। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारे लगाए और प्रदर्शन किया।

बैंक कर्मचारियों की मुख्य मांगों में हफ्ते में पांच दिन काम (5-डे वर्किंग) और पीएलआई स्कीम शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पांच दिन काम करने की मांग पिछले करीब दो साल से अटकी हुई है। इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। उनका कहना है कि मांगों को लेकर लगातार कोशिशों के बाद भी कोई हल नहीं निकला, इसलिए कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ा। शुक्रवार को बैंकिंग लेनदेन पर असर पड़ने से आम लोगों और व्यापारियों को नकदी के लेन-देन समेत कई जरूरी कामों में दिक्कत हुई। शुक्रवार के बाद महीने का दूसरा शनिवार और रविवार होने की वजह से बैंक शाखाएं लगातार तीन दिन बंद रहेंगी। कर्मचारियों ने बताया कि यह आंदोलन अलग-अलग चरणों में होगा। अगर उनकी मांगों पर जल्दी फैसला नहीं लिया गया, तो 26 अक्टूबर 2026 से देशभर के बैंकों में बेमियादी हड़ताल शुरू की जाएगी।

### हड़ताल में शामिल बैंक

इस हड़ताल के कारण देशभर के सरकारी और कुछ निजी बैंकों की सेवाएं बंद रहीं। इनमें एसबीआई, पीएनबी, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंक शामिल हैं।



## भाजपा मक्सी मंडल की बैठक सम्पन्न

**मक्सी।** 9 सितम्बर को पाटीदार धर्मशाला में सम्पन्न हुई भारतीय जनता पार्टी मक्सी मंडल की मासीक कामकाजी बैठक में आगामी कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर 18 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों, शक्ति केन्द्र बैठक मन ५ की बात कार्यक्रम आदि विषयों पर बैठक मे जिला मंत्री एंव मंडल के प्रभारी उमेश टेलर एंव मंडल सह प्रभारी महेश भावसार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया स्वागत भाषण मंडल के महामंत्री मोड़ सिंह लोधी ने दिया। अंत में आभार मंडल के महामंत्री सुनील पडया ने माना। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविंद पटेल ने कि राजेश गुप्ता मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी मनोज पटेल प्रवक्ता ओम चौधरी पार्षद दिलीप लोधी पार्षद मुकीम खान पार्सल मोहसिन खान पार्षद विष्णु पाटीदार पार्षद भगवान सिंह पार्षद कृष्ण लाल भावसार एल्डरमैन कैलाश मंडलोई एल्डरमैन राधेश्याम परमार एल्डरमैन राकेश चौधरी मुकेश मंडलोई मनोहर केलोडिया प्रमोद मेहता मधुसूदन करनावदीया मनोहर लशकन अमित सोनी मनोज पटेल मनीष वर्मा पवन परिहार श्रीमती पुष्पा भावसार श्रीमती संगीता जैन कैलाश चंद पाटीदार विष्णु मंडलोई अनिल पटेल आदि उपस्थित हुवे बैठक मे मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, महिला मोर्चा मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## इंस्टाग्राम पर धार्मिक विवाद, दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज



**शाजापुर।** सोशल मीडिया पर शुरू हुई बहस अब पुलिस थाने तक पहुंच गई है। इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट को लेकर शाजापुर कोतवाली में मुस्लिम और हिंदू समाज की ओर से दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार विवाद की शुरूआत इंस्टाग्राम पर एक धार्मिक आयोजन की पोस्ट पर हुई टिप्पणियों से हुई। घटनाक्रम में सबसे पहले मुस्लिम समाज ने धार्मिक भावनाएं आहत होने की शिकायत की, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली। इस कार्रवाई के विरोध में बुधवार रात सकल हिंदू समाज के लोग थाने पहुंचे। हिंदू पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने बिना उचित जांच के मामला दर्ज किया है। उनकी शिकायत के अनुसार, तिलवंधेश्वर महादेव के नाम से की गई एक सामान्य पोस्ट पर एक्स मलिक और अरमान किंग नाम की आईडी से हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई, जिसका युवक ने केवल जवाब दिया था जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। हिंदू समाज की ओर से आईटी एक्ट और बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत सख्त कार्रवाई की मांग के बाद, पुलिस ने इस पक्ष की शिकायत पर भी मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में संबंधित इंस्टाग्राम आईडी की साइबर जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर उनके ठिकानों का पता लगाने में जुटी है। 02

## गणेशोत्सव की तैयारियों ने पकड़ा जोर, मूर्तियों से सजे बाजार, आकार लेने लगे भव्य पंडाल



**शाजापुर।** विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के आगमन में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं। इसे लेकर शाजापुर शहर में उत्साह का माहौल है और पर्व की तैयारियों ने अब पूरी तरह से जोर पकड़ लिया है। एक ओर जहां बाजारों में गजानन की आकर्षक मूर्तियां बिक्री के लिए पहुंच गई हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख चौराहों और मोहल्लों में सार्वजनिक उत्सव समितियों के भव्य पंडाल भी अब आकार लेने लगे हैं। मूर्तिकारों ने शहर के प्रमुख स्थानों पर अपनी दुकानें सजा ली हैं। बाजार में भगवान गणेश के विभिन्न स्वरूपों की छोटी-बड़ी और मनमोहक मूर्तियां दर्शनार्थियों का मन मोह रही हैं। हालांकि, बप्पा की स्थापना गणेश चतुर्थी के दिन शुभ मुहूर्त में होगी, लेकिन श्रद्धालु अभी से बाजारों में पहुंचकर अपनी पसंद की मूर्तियां देख रहे हैं और उनकी बुकिंग करा रहे हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि इस वर्ष भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए मिट्टी से बनी इको-फ्रेंडली मूर्तियों की खासी मांग देखी जा रही है। इधर, शहर की विभिन्न सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों के सदस्य भी तैयारियों में दिन-रात जुटे हुए हैं। कॉलोनियों, मोहल्लों और चौराहों पर बांस-बल्लियों के ढांचे खड़े कर आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं। कई समितियां इस बार विशेष थीम और झांकियों के साथ गजानन को विराजमान करने की योजना बना रही हैं।

# आगर में महिलाओं ने गोबर-मिट्टी से बनाई गणेश प्रतिमाएं

**आगर मालवा।** जिले में गणेशोत्सव के लिए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने पर्यावरण बचाने की खास पहल की है। इन महिलाओं ने गाय के गोबर और मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं। ये प्रतिमाएं गणेशोत्सव के बाद पानी में आसानी से घुल जाएंगी और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाएंगी। गणेशोत्सव के लिए बाजार सजने लगे हैं और इन प्राकृतिक प्रतिमाओं की बिक्री भी शुरू हो गई है। महिलाओं का कहना है कि गोबर और मिट्टी से बनी ये प्रतिमाएं पूरी तरह घुलने वाली हैं। इनके विसर्जन के बाद पानी में प्रदूषण का खतरा नहीं रहता। इस पहल से महिलाओं ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण बचाने का संदेश दिया है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम इंगोरिया तहसील बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नंबर 695/1/1 रकबा 0.650, 696 रकबा 1.430, हे. कुल किता 2 कुल रकबा 2.080 हे. लगानी रेटवारी स्थित ग्राम इंगोरिया तहसील बड़नगर को कय करने का सोदा भूमि स्वामी श्रीमति ऋतु पति राजेश, शुभम, अर्पित पिता राजेशजी जाति ब्राम्हण वर्तमान निवासी उज्जैन कृषक ग्राम इंगोरिया से तय कर एक सोदा चिटठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित कर बयाना राशि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी श्रीमति ऋतु पति राजेश, शुभम, अर्पित पिता राजेशजी जाति ब्राम्हण वर्तमान निवासी - उज्जैन कृषक ग्राम इंगोरिया तहसील बड़नगर जिला उज्जैन को प्रदान कर दी है तथा शिघ्र ही मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित कराने वाले है यदि उक्त भूमि के संबध मे किसी व्यक्ति, संस्था निकाय, या किसी व्यक्ति के पक्ष मे भूमि विक्रय के संबध मे कोई अनुबंध पत्र या ऋण भार हो तो वह उक्त जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे मेरे कार्यालय मे मय प्रमाण के प्रस्तुत करे अन्यथा विक्रय पत्र निष्पादन के पश्चात किसी प्रकार की उज्र या आपत्ती मान्य नही होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी ।सूचित हो । दिनांक-11-09-2026

**निखील तलाज एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर बड़नगर जि० उज्जैन**
**मोबाईल नंबर-7089653927**



## कार्यालय-प्राथमिक सहकारी संस्था मर्यादित, निपानिया गोयल उज्जैन

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा घट्टिया उज्जैन (म.प्र.)**

**पंजीयन क्रमांक 258/दिनांक 31-10-1966**

**क्रमांक/आमसभा/2026-27/** **दिनांक 05-09-2026**

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

**सम्मानीय सदस्य महानुभाव**

संस्था के समस्त सदस्य महानुभावों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 21 सितम्बर 2026 सोमवार को दिन के 11.00 बजे स्थान संस्था कार्यालय निपानिया गोयल पर आयोजित की गई है। अतः नियत दिनांक, स्थान व समय पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**नोट-** कोरम के अभाव में बैठक आधा घण्टा (30 मिनिट) पश्चात स्थगित कर, उसी दिनांक को उसी स्थान पर पुनः प्रारंभ की जावेगी जिसमें गणपूर्ती पर विचार नहीं किया जावेगा।

### वार्षिक साधारण सभा की विषय सूची

1) वर्ष 2025-26 के लेन-देन पत्रक व लाभ-हानि पत्रक स्वीकृति स्वीकार करना।
2) आगामी वर्ष के कार्यक्रम या कार्य योजना की स्वीकृति।
3) वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट पारित करना।
4) गत वर्ष में बजट से आधिक / कम हुए व्यय / आय की स्वीकृति।
5) अंकेक्षण टीप वर्ष 2025 का पालन प्रतिवेदन।
6) हानि/लाभ पर विचार।
7) गतवर्ष की कार्यवाही की पुष्टि करना।
8) वार्षिक पत्रक का अनुमोदन।
9) अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से रखे जाकर निर्णय लिये जावेगें।

**प्रशासक/समिति प्रबंधक**
**प्राथ-सह. संस्था मर्या. निपानिया गोयल**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान नंबर 18, विनोबा गली वार्ड नं 19 जो कि नगर पालिका खाचरौद स्थित मकान जिसकी चौडाई पूर्व से पश्चिम 10 फीट तथा लंबाई उत्तर से दक्षिण 50 फीट होकर उक्त मकान जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में सुमन पति शिवचरण का मकान / हॉस्पिटल, पश्चिम में अर्जुन जोशी जी का मंकान, उत्तर में आम रोड, दक्षिण में गंदी गली स्थित है, जो कि भवन के मूल स्वामी स्व. हजारीलालजी की स्वअर्जित संपत्ति रही है। स्वर्गीय हजारीलाल के 6 पुत्र क्रमशः स्व. गौरीशंकरजी, स्व. रामचन्द्रजी, स्व. मदनलालजी, स्व. किशोरीलालजी, स्व. शैतानमलजी एवं स्व. श्यामलालजी जो कि आपके पति थे, वर्तमान में इन सभी छह भाईयों की मृत्यु हो चुकी है और उनके कानूनी वारिस आज भी जीवित है। उक्त मकान पर सभी छह भाईयों के परिवार का बराबर-बराबर 1/6 हिस्सा वैधानिक रूप से बनता है। मेरे पक्षकार स्व. किशोरीलाल के पुत्र राजेन्द्रकुमार पिता स्व. किशोरीलाल जोशी निवासी-नागदा जिला उज्जैन म.प्र. होकर उक्त मकान में मेरे पक्षकार एवं स्व. किशोरीलाल जोशी के अन्य भाईयो के वारिस इस संपत्ति में बराबर के सह स्वामी है तथा हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत वारिस के रूप में आते है। उक्त संपत्ति का अभी तक कोई कानूनी या न्यायिक बंटवारा नही हुआ है, आज भी उक्त मकान संयुक्त संपत्ति के रूप में है। मेरे पक्षकार को विश्वसनीय सूत्रो एवं मध्यस्थो से ज्ञात हुआ है कि, श्रीमती सुमन पत्नि श्री स्व. श्यामलालजी, निवासी मकान नंबर 18, वार्ड नं 19, विनोबा गली, खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र. उक्त पूरे संयुक्त मकान को अकेले ही बेचने/सौदा करने का प्रयास कर रहे है जबकि विधि के अनुसार अन्य वारिसों की लिखित सहमति या न्यायालय द्वारा विभाजन के बिना उक्त पूरे मकान को बेचने का कोई अधिकार किसी भी व्यक्ति को प्राप्त नहीं है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मकान के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था उपरोक्त मकान को क्रय, अंतरण, बंधक आदि प्रकार का संव्यवहार नहीं करें। अन्यथा ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा व संबंधित के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

सूचित हो। इति दिनांक- 11/09/2026

**जयेश पुष्पेन्द्र जोशी एडवोकेट**
**कार्यालय-100 ई.डब्लयू.एस. हाउसिंग बोर्ड कालोनी नागदा**
**जिला उज्जैन मो नं-8839930658**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान पुराना क्रमांक 5097. नया मकान क्रमांक 12, खत्रीवाडा उज्जैन राजेन्द्रकुमार पिता श्री बाबुराव के मालिकी का था श्री राजेन्द्रकुमार की मृत्यु दिनांक 11/05/1993 को हो गई उनकी मृत्यु उपरांत उपरोक्त मकान पर उनकी पत्नि श्रीमती सुमनबाई पत्नि श्री राजेन्द्रकुमारजी जाधव ने अपने आपको उपरोक्त मकान का एकमेव स्वामी होना बताकर अपना नाम नगर पालिक निगम उज्जैन में दिनांक 09/09/1998 को अंकित करा लिया था तथा उक्त मकान को श्रीमती सुमनबाई पत्नि श्री राजेन्द्रकुमारजी जाधव के द्वारा अपने पुत्र 1. वैभव पिता स्व. श्री राजेन्द्रकुमारजी तथा 2. नेहा पुत्री स्व. श्री राजेन्द्रकुमारजी की सहमति से मोहम्मद रियाज पिता श्री अब्दुल हाफीज मुसलमान को दिनांक 17/11/2009 को विक्रय कर दिया है। स्वर्गीय श्री राजेन्द्रकुमारजी पिता श्री बाबुरावजी के सुमनबाई, वैभव तथा नेहा के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान क्रमांक 12, खत्रीवाडा उज्जैन में हित रखता हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 12, खत्रीवाडा उज्जैन क्षेत्रफल 95.60 वर्गमीटर को बंधक कर मोहम्मद रियाज पिता श्री अब्दुल हाफीज मुसलमान को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 11/09/2026 ई., स्थान झ उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94253-80339**

# बैकों की हड़ताल सफल रही, कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच




युनाईटेड फोरम आफ बैक यूनियन्स के आव्हान पर देशव्यापी हड़ताल के कारण नीमच जिले की बैकों में भी पूर्ण हड़ताल रही बैंकों के ताले भी नहीं खुले। इस हड़ताल में राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ निजी क्षेत्र, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अधिकारी कर्मचारी भी पूरे दिन की हड़ताल पर रहे।

हड़ताल में सम्मिलित सभी अधिकारी कर्मचारी पंजाब नेशनल बैंक की टैगोर मार्ग शाखा के समक्ष सुबह १०.३० बजे एकत्रित हुए और अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

युनाईटेड फोरम आफ बैक यूनियन्स के जिला अध्यक्ष किशोर जेवरिया ने कहा कि मार्च 2024 के आई.बी.ए और बैंक प्रबन्धकों की कर्मचारी यूनियनों से पांच दिवसीय बैंक कार्य दिवस करने का समझोता हुआ था जो सरकार के वित्त मंत्रालय में मंजूरी के लिये पड़ा है। इसी तरह भेदभावपूर्ण पीएलआई योजना एवं द्विपक्षीय वार्ता के सहमत मुद्धों पर लगातार उपेक्षापूर्ण रवेये के कारण यह हड़ताल की गई। बैंकों के विलय के कारण बैंकों और कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है जिसके कारण ग्राहक सेवा लगातार प्रभावित हो रही है, और इसके कारण जन आक्रोश का सामाना बैंक कमीर्यों को करना पड़ रहा है।

फोरम के सचिव सतीश भटनागर ने कहा कि सरकार द्वारा हमारी मांगें नहीं माने जाने पर आगामी 28-29 और 30 सितम्बर को भी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है और सरकार ने अडियल रवैया अपनाया तो २ अक्टुबर से बैंककर्मी अनिश्चितकालीन बैंक हड़ताल पर जा सकते हैं।

बैंक कर्मचारियों को प्रकाश भट्, सदाकत हुसैन, ब्रजेन्द्रसिंह सोंलकी, श्री कान्त शर्मा, सीटू के प्रदेश सचिव शैलेन्द्रसिंह ठाकुर ने भी सम्बोधित किया। सभी ने अपने सम्बोधन में बैकों में घटती कर्मचारियों की संख्या की वजह से ग्राहक सेवा में परेशानी और भेदभावपूर्ण पी.एन.आई योजना, पेन्शन अपडेशन एवं अन्य द्विपक्षीय समझोते की शर्तो के उल्लंघन पर अपनी बात कही।

## न्यूज-कॉलम

### अबेकस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हितांशी ने हासिल की मेरिट



**मंदसौर।** शहर की बालिका हितांशी सौरभ सोमानी ने मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। माइंड पावर अबेकस सिस्टम (एमपीएएस) द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय परीक्षा में हितांशी ने अपनी तीव्र मानसिक गणना और एकाग्रता का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान की संचालिका सविता जायसवाल ने स्मृति-चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कृषि मंडी मे चार दिन का अवकाश रहेगा

**नीमच।** कृषि उपज मण्डी समिति नीमच के सचिव उमेश बसेड़िया (शर्मा) ने बताया कि कल शनिवार को बैंक अवकाश, 13 सितम्बर को रविवार, 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी (शासकीय अवकाश) एवं 15 सितम्बर को व्यापारी संघ द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पर्यूषण पर्व को लेकर नीमच मण्डी में अवकाश घोषित किया गया है। इस तरह कुल केव से अवकाश घोषित किया गया है मंडी समिति ने किसानों से अवकाश के दिनों में उपज विक्रय के लिए नहीं आने और सुविधा से बचने की अपील की है द्य

### सेवा संकल्प अभियान के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मन्दसौर।** आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारी के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई । बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन आदि मौजूद थे । सेवा संकल्प अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। सेवा संकल्प अभियान में ड्राइंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, आंगन का उत्सव, आंगनबाड़ी सम्मान संवाद कार्यक्रम, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, जल जन और सेवा संकल्प यात्रा, सेवा मेरा योगदान, स्वच्छता तथा विकास का सौंदर्य करण, सरकार आपके द्वार आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### पेंशनर महासंघ की त्रैमासिक बैठक18 को

**मंदसौर।** सेवानिवृत एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर की त्रैमासिक बैठक 18 सितम्बर को दोपहर 1 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केंद्र पर आयोजित की जाएगी। संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी एवं जिला सचिव चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि बैठक में जिले में चलाए गए सदस्यता अभियान की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा स्थापना दिवस समारोह में वरिष्ठ सदस्यों के सम्मान तथा वर्ष 2027 में होने वाले जिला कार्यकारिणी के त्रैवार्षिक निर्वाचन से पूर्व सभी क्षेत्रीय व नगर मोहल्ला इकाइयों के पुनर्गठन पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में 112 समस्याओं का मौके पर निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम बूढ़ा में विशाल जन-समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में पहुंचे कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने ग्रामीणों की शिकायतें और समस्याएं सीधे सुनीं। इस दौरान कुल 348 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 112 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर ग्रामीणों को तत्काल राहत दी गई, वहीं शेष 236 आवेदनों के पारदर्शी समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त समय-सीमा तय की गई। शिविर में ही ग्राम ढाबला निवासी दिव्यांग जानी बाई द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लिया और सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से उन्हें स्थल पर ही नई ट्राईसाइकिल भेंट की।

शिविर के पश्चात कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने क्षेत्र का सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम डोरवाड़ा में प्राथमिक कृषि साख संस्था एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न स्टॉक व वितरण प्रणाली की जांच की तथा किसानों को निर्बाध सेवाएं देने के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम लसुड़िया राठौर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद कर उनके साथ मध्याह्न भोजन किया और शाला परिसर में पौधारोपण किया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत संचालित झीणिवार फूड्स तथा ग्राम बादपुर में पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। शिविर व दौरे के दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, एसडीएम स्वाति तिवारी, जनपद सीईओ निर्देशक शर्मा एवं जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोसायटी चुनाव की रंजिश में जान से मारने की धमकी, थाने में शिकायत दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के संत कंवरराम सिंधु नगर (विरियाखेड़ी) निवासी सुरेश पोपटानी ने कमलेश कर्मचंदानी के खिलाफ फोन पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष पूर्व भाजपा नेता विनोद कर्मचंदानी ने भी उनकी माता मीना देवी और उन्हें धमकी दी थी, और अब उनके भाई द्वारा पुरानी रंजिश के तहत लगातार धमकियां दी जा रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी सुरेश पोपटानी ने औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि वे गोलियां-बिस्कुट का व्यापार करते हैं। उन्होंने कमलेश कर्मचंदानी के काका हीरालाल कर्मचंदानी के सामने कॉलोनी सोसायटी का चुनाव लड़ा था, जिसके बाद से ही आरोपी उनसे रंजिश रख रहा है। सुरेश पोपटानी का कहना है कि आरोपी की धमकियों के कारण उनका और उनके परिवार की महिलाओं का घर से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। पीड़ित अपनी मां मीना देवी, पत्नी दिव्या पोपटानी और बेटे दीपांशु पोपटानी के साथ थाने पहुंचे और पुलिस से सुरक्षा व कार्रवाई की गुहार लगाई। फरियादी ने धमकी की कॉल रिकॉर्डिंग पुलिस को पेनड्राइव में सौंपने का दावा किया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## 5 दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंककर्मियों की रही हड़ताल

**मंदसौर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल रखी। हड़ताल के कारण सार्वजनिक व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा। बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधी चौराहे पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार व प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने बताया कि मार्च 2024 में 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने पर सहमति बनने के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया है। इसके अलावा एकतरफा पीएलआई भुगतान, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, पेंशन में नियमित संशोधन और बड़े डिफॉल्टरों से शत-प्रतिशत ऋण वसूली की मांगें उठाई गईं। बैंक संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान जल्द नहीं हुआ तो 28 सितंबर से तीन दिवसीय हड़ताल और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।प्रदर्शन को नरेंद्रसिंह राठौर, ललित मूंगेड, एस आर शास्ता, महेंद्रसिंह चन्द्रावत, श्रीनिवास मोड़, सुधांशु दरगढ़, राजेश व्यास, नीलेश परिहार, त्रिलोक सिंह शक्तावत, राहुल मांदलिया, राजेंद्र गुप्ता, प्रज्ञा जैन, पूनम रावल, शीतल राजपुरोहित, रामरूप मीणा, सुनील जैन, मोहित राठौर, विपिन यादव सहित अनेक बैंककर्मी उपस्थित थे ।

# कांग्रेस ने तहसील को सूखाग्रस्त करने की मांग की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



अल्पवर्षा से तहसील के काकासाहेब गाडगिल सागर, सौम्या तालाब,रेतम बैराज, नारायणगढ़ के तालाब के साथ ही अन्य जलाशय सितंबर आधा निकलने के बाद मात्र 25 से 30 प्रतिशत ही भरे है ।बाकी जगह खाली ही पड़ी है इससे किसानों की चिंताएं खरीफ के साथ ही रबी की फसल को लेकर काफी बढ़ गई है ।शुक्रवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता बाबुखा मेवाती,अजित कुमठ, अफसर मंजूरी,अनिल मुलासिया आदि ने सौम्या तालाब,रेतम बैराज, नारायणगढ़ तालाब,काका गाडगिल सागर आदि का मौके पर पहुंच कर पानी के भराव को देखा व सिंचाई विभाग के एसडीओ वीरेंद्र चौहान से चर्चा की चौहान ने बताया कि जलाशय 30 से 35 प्रतिशत तक ही भरे है और लगभग 10 प्रतिशत मौसम व गर्मी से खाली होसकते है ।उन्होंने बताया कि काकासाहेब गाडगिल सागर से 1900 सो हेक्टेयर,सौम्या तालाब से 588 एवं रेतम बैराज से 1800 सो हेक्टेयर जमीन सिंचित होती है,रेतम बैराज से नारायणगढ़ की पेयजल योजना भी संचालित होती है ।गाडगिल सागर से मल्हारगढ़ एवं पिपलिया मंडी की पेयजल योजनाएं संचालित होती है अगर हालात यही रहे तो नगरीय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो में भी पयेजल की गम्भीर समस्या उतपन्न होने के आसार साफ परिलक्षित होते है।

तहसील को सूखाग्रस्त घोषित कर राहत कार्य शुरू कर सभी प्रकार की वसूलियों को स्थगित किया जाय ।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने जलाशयों के निरीक्षण के बाद कहा कि क्षेत्र के जलाशयों की भरने की उम्मीद काफी कम है ऐसे में सरकार तत्काल तहसील को सूखाग्रस्त घोषित कर सभी प्रकार की वसूलियों को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर राहत कार्य शुरू करना चाहिए ।शर्मा ने यह भी कहा कि तहसील को सूखाग्रस्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अनुविभागीय अधिकारी से मिलेगा।

## द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर में भव्य गणेशोत्सव की तैयारियां

**मंदसौर।** जनकुपुरा गणपति चौक स्थित अति प्राचीन श्री द्विमुखी



चिंताहरण गणपति मंदिर में 14 से 25 सितंबर तक बारह दिवसीय गणेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव के दौरान शुक्ला चौक से गणपति चौक तक नयनाभिराम विद्युत सजावट की जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं.दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, सचिव गोपाल मंडोवरा एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंहल ने बताया कि 14 सितंबर गणेश चतुर्थी पर प्रातः 11.15 बजे पार्थिव प्रतिमा स्थापना और आचार्य पंडित सत्यनारायण जोशी के सानिध्य में पूजन-हवन आयोजित होगा व दोपहर 12.30 बजे हवन की पूणार्हुति और आरती होगी। उत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे 21 ढोल, नगाड़ों व ताशों के साथ महाआरती होगी,25 सितंबर अनंत चतुर्दशी पर रात्रि 9 बजे जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह एवं एसपी विनोद कुमार मीना द्वारा पूजन-अर्चन के बाद आकर्षक झांकियों का चल समारोह आरंभ होगा।

## नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को, बकाया टैक्स जमा करने पर पेनल्टी में 100 प्रतिशत तक छूट

**पिपलियामंडी।** नगर परिषद पिपलियामंडी कार्यालय में 12 सितंबर 2026 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत में बकाया संपत्तिकर, समेकितकर, स्वच्छता उपकर, जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार की मूल राशि जमा करने पर पेनल्टी में 100 प्रतिशत तक छूट का लाभ दिया जाएगा। नगर परिषद ने क्षेत्र के सभी भवन एवं भूमि स्वामियों तथा नल कनेक्शन उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनका टैक्स बकाया है, वे लोक अदालत के दिन अपनी मूल बकाया राशि जमा कर पेनल्टी में छूट का लाभ उठाएं। नगर परिषद द्वारा बकायादारों को सूचना पत्र भी जारी किए गए हैं। जिन लोगों को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, वे इस सूचना को ही सूचना मानते हुए अपना बकाया टैक्स जमा कर छूट का लाभ ले सकते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने सभी बकायादारों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

ई–नीलामी सूचना

क्र.सं. 1। ऑक्शन केटलॉग सं: ADVT-RTM-26-17। अनुबंध का प्रकार: Advertising. लॉट नं: ADVT-RTM-RTM-OSN-170-26-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))। अनुबंध की अवधि: 05 वर्ष। ई–नीलामी की तिथि: 27.07.2026। समय: प्रात: 11:00 बजे। क्र.सं. 2। ऑक्शन केटलॉग सं: MSS-RTM-26-18। अनुबंध का प्रकार: Misc. Static Services। लॉट नं: MSS-RTM-KUH-PrKiosk-72-25-1 (Mise-Static-Services - Promotional Kiosk)। अनुबंध की अवधि: 05 वर्ष। ई–नीलामी की तिथि: 27.07.2026। समय: प्रात: 11:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। 0151

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## न्यूज कालम



नीमच, नगर पंचा.जावद डिप्टी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण

### डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी ने न. प. जावद का किया निरीक्षण

**नीमच।** डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण नीमच द्वारा बुधवार को नगर परिषद जावद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्थाओं के साथ विभिन्न योजनाओं एवं प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई।निरीक्षण में सीएम हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रकरणों में नियमानुसार समयबद्ध कार्यवाही करते हुए योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।डिप्टी कलेक्टर ने नगर परिषद में निमार्णाधीन कार्यालय भवन का मौके पर निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में उपयंत्री को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नामांतरण पंजी रजिस्टर का भी निरीक्षण किया गया। दायरा रजिस्टर में नामांतरण के सभी प्रकरण पूर्ण रूप से दर्ज नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद के उपयंत्री सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण के हित महाविद्यालय में बीज गणेश कार्यशाला हुई



**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से इको क्लब, वनस्पति विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बीज गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाईं। इको क्लब संयोजक डॉ. प्रेरणा मित्रा ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से होने वाले जल प्रदूषण को रोकने के लिए यह पहल की गई है। इन प्रतिमाओं में फलदार और औषधीय पौधों के बीज मिलाए गए हैं, जिससे गणेश विसर्जन के बाद ये मिट्टी में मिलकर नए पौधों के रूप में अंकुरित हो सकेंगे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने आगामी गणेशोत्सव में केवल पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमाओं का उपयोग करने का संकल्प लिया।

### शासकीय आयोजनों में पूर्व वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को मिले सम्मान

**विधायक जैन ने लिखा कलेक्टर को पत्र**



**मंदसौर।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले शासकीय कार्यक्रमों में पूर्व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने को लेकर विधायक विपिन जैन ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है। पत्र में पूर्व मंत्री व विधायक रहे कैलाश चावला तथा पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल को भी शासकीय कार्यक्रमों में नियमित व सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने का आग्रह किया गया है। विधायक विपिन जैन ने कहा कि मंदसौर में आयोजित शासकीय कार्यक्रमों में प्रायः पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया को आमंत्रित किया जाता है, जबकि कैलाश चावला और नवकृष्ण पाटिल भी क्षेत्र के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता हैं जो यहीं निवास करते हैं। राजनीतिक समावेशिता और उनके लंबे अनुभव का लाभ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में मिल सकता है। उन्होंने मांग की कि भविष्य के सभी शासकीय आयोजनों में पूर्व विधायक श्री सिसौदिया के साथ श्री चावला और श्री पाटिल को भी सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाए।



## 41 वीं चारभुजा पैदल यात्रा का किया भव्य स्वागत

**पिपलिया मंडी।** प्रति वर्षों अनुसार इस वर्ष भी रतलाम संजीत के संयुक्त तत्वाधान में 11 सितंबर 2026 को आयोजित श्री चारभुजा यात्रा का पिपलिया मंडी आगमन पर स्थानीय मुकेश कुमार जगदीश चंद्र साबू परिवार के मार्गदर्शन में उक्त यात्रा का अपने। प्रतिष्ठान पर चाय नश्ता देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर यात्रा प्रभारी राधेश्याम साबू, मुकेश साबू, संजय माधव गोपी किशन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक–17**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- आनंद कालके पिता जगन्नाथ कालके 2-रेखा पति आनंद क्रेता- फेयर फिल्ड बिल्डर्स एंड डेवलपर्स तर्फे भागीदार आशुतोष उपाध्याय पिता दुर्गाशंकर उपाध्याय पता- 109 कल्याण सम्पत्त आर्यिड ग्राम भोरसला इन्दौर पिन- 1003078535 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक–18**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- तुलसीराम पिता जगन्नाथ मौर्य क्रेता- जितेन्द्र पिता विक्रम वार्ड 52 पता- 61 अजय बाग कालोनी इन्दौर पिन- 1001321440 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक–18**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रणजीत पिता मुन्नालाल सिलावट क्रेता- प्रताप पिता वीनूभाई पटेल वार्ड 63 पता- सी-4 प्रकोष्ठ स्कीम नं. 31 नवलखा काम्पलेक्स इन्दौर पिन- 1004686506 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नीमच जिला नीमच (म.प्र.)**

क्रं. 319/ई-टेण्ड/01/लो.नि.वि./2026/ नीमच, दिनांक 10.09.2026

**ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देख सकते हैं।

| क्रं./टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_523182 | वार्ड क्रं. 13 बगीचा नं. 4 अब्दुल कलाम तक नाली निर्माण कार्य। | 6 Months 414858+GST | Rs. 2000/- Rs. 5000/- | 26-09-2026 |
| 2026_UAD_523181 | वार्ड क्रं. 13 हरीजन बस्ती ट्रायएन्गल निर्माण कार्य। | 6 Months 395336+GST | RS. 2000/- Rs. 4000/- | 26-09-2026 |
| 2026_UAD_523201 | वार्ड क्रं. 01 महिला स्नानगृह निर्माण कार्य। | 6 Months 588191+GST | RS. 2000/- Rs. 6000/- | 26-09-2026 |
| 2026_UAD_490489 | वार्ड क्रं. 06 शिव मंदिर में चबूतरा निर्माण कार्य | 6 Months 84477+GST | RS. 2000/- Rs. 4000/- | 26-09-2026 |
| 2026_UAD_523192 | वार्ड क्रं. 06 मांगलिक भवन में कीचन शेड व पेपर ब्लाक निर्माण | 6 Months 716486+GST | RS. 2000/- Rs. 7200/- | 26-09-2026 |
| 2026_UAD_523195 | वार्ड क्रं. 23 बंगला नं. 55 में नाली निर्माण कार्य | 6 Months 404537+GST | RS. 2000/- Rs. 4500/- | 26-09-2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती स्वाती गौरव चोपड़ा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नीमच
श्री मनोहर मोटवानी, सभापति लो.नि.वि., नगर पालिका परिषद नीमच
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नीमच

## नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

**तराना।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत आज 12 सितंबर को आयोजित की जाएगी। लोग अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण जिसमें विद्युत संबंधित प्रकरणों में 20 प्रतिशत छूट सिविल प्रकरणों एवं चेक के परिणाम में न्यायालय शुल्क उनका वापस एवं संपर्क संपत्तिकर बैंक से लोन संबंधित प्रश्नों में अधिक से अधिक फूड प्रदान किए जाने के संबंध में गुरुवार को मीटिंग आयोजित की गई। अभिभाषक संघ तराना में अभिभाष गण के साथ मीटिंग आयोजित की गई जिसमें जिला विधिक सेवा समिति तराना के अध्यक्ष न्यायाधीश प्रेम साहू, शिरीष शुक्ला, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी संगीता शुक्ला, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी दीपक सोनी, अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेश जोशी, वरिष्ठ अभिभाषक जगदीश परमार, सहित अन्य अभिभाषक गणित उपस्थित रहे।

## यात्री बसों की चेकिंग में चार बसें जब्त, 34 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई



**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ.मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निदेर्शानुसार ब्यावरा में भोपाल चौराहा के आसपास पचोर रोड एवं भोपाल रोड पर यात्री बसों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बसों के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस, परमिट एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। जांच के दौरान बस क्रमांक एमपी 39 पी 5111 कुरैशी बस सर्विस बिना फिटनेस के संचालित पाई गई। उक्त बस को जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया। इसी प्रकार बस क्रमांक एमपी 04 पीए 4140 रॉयल बस सर्विस की जांच के दौरान अग्निशमन यंत्र सही स्थिति में नहीं पाया गया। इसके चलते बस को जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया।

## इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक



**ब्यावरा।** आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्र संवाद कार्यक्रम की तैयारियों एवं आयोजन को लेकर राजगढ़ कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची की अध्यक्षता एवं जिला कांग्रेस प्रभारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक वि. कुक्षी सुरेंद्र सिंह हनी बघेल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित बैठक में शामिल होकर कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं अधिक से अधिक छात्र-युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। यह कार्यक्रम युवाओं और छात्रों की आवाज को मजबूती देने तथा उनके मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कांग्रेस युवा शक्ति के साथ मिलकर लोकतंत्र और अधिकारों की इस आवाज को और बुलंद करेंगे।

## 13 प्रकरण दर्ज कर 64 लीटर कच्ची देशी मदिरा जब्त

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम द्वारा 13 आपराधिक प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत पंजीबद्ध किए गए। मौके से लगभग 64 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा एवं 12 पाव देशी मदिरा प्लेन विधिवत जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में लिया गया।


### नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव: तीसरे दिन भी नहीं भरा नामांकन, 10 फॉर्म लिए गए

# भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी का इंतजार, 15 सितंबर तक दाखिल होंगे नामांकन

### मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के बाद भाजपा कर सकती है प्रत्याशी की घोषणा

**■ कांग्रेस के दावदार ने किया जनसंपर्क शुरू**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर सुसनेर में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद गुरुवार को तीसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। हालांकि नामांकन फॉर्म लेने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। ऐसे में अब अगले कुछ दिनों में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। उपचुनाव में सबसे ज्यादा नजर भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा पर टिकी हुई है। दोनों ही प्रमुख दलों ने गुरुवार देर शाम तक अपने प्रत्याशियों के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। प्रत्याशियों के नाम सामने नहीं आने के कारण दावेदारों और समर्थकों में भी उत्सुकता बनी हुई है।

कांग्रेस की ओर से गुरुवार को नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रभारी महेश परमार, विधायक भैरोसिंह बापू, जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, राकेश पाटीदार, रणछोड़ त्रिवेदी सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठन की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की गई। पार्टी स्तर पर प्रत्याशी चयन और चुनाव को लेकर कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने पर भी मंथन किया गया।

भाजपा में भी बुधवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक के बाद प्रत्याशी के नाम को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर प्रत्याशी चयन सहित चुनावी रणनीति पर मंथन किया था। बैठक के बाद से ही भाजपा के संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि गुरुवार देर शाम तक भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की।

हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 13 सितंबर के दौरे को लेकर अभी तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री के जिले में आने और लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राही महिलाओं के खातों में राशि अंतरित किए जाने की चर्चा है। लेकिन जब तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं होता, तब तक दौरे को लेकर स्थिति संभावित ही मानी जा रही है।

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया 15 सितंबर तक चलेगी। गुरुवार तक 10 नामांकन फॉर्म लिए जा चुके हैं लेकिन अभी किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा के बाद नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

**विष्णु पाटीदार का जनसंपर्क शुरू**

कांग्रेस में अध्यक्ष पद के दावेदारों के बीच विष्णु पाटीदार का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। बताया जा रहा है कि विष्णु पाटीदार ने घर-घर जाकर मतदाताओं से जनसंपर्क शुरू कर दिया है। राजनीतिक हलकों में उनका टिकट लगभग तय माना जा रहा है! हालांकि कांग्रेस की ओर से अभी तक उनके नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। पार्टी की अधिकृत घोषणा के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

**13 सितंबर के संभावित मुख्यमंत्री दौरे पर भी नजर**

भाजपा प्रत्याशी की घोषणा को लेकर अब 13 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगर-मालवा जिले के संभावित दौरे को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के बाद भाजपा अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकती है। संभावना यह भी जताई जा रही है कि 13 सितंबर की देर रात पार्टी प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर सकती है।

### कलश वंदन यात्रा का बड़नगर में भव्य स्वागत

## 151 कलशों के साथ मातृशक्ति ने निकाली शोभायात्रा, विधायक के नेतृत्व में अगवानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर उज्जैन जिले से प्रारंभ होकर विभिन्न तहसील केंद्रों से होते हुए निकाली जा रही कलश वंदन यात्रा का गुरुवार को बड़नगर नगर में भव्य आगमन हुआ। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या के नेतृत्व में दोपहर 1 बजे जय स्तंभ चौक पर यात्रा की भव्य अगवानी की गई।

यात्रा के नगर पहुंचने पर नगरवासियों एवं भाजपा कार्यकताओं द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश वंदन यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात पावन कलश को 151 कलशों के साथ मातृशक्ति द्वारा भव्य शोभायात्रा के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री नरसिंह मंदिर, गांधी चौक तक ले जाया गया। यहां विधिवत कलश पूजन एवं आरती संपन्न हुई।

यात्रा में संत शिरोमणि रविदास महाराज की समता, सामाजिक समरसता एवं मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को लेकर आकर्षक झांकी ओर कलश रथ में संत गण विराजमान रहे रथ ने नगर भ्रमण किया।

इस अवसर पर विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या, गणपत डाबी, श्याम शर्मा, वर्षा पाटौदी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती चौहान, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह, नपा उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, यात्रा सह-संयोजक नरेंद्र चौहान, रमेश तलेसरिया, सुकमाल जैन, हरिकिशन मेलवानी, शांतिलाल गोखरू, दिलीप जैन, रेखा राठौड़, राजकुमारी निंबोला, विनीत वर्मा, महामंत्री एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांदीपनि स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने देखे वैज्ञानिक मॉडल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित विभिन्न मॉडल, प्रयोग और नवाचार प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत किया। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए सुसनेर स्थित सांदीपनि स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थी भी जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का उत्सुकता के साथ अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मॉडलों की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और उनसे संबंधित वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी प्राप्त की। जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने आगंतुक विद्यार्थियों को अपने-अपने मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी कार्यप्रणाली समझाई। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। विभिन्न मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग को भी समझा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ ही उनकी रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को प्रयोगात्मक रूप में प्रस्तुत करने और अन्य विद्यार्थियों से सीखने का अवसर मिलता है।

### कलश वंदन यात्रा का आकली में समापन

## संत रविदास के विचारों से समाज में आएगी समरसता और एकता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संकल्प अभियान के तहत 20 अगस्त से आगर से प्रारंभ हुई कलश वंदन यात्रा का गुरुवार को ग्राम आकली में समापन हुआ। यात्रा जिले के कुल 14 मंडलों से होकर गुजरी। इस दौरान एक नगर पालिका, छह नगर परिषद, 154 गांवों एवं 106 ग्राम पंचायतों तक यात्रा पहुंची। करीब 620 किलोमीटर की दूरी तय कर यात्रा के माध्यम से संत रविदास महाराज के समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

ग्राम आकली में यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, राणा विक्रम सिंह, मुकेश हरदेनिया, कालू सिंह, गिरजाशंकर राठौर, लखन सेन, लक्ष्मण सिंह कावल, विष्णु भावसार, प्रेम यादव रवि टेलर, सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जिला संयोजक डॉ. भवानी शंकर वर्मा ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक समरसता और संत रविदास महाराज के विचारों को पहुंचाने का प्रयास किया गया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कलश वंदन सहित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि सागर में 101 करोड़ रुपए की लागत से मंदिर निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

## बीच सत्र में विद्यालय बंद करने की सूचना पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



ग्राम टांडा में प्राथमिक विद्यालय का संचालन बीच सत्र में बंद किए जाने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों ने विधायक दिनेश जैन बोस को इसकी जानकारी दी और विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए उनके साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया।

प्रशासन और पुलिस को चक्काजाम की जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। विधायक जैन एवं ग्रामीणों ने एसडीएम अजय हिंगे और तहसीलदार संतुष्टि पाल से चर्चा करते हुए बताया कि विभाग द्वारा बीच शैक्षणिक सत्र में विद्यालय का संचालन बंद करने की बात सामने आई है। इससे विद्यार्थियों को असुविधा होगी और अभिभावकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने विद्यालय को शासकीय करने के साथ ही वर्तमान सत्र में यथावत संचालित रखने की मांग की।

मौके पर पहुंचे बीईओ किशोर परमार ने बताया कि ग्राम टांडा का विद्यालय अनुदान प्राप्त पात्र संस्था है। पोर्टल से विद्यालय का नाम हट गया था, जिसके चलते इसके संचालन को बंद करने को लेकर चर्चा चल रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विद्यालय बंद नहीं किया जाएगा और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

परमार ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए जिले के अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराकर मार्गदर्शन लिया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

# शासकीय उर्दू मा. वि. का स्थापना दिवस मनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



शासकीय उर्दू माध्यमिक विद्यालय महिदपुर के स्थापना दिवस 9 सितम्बर 1972 की 54 वीं वर्षगांठ पर विद्यालय द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी किशोर परमार की अध्यक्षता में तथा पूर्व बी.जी.सी. एवं राज्य अध्यापक संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री सुषमा खेमसरा मैडम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशेष अतिथि के रूप में शाला के पूर्व शिक्षक एवं गत सत्र में सेवानिवृत्त हुए सहायक शिक्षक शब्बीर अहमद नागौरी एवं सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक अब्दुल हमीद नागौरी तथा शाला परिसर से स्थानांन्तरित होकर प्रा.वि. भीमाखेड़ा में पदस्थ हुई श्रीमती प्रमिला पंचोली मैडम उपस्थित हुए। इस अवसर पर जनशिक्षा केन्द्र के जनशिक्षक मुकेश बगाना एवं संस्था के शाला प्रभारी शैख नासिर मोहम्मद, शिक्षक मोहम्मद सलीम नागौरी, राधेश्याम मालाकार, इनामुर्रहमान सैयद, मोहम्मद इमरान, वकार अहमद, मोहम्मद शफीक और सुल्तान अहमद तथा संकुल के ऑपरेटर रोकन खेमसरा व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य असलम खान उपस्थित रहे।

**विकासखण्ड का सर्वाधिक छात्र संख्या वाला माध्यमिक विद्यालय**

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाला प्रभारी शैख नासिर मोहम्मद ने बताया कि विद्यालय ने अपने स्थापना 09 सितम्बर 1972 से लगातार उन्नति की है जिसमें इसके पूर्व एवं वर्तमान शिक्षकों की मेहनत और लगन से ईमानदारीपूर्वक अपने कर्तव्य निर्वहन का योगदान अविस्मरणीय है। वर्तमान में यह विकासखण्ड का सर्वाधिक छात्र संख्या वाला माध्यमिक विद्यालय है। इस अवसर पर पूर्व शिक्षक शब्बीर अहमद नागौरी ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय का संचालन एवं स्टॉफ की मेहनत बच्चों की प्रगति में नजर आती है। विद्यालय के पूर्व प्रभारियों व शिक्षकों की मेहनत इसके विकास की नीव है। विशेष अतिथि सुषमा खेमसरा ने इस अवसर पर विद्यालय के सफल संचालन और उत्तरोत्तर प्रगति के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।



## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर बालिका छात्रावास में जागरूकता शिविर आयोजित

**खाचरौद।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर उमंग स्वास्थ्य केंद्र, सिविल हॉस्पिटल खाचरौद द्वारा शासकीय सीनियर बालिका छात्रावास एवं शासकीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में प्रदर्शनी, मानव श्रृंखला और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिवराज कौशल के मार्गदर्शन में परामर्शदाता दिनेश चंद्र परिहार ने छात्राओं को आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तनाव, असफलता, पढ़ाई एवं करियर का दबाव, पारिवारिक समस्याएं तथा अकेलापन व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे समय में व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनना, उसे भावनात्मक सहयोग देना तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि मानसिक परेशानी कमजोरी नहीं है, बल्कि मदद मांगना साहस का प्रतीक है। यदि किसी व्यक्ति के व्यवहार में निराशा, अत्यधिक अकेलापन या जीवन समाप्त करने संबंधी विचार दिखाई दें, तो उन्हें नजरअंदाज न करें और न ही उन्हें अकेला छोड़ें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मानव श्रृंखला एवं विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सहभागिता कर हर जीवन अनमोल है का संदेश दिया।

## अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमेटी ने किया मंथन, चुनावी रणनीति पर चर्चा



**सुसनेर।** नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को सुसनेर स्थित एक होटल में भाजपा की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक बंद कमरे में हुई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं चुनाव से जुड़े प्रमुख नेताओं ने शामिल होकर आगामी उपचुनाव को लेकर विस्तृत मंथन किया। बैठक में संभाग प्रभारी लता वानखेड़े, प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, जिला प्रभारी जयदीप पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव के चुनाव प्रभारी अनिल जैन, रवि सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सकलेचा, चिंतामण राठौर, तथा विधायक मधु गहलोत, भेरू सिंह चौहान मौजूद रहे। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन हुआ। बैठक का प्रमुख विषय नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के प्रत्याशी के चयन को लेकर रहा। संभावित दावेदारों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आपस में चर्चा की और चुनावी परिस्थितियों के साथ-साथ संगठनात्मक समीकरणों पर भी मंथन किया। हालांकि बैठक में प्रत्याशी के नाम को लेकर कोई अंतिम निर्णय सामने नहीं आया। पार्टी स्तर पर विचार-विमर्श का दौर जारी है। जल्द ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

## 9वें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत, रैली और रंगोली से दिया सही पोषण का संदेश




**सुसनेर।** 9वें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत की गई। अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वार्डों में पोषण से संबंधित नारे लिखे गए तथा रैली निकालकर लोगों को सही पोषण अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वार्डों में रंगोली बनाकर भी पोषण जागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान में वार्ड क्रमांक 14 की रिजवाना खान तथा वार्ड क्रमांक 4 की श्रद्धा वर्मा सहित वार्ड की महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे। महिलाओं ने लोगों को पोषणयुक्त आहार, स्वस्थ जीवनशैली तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उचित खान-पान के महत्व की जानकारी दी। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान लोगों को कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार, स्वच्छता तथा बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सही पोषण का संदेश पहुंचाना है।

## पोस्टकार्ड डालो आगर कलेक्टर हटाओ अभियान



**तनोड़िया।** भारतीय किसान संघ जिला आगर मालवा अपनी कथित मांगो को लेकर जब जिला कलेक्टर से मिले,ओर उनके सामने किसानों की समस्या रखी,जिसे लेकर जिला कलेक्टर ने नकारात्मक सोच के साथ किसानों से अनुचित व्यवहार ओर असहयोग की मंशा दर्शाई,जिससे समस्त जिले के किसान बहुत नाराज है ओर इसको लेकर बकायदा कलेक्टर हटाओ अभियान की शुरूआत भी मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव को पोस्टकार्ड लिखकर भेजने के अभियान की शुरूआत भी कर दी है, यदि इससे मामला नहीं सुलझता है ओर किसानों की मांग पर कलेक्टर को नहीं हटाया जाता है तो किसान आगे की रणनीति पर भी विचार कर सकता है जिसमे कलेक्टर का घेराव, जिले की नाकाबंदी जिला बंद का आह्वान ओर अंत में चक्काजाम भी किया जा सकता है,,इसलिए मुख्यमंत्री से अपील है कि जल्द से जल्द जिला कलेक्टर को हटाया जाए।

# हर दृश्य एक सवाल

# दृश्यम 3 का ट्रेलर

अजय देवगन की क्राइम थ्रिलर 'दृश्यम 3' यानी कि 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। यह साल 2015 में शुरू हुई सालगांवकर परिवार की अपराध कथा का अंतिम अध्याय होगी। 'दृश्यम' के पिछले दोनों पार्ट काफी हिट रहे हैं। अब तीसरे पार्ट को लेकर बज बन गया है। मेकर्स ने बुधवार (9 सितंबर) को फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा है, हर दृश्य एक सवाल है, हर राज एक जवाब, कौन होगा किस पर भारी, द अल्टीमेट एंड बिगिन्स नाऊ। ट्रेलर में दिखाया गया है इस बार विजय सालगांवकर के परिवार को कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि सैम की मां (तब्बू) को अब न्याय नहीं, बल्कि बदला चाहिए। 2 मिनट 49 सेकंड का ट्रेलर काफी शानदार है। अजय देवगन, श्रिया सरन, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव, रजत कपूर अपने-अपने किरदारों में लौटे हैं, वहीं क्राइम ब्रांच पुलिस ऑफिसर के रोल में जयदीप अहलावत और मशहूर वकील के किरदार में प्रकाश राज इस बार स्टारकास्ट का हिस्सा बने हैं। फिल्म 2 अक्तूबर को रिलीज होगी।



# गैंगस्टर बनना चाहती हैं मालविका



मालविका मोहनन अपनी फिल्म 'सरदार 2' में एक जासूस का रोल निभा रही हैं। भविष्य में वह गैंगस्टर का रोल निभाना चाहती हैं। सोशल मीडिया पर एक फैन के सवाल का दवाब देते हुए एक्ट्रेस ने यह इच्छा जाहिर की है। 10 सितंबर को तमिल, तेलुगू, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज 'सरदार 2' में उनके को-स्टार कार्थी हैं, जिन्हें खाने के मामले में एक्ट्रेस ने बिल्कुल अपने जैसा बताया। एक्ट्रेस ने कहा, ₹हम दोनों को ही खाना और स्नैकिंग बहुत पसंद है। मुझे तो कभी भी, कहीं भी स्नैक खाना अच्छा लगता है और प्रमोशन के दौरान मुझे लगा कि कार्थी सर भी मेरे जैसे ही हैं।₹ बात करें उनकी नई फिल्म की तो, यह फिल्म साल 2022 में हिट रही 'सरदार' का सीक्वल है, जिसमें पानी के व्यावसायीकरण के मुद्दे को उठाया गया था। अब स्पाई थ्रिलर 'सरदार 2' में सेहत और हाइजीन से जुड़े मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म में कार्थी एक बार फिर पिता (चंद्रबोस उर्फ सरदार) और पुत्र (इंस्पेक्टर विजय प्रकाश) की दोहरी भूमिकाओं में नजर आएंगे। कहानी चंद्रबोस के अतीत के एक अधूरे मिशन और उससे जुड़े पुराने जख्मों से जुड़ी है, जो वर्तमान में एक नए खतरे के रूप में लौटती है।

## प्यार, चाहत और रिश्तों की उलझन

ओटीटी की चर्चित एंथोलॉजी सीरीज 'लस्ट स्टोरीज 3' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह सीरीज आधुनिक रिश्तों, प्यार, अंतरंगता (इंटीमेसी) और मानवीय इच्छाओं के विभिन्न पहलुओं को चार अलग-अलग लघु कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत करती है। विशाल भारद्वाज, शकुन बत्रा, विक्रमादित्य मोटवानी और किरण राव जैसे दिग्गज डायरेक्टर्स की अलग-अलग कहानियों की झलक इस फ्रेंचाइजी के प्रति बेसब्री बढ़ाती है। सीरीज के ट्रेलर में प्यार, चाहत, नोकझोंक और उलझे हुए रिश्तों के विभिन्न रंग देखने को मिलते हैं। चारों निर्देशक अपने-अपने अंदाज में मानवीय भावनाओं और आधुनिक रिश्तों की परतें खोलते हैं। हर कहानी का अपना अंदाज, अपनी रफ्तार और अपने सरप्राइज हैं। सभी कहानियां बस एक बड़े सवाल से जुड़ी हैं कि लोग क्या चाहते हैं, क्या छिपाते हैं और उनकी ये इच्छाएं उनके रिश्तों को कैसे बदलती हैं। फिल्म में हंसी-मजाक और केमिस्ट्री के साथ-साथ भावुक और सोचने पर मजबूर करने वाले पल भी होंगे।

## अक्की के बर्थडे पर राशि की मजेदार पोस्ट





अक्षय कुमार ने बुधवार को 59वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स ने भी उन्हें खूब बधाइयां दी हैं। अभिनेत्री राशि खन्ना ने अक्षय को बर्थडे विश करते हुए मजेदार पोस्ट किया है। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है। इसमें अक्षय कुमार, विद्या बालन और राशि खन्ना खास अंदाज में एक साथ डांस करते दिख रहे हैं। पीछे एक प्राइवेट जेट भी नजर आ रहा है। राशि ने मैसेज में लिखा है, उस इंसान के नाम, जो अपने आसपास के सभी लोगों से खूब मेहनत करवाते हैं और उससे भी ज्यादा हंसाते हैं। ज्यादा डांस और ज्यादा शरारत करते हैं। जन्मदिन मुबारक हो, अक्षय सर! बता दें कि अक्षय और राशि जल्द ही अनीस बज्मी की अपकमिंग फैमिली कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। इसमें विद्या बालन भी हैं। फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है।

# Sport

### 2027 वर्ल्डकप खेलने पर रोहित बोले- टूनार्मेंट अभी बहुत दूर... जब आएगा तब देखेंगे

# 27 सितंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते दिखेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रोहित शर्मा ने 2027 वर्ल्ड कप खेलने पर कहा है कि टूनार्मेंट के करीब आने पर फैसला होगा। अक्टूबर 2027 में वर्ल्ड कप होना है। टूनार्मेंट साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। रोहित टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे खेलते हैं। उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में दर्शकों के सवाल का जवाब दिया। रोहित 27 सितंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में खेलते दिखेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलेगा।

रोहित ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। फिर 7 मई 2025 को टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी थी। रोहित ने इसी साल 19 जुलाई को इंग्लैंड दौरे पर अपना आखिरी वनडे मैच खेला। लॉर्ड्स में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 110 गेंद पर 138 रन की पारी खेली थी। हालांकि भारत यह मुकाबला और सीरीज हार गया था। रोहित की कप्तानी में भारत 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा। इसी टूनार्मेंट से रोहित और कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय टीम के खेलने का अंदाज बदला। हालांकि भारत को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली।

इसके बाद भारत ने रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बाद इउउकने 4 अक्टूबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले रोहित शर्मा को हटाकर शुभमन गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया। रोहित ने वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में कुल 28 मैच खेले हैं। इन मुकाबलों में उन्होंने 61.34 की औसत और 105.49 की स्ट्राइक रेट से 1575 रन बनाए हैं।

### भारत-अफगानिस्तान पहला टी-20 13 सितंबर को ही होगा

दिल्ली में 13 सितंबर को होने वाला भारत-अफगानिस्तान पहला टी-20 तय कार्यक्रम के मुताबिक ही खेला जाएगा। ब्रीक्स समिट के कारण मैच टलने की खबरों के बीच दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने साफ किया कि उसे मैच स्थगित करने या जगह बदलने का कोई निर्देश नहीं मिला है। 11 से 13 सितंबर तक दिल्ली में ब्रीक्स समिट होगी। इसका आयोजन भारत मंडपम में है, जो अरुण जेटली स्टेडियम से करीब 5 किलोमीटर दूर है। दोनों जगह महात्मा गांधी रोड से जुड़ी हैं। समिट के दौरान वीवीआईपी मूवमेंट के कारण सेंट्रल दिल्ली में ट्रैफिक प्रतिबंध और रूट डायवर्जन रहेंगे। इस दौरान स्कूल और सरकारी दफ्तर भी बंद रहेंगे। प्रशासन ने सड़कों पर आवाजाही को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

### साउथ जोन के खिलाफ फाइनल ड्रॉ रहा

**नई दिल्ली।** ईस्ट जोन तीसरी बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है। चेन्नई में साउथ जोन के खिलाफ फाइनल ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन को विजेता घोषित किया गया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 708 रन बनाए थे।

## नैनो न्यूज

- **भारत की हॉकी में बड़ी जीत-** जूनियर महिला एशिया कप क्वार्टरफाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 19-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।
- **हरशित राणा एशियन गेम्स से बाहर-**हैमस्ट्रिंग चोट के कारण हरशित राणा अफगानिस्तान टी20 सीरीज और एशियन गेम्स से बाहर हो गए। यश ठाकुर को उनका स्थान मिला।
- **बुमराह की फिटनेस क्लीयर-** जसप्रीत बुमराह ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वॉशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी को भी टी20 टीम में वापसी की मंजूरी मिली।
- **भारत-बांग्लादेश सेमीफाइनल आज-** महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश से दुबई में होगा। भारत टूनार्मेंट में मजबूत दावेदार है।
- **प्रतीका रावल की वापसी-** चोटिल जेमिमा रोड्रिग्स की जगह प्रतीका रावल को भारतीय महिला टीम में एशियन गेम्स के लिए शामिल किया गया है।
- **एशियन गेम्स में दोहरा खिताबी लक्ष्य-** भारत जापान में होने वाले एशियन गेम्स में पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के स्वर्ण पदक बचाने उतरेगा।
- **नेपाल की बड़ी क्रिकेट जीत-** एसीसी मेंस प्रीमियर कप सेमीफाइनल में नेपाल ने ओमान को 87 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया

### जूनियर एशिया कप में सबसे बड़ी जीत, पूजा की हैट्रिक; सेमीफाइनल में पहुंची डिफेंडिंग चैंपियन

एजेंसी ▶▶ मोक्वी



भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है।

डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए।

भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए। भारत ने पहले ही क्वार्टर में 5 गोल कर दिए थे। पूजा साहू ने 7वें मिनट में खाता खोला, रोशनी ऐंद ने 9वें, तनुश्री दिनेश कडू ने 11वें, सुखवीर कौर ने 13वें और सानिका माने ने 13वें मिनट में गोल किया। दूसरे क्वार्टर में मधु सिदार, गीता यादव, सानिका माने, तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल किए। इससे हाफ टाइम तक भारत 10-0 से आगे था। पूर्णिमा यादव, मधु सिदार और सुप्रिया ने तीसरे क्वार्टर में गोल किए। आखिरी क्वार्टर में कृष्णा शर्मा, पूजा मलिक, सुप्रिया, बिनीमा धन और रोशनी ऐंद ने गोल दागे। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोशनी ने 60वें मिनट में भारत का 19वां गोल किया। भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को पूरे मैच में न गोल मिला, न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक। भारत ने क्वार्टर फाइनल से पहले ग्रुप स्टेज में भी शानदार प्रदर्शन किया था। टीम ने जापान, मलेशिया और साउथ कोरिया को हराकर अपने ग्रुप में टॉप किया था।

**दुकान बेचना है**

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट

मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता- **योग्यता-** B.ED/D.ED/Deled **वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**मकान बेचना है**

शहर की मध्यस्थली डाबरी पीठा अखाड़े वाली गली (उज्जैन) में 1000 स्क्वायर फीट का मकान जिस स्थिति में है यथा स्थिति में बेचना है। दलाल बंधु भी आमंत्रित है।

संपर्क सूत्र भारतसिंह चौहान 9406880595, 8989541154

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।

संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में) **योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, **आफिस समय** 10 से 01 बजे तक **आवेदन:** 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।

संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

INDORE METROPOLITANE DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR



## न्यूज कॉलम

### स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के बाद महिला की मौत

**झाबुआ।** थांदला क्षेत्र के मदरानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। सुगना मेड़ा (29) को अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। उमरादरा निवासी सुगना पति अशराज मेड़ा को गुरुवार सुबह 7 बजे डिलीवरी के लिए मदरानी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। दोपहर करीब 3.30 बजे उसने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। इसके कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अचानक खराब होने लगी और उसे लगातार ब्लीडिंग होने लगी। महिला की गंभीर हालत देखकर उसे मदरानी स्वास्थ्य केंद्र से थांदला रेफर किया गया। परिजन जब उसे सिविल अस्पताल थांदला लेकर पहुंचे, तब तक उसकी हालत बहुत नाजुक हो चुकी थी।

### फाइनेंस कर्मी से 1.33 लाख लूटने वाले 2 गिरफ्तार

**धार।** धार जिले के अमझेरा थाना पुलिस ने फाइनेंस कर्मचारी से 1 लाख 33 हजार 100 रुपए की लूट का खुलासा किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बड़लीपुरा कला में एक घर से 20 हजार रुपए और बकरियां लूटने की वारदात भी कबूल की है। पुलिस ने दोनों मामलों में 34 हजार रुपए और एक बिना नंबर की बाइक जब्त की है। इस मामले में एक आरोपी अभी फरार है। यह घटना 3 जून को हुई थी। एनएबी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी अमरदास बैरागी कलेक्शन की राशि लेकर जा रहे थे। आमला फाटा के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने चाकू दिखाकर उनकी बाइक रुकवाई। बदमाश अमरदास के बैग में रखे 1 लाख 33 हजार रुपए और दो मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे।

### धार में किसान अपनी मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

**धार।** कम बारिश और खेती से जुड़ी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने जिले में किसान आंदोलन की तैयारी की है। संगठन की ओर से सभी तहसीलों में किसानों को जुटाकर रैली निकाली जाएगी और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। धार तहसील में आंदोलन 14 सितंबर को होगा, जबकि बाकी तहसीलों में 15 सितंबर को रैली निकाली जाएगी। किसान धार जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर राहत देने की मांग करेंगे। इसके साथ ही कृषि उपज के लागत के हिसाब से दाम तय करने और किसानों के हित में फसलों की आयात-निर्यात नीति में बदलाव की मांग रखी जाएगी। रबी सीजन के लिए कम पानी में तैयार होने वाली फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की भी मांग है।

### झाबुआ में तांत्रिक समेत 4 लोग गिरफ्तार



**धार की महिला को चुड़ैल बताकर सांकल से पीटा, गर्म कंडे से हथेली जलाई**

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के ग्राम भेरुपाड़ा में अंधविश्वास और झाड़-फूंक के नाम पर एक महिला से मारपीट मामला सामने आया है। धार जिले से इलाज कराने आई 52 वर्षीय महिला को झाड़-फूंक करने वाले बाबा और उसके साथियों ने प्रताड़ित किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक, 8 सितंबर को गजानंद अपनी पत्नी प्रेमबाई (52) को इलाज के लिए बाबा लक्ष्मण निनामा के पास लाए थे। आरोपी और उसके साथियों ने महिला पर चुड़ैल का साया होने का झूठा दावा किया और उसे कमरे में बंद कर दिया। आरोपियों ने महिला की थप्पड़, मुक्कों और लोहे की सांकल से पिटाई की, साथ ही हाथ पर जलता हुआ कंडा रखकर उसकी हथेली जला दी। पीड़िता का इलाज सीएचसी धामनोद (धार) में कराया गया, जहां धामनोद पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला झाबुआ जिले के रायपुरिया थाने ट्रांसफर किया। रायपुरिया पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई।

## नैनो न्यूज

- **सोना चांदी भाव में तेजी-** सोने-चांदी के वायदा भाव में आज तेजी रही। सराफा कारोबारियों की निगाहें अंतरराष्ट्रीय बाजार और आगे की कीमतों पर बनी हुई हैं।
- **शेयर बाजार में भारी गिरावट-** संसेक्स और निफ्टी में आज बड़ी गिरावट रही। वैश्विक बाजारों की कमजोरी और विदेशी बिकवाली से निवेशकों में सतर्कता बढ़ी।
- **कच्चे तेल ने बढ़ाई चिंता-** कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर के पार पहुंचने से परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ने की चिंता कारोबारियों में दिखाई दे रही है।
- **आज इंदौर में परिवहन समिट-** इंदौर में यात्री परिवहन विजन समिट शुरू हुई। निजी निवेश, पीपीपी मॉडल और आधुनिक तकनीक से परिवहन कारोबार बढ़ाने पर चर्चा होगी।
- **मोबिलिटी कारोबार में निवेश की उम्मीद-** परिवहन क्षेत्र की कंपनियों और निवेशकों की मौजूदगी से इंदौर में मोबिलिटी कारोबार के विस्तार और नई साझेदारियों की उम्मीद बढ़ी है।
- **परिवहन एक्सपो में तकनीक का प्रदर्शन-** समिट के दौरान आधुनिक परिवहन तकनीक और नए समाधान प्रदर्शित किए जाएंगे। कारोबारियों को नई तकनीक और निवेश अवसरों की जानकारी मिलेगी।
- **निर्यात कारोबारियों की नजर विदेशी मांग पर-** वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच इंदौर के निर्यात कारोबारी विदेशी मांग, मुद्रा दर और परिवहन लागत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।
- **मंडी कारोबार में आवक जारी-** इंदौर मंडी में कृषि उपज की आवक और कारोबार जारी है। व्यापारी मांग के अनुसार खरीदी और स्टॉक की रणनीति बना रहे हैं।

बाउंड्रीवॉल-जाली फेंसिंग तोड़ी, पेड़-पौधे उखाड़कर निर्माण सामग्री डाली, चौकीदार के लिए अवैध झोपड़ी भी बनवा दी

# ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाने पर 10 लाख का स्पॉट फाइन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के जोन 8 के वार्ड 37 में नगर निगम के जोनल अधिकारी (जेडओ) और भवन अधिकारी (बीओ) ने जी+3 भवन के निर्माण के दौरान ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण का मामला पकड़ा। गुरुवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाने पर 10 लाख रुपए का स्पॉट फाइन किया।

अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि जोन 8 में निर्माणाधीन जी+3 भवन की जानकारी मिलने के बाद जोनल अधिकारी और भवन अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। टीम ने निर्माण कार्य रुकवाया और भवन मालिक पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। निगम की ओर से मालिक को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि ग्रीन बेल्ट में निर्माण की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद भवन मालिक ने ग्रीन बेल्ट की





बाउंड्रीवॉल और जाली फेंसिंग तोड़ दी थी। यहां लगे नए पौधों और पेड़ों को भी उखाड़ दिया गया था। इसके अलावा मकान निर्माण की सामग्री ग्रीन बेल्ट में डाल दी गई और चौकीदार के रहने के लिए अवैध झोपड़ी भी बना दी गई थी। अपर आयुक्त ने कहा कि ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले में आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रीन बेल्ट पर इस तरह की कार्रवाई फिलहाल पहली बार की गई है।

जनकार्य प्रभारी और एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर को मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जोन और उद्यान विभाग की टीम को मौके पर भेजा था। बॉम्बे हॉस्पिटल से निपानिया के बीच ग्रीन बेल्ट की बाउंड्रीवॉल और जाली फेंसिंग तोड़ने तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर कार्रवाई की गई। प्लॉट मालिक मित्तल ग्वालियर के रहने वाले हैं।

### होटल सिल्वोटेल समेत तीन बेसमेंट सील

बेसमेंट के अनधिकृत उपयोग और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर भी नगर निगम ने कार्रवाई की। पीयू-4 स्थित होटल सिल्वोटेल के बेसमेंट में पार्किंग के लिए स्वीकृत जगह पर किचन संचालित मिला, जिसे निगम ने सील कर दिया। इसके अलावा डायमंड कॉलोनी और अपोलो स्क्वायर-जंजीरवाला स्क्वायर के पास स्वीकृत उपयोग के विपरीत बेसमेंट में शॉप-कम-रेस्टोरेंट और अन्य गतिविधियां मिलने पर दोनों बेसमेंट भी सील किए गए।

### सड़क पर अतिक्रमण पर 50 हजार रुपए का जुर्माना

वहीं, सड़क पर अतिक्रमण करने पर एक भूस्वामी के खिलाफ 50 हजार रुपए का चालान किया गया। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भवन अधिकारियों को बेसमेंट के उपयोग, फायर सेफ्टी और स्ट्रक्चरल सेफ्टी की लगातार जांच करने तथा नियमों का उल्लंघन मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बाल विकास विभाग को चकमा देकर कराया बाल विवाह, टीम के लौटते ही नाबालिग की शादी कराई

# कलेक्टर जनसुनवाई की शिकायत पर 9 पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सांवेर तहसील क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग और चाइल्डलाइन की टीम को चकमा देकर 17 साल 5 महीने की नाबालिग की शादी कराने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर टीम ने परिजनों को समझाकर शपथ पत्र लिया था कि बालिका के 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर ही उसका विवाह किया जाएगा। इसके बावजूद 24 जून को गोम्मटगिरी स्थित ड्रीम वर्ल्ड रिसॉर्ट में दोनों परिवार पहुंचे। दोबारा पहुंची टीम के लौटते ही परिजनों ने उसी शाम नाबालिग का विवाह करा दिया।



मामले का खुलासा रक्षाबंधन पर युवती के मायके लौटने के बाद हुआ। ग्रामीणों को पता चला कि विवाह निरस्त नहीं हुआ था, बल्कि युवती की शादी हो चुकी थी। इसके बाद 1 सितंबर को कलेक्टर जनसुनवाई में एक आवेदक ने शादी के साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा के निर्देशन में बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने मामले की जांच शुरू की।

### डिजिटल साक्ष्यों और स्कूल रिकॉर्ड से हुई पुष्टि

- महेंद्र पाठक के मुताबिक, परिजनों और फोटोग्राफर द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों और वीडियो से शादी की पुष्टि हुई। वहीं, सांवेर तहसीलदार के जरिए स्कूल से प्राप्त बालिका के आयु प्रमाण-पत्र से उसके नाबालिग होने की पुष्टि की गई।
- पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने सदस्य संगीता सिंह के साथ गांधी नगर थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने विवाह करने वाले बालिग युवक अभिषेक और रितिक सोनी, वर-वधू के माता-पिता और विवाह में शामिल रिश्तेदारों सहित कुल नौ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। बालिका के मेडिकल परीक्षण के बाद प्रकरण में अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

मायके का आरोप- 15 लाख की मांग को लेकर कर रहे थे प्रताड़ित इस कारण शिवानी ने फांसी लगा ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में बड़े गणपति के पास शीतला माता मंदिर वाली गली में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर 15 लाख रुपए दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मायके पक्ष का आरोप है कि प्रताड़ना के चलते शिवानी ने फांसी लगाई। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां चले गए। मल्हारगंज पुलिस ने 27 वर्षीय शिवानी की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार रात करीब 8 बजे शिवानी ने घर में फांसी लगा ली। इसके बाद पति लोकेश मौर्य ने कम्पेल स्थित अपने ससुराल में घटना की सूचना दी। बताया जाता है कि दोपहर में शिवानी की बड़ी बहन से फोन पर बात हुई थी। इस दौरान उसने सास अनिता और पति से विवाद होने की बात कही थी। शिवानी और लोकेश की शादी 3 फरवरी 2026 को हुई थी। परिजनों के मुताबिक, शादी के करीब दो महीने बाद से ही दहेज को लेकर कहासुनी और विवाद की स्थिति बनी हुई थी। रिश्तेदारों ने समझाइश देकर उस समय मामला शांत कराया था।

## इंदौर से नाबालिग को भगाकर मुंबई ले गया युवक

### होटल में रेप के बाद रेलवे स्टेशन पर की मारपीट, जयपुर से आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हीरानगर में रहने वाली 17 साल की नाबालिग को विजयनगर निवासी आरोपी अपने साथ मुंबई भगाकर ले गया। यहां एक होटल में उसके साथ रेप करने के बाद मारपीट की। जब युवती रेलवे स्टेशन पहुंची तो आरोपी ने यहां भी उसके साथ विवाद किया। पुलिस के पहुंचने पर वह मौके से भाग गया। युवती के बयान के बाद पुलिस ने रेप और अपहरण के मामले में एफआईआर दर्ज कर मामला हीरानगर पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, शारदा नगर में रहने वाली 17 साल की युवती की जयेश पुत्र अजय पांडे निवासी विजयनगर से दोस्ती थी। आरोपी कुछ समय पहले उसे अपने साथ भगाकर मुंबई ले गया था। करीब 5 दिन पहले मारपीट करने पर युवती जयेश के चंगुल से भागकर इंदौर वापस आना चाहती थी। इस दौरान मुंबई रेलवे स्टेशन पर जयेश ने उसके साथ मारपीट की। बाद में स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गया। युवती के बयान के बाद पुलिस ने रेप और अपहरण के मामले में एफआईआर दर्ज की। इसके बाद मामला हीरानगर पुलिस को सौंपा गया।

## केबल फाइबर कर्मचारी का शव फर्श पर मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

केबल फाइबर कंपनी के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक शिवलेश (30) पिता जनसेवक मिश्रा, मूल निवासी कटनी और हाल निवासी सैटेलाइट कॉलोनी, देवास नाका थे। उनका शव गुरुवार को घर के हॉल में फर्श पर सीने के बल पड़ा मिला। पास में दवाइयां भी रखी थीं। मकान मालिक की पत्नी जब नीचे पहुंचीं तो शिवलेश को अचेत अवस्था में फर्श पर पड़ा देखा। आशंका है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। हालांकि, मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह शिवलेश की उनसे बात हुई थी। उन्होंने सर्दी और अचानक बुखार होने की बात कही थी। परिजनों ने उन्हें डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। इसके बाद शिवलेश ने एक दोस्त को फोन कर डॉक्टर के पास ले जाने के लिए कहा।

दोस्त जब उन्हें लेने के लिए निकला तो उसने शिवलेश को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद मकान मालिक की पत्नी ने उन्हें घर के फर्श पर पड़ा देखा। शिवलेश की शादी पांच महीने पहले फरवरी में आकांक्षा से हुई थी। कुछ दिन पहले ही उनकी पत्नी मायके गई थीं। शिवलेश अप्रैल से यहां किराए के मकान में अकेले रह रहे थे। वह टेलीकॉम कंपनी में केबल फाइबर बिछाने का काम करते थे।

इधर, एरोड्रम थाना क्षेत्र में 66 वर्षीय वृद्ध की जहर खाने के बाद मौत हो गई। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक श्याम (66) पिता छोटूमल भाटिया को परिजन शुक्रवार सुबह अचेत अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों के मुताबिक श्याम ने जहर खाया था। पुलिस की जांच में उनके डिप्रेशन में होने की बात भी सामने आई है। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

जैन धर्म के सबसे बड़े महापर्व दसलक्षण का इंदौर में समागम

## 16 सितम्बर से जुटेगा 7 हजार शिविरार्थियों का महाकुंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुंबई

स्वच्छता में सिरमौर, सर सेठ हुकुमचंद जी अहिंसा की धर्म नगरी इंदौर इस बार जैन धर्म के सबसे बड़े महापर्व दसलक्षण महापर्व (16 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026) पर एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक धार्मिक समागम का साक्षी बनने जा रहा है।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू, इंदौर ने बताया कि शहर में पहली बार तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के विशेष आशीर्वाद एवं ससंघ परम सान्निध्य में 33वें 'श्रावक संस्कार शिविर' का भव्य ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है।

यह दस दिवसीय महासाधना शिविर सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी इंदौर में धर्म का नया इतिहास रचेगा।

दस दिवसीय महासाधना शिविर में देश-विदेश से 7 हजार से अधिक शिविरार्थी सहभागिता करेंगे, जो मुनिश्री सुधासागर जी के ओजस्वी मुखारविंद से धर्म के मर्म को आत्मसात कर संयम और साधना का पाठ सीखेंगे। इस बार इंदौर की धरा पर पूज्य संतों की विशेष कृपा बरसने जा रही है। आयोजन में तीर्थ चक्रवर्ती मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के साथ-साथ प्रकृताचार्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज, आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी महाराज, आचार्य श्री विप्रणत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी सहित लगभग 80 साधु भगवंतों का गरिमामय सान्निध्य और आशीर्वाद इंदौर शहर को प्राप्त हो रहा है। इतने विशाल संत वृंद की उपस्थिति से पूरा शहर भक्ति और अध्यात्म के रंग में सराबोर रहेगा।

**तुरंत आवश्यकता**

आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक

अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

होटल से ब्यूटीशियन की लाश ले जाते दिखा कारोबारी

# कमरे में 40 मिनट रुका, स्टाफ को बताया सोनिला बेहोश है

### पति बोला- 8 दिन बाद खोलूंगा राज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एक कमरा करीब 40 मिनट का वक्त न चीख-पुकार, न हलचल और फिर ब्यूटीशियन सोनिला शर्मा की मौत। इंदौर के एलएक्स होटल के कमरा नंबर 101 में सोनिला के पहुंचने के करीब एक घंटे बाद पाइप कारोबारी दीपक खंडेलवाल आया। करीब 40 मिनट बाद बाहर निकलकर उसने होटल स्टाफ से कहा था- सोनिला बेहोश है।

पोस्टमॉर्टम में फंदे से मौत का एंगल सामने आया है, लेकिन शॉर्ट पीएम रिपोर्ट से कारण स्पष्ट होगा। सोनिला के पति संजय ने कहा- दीपक को जानता हूं, अभी बात नहीं करूंगा; 8 दिन बाद पूरी बात बताऊंगा। पुलिस दीपक की तलाश कर रही है। सोनिला को कार से अस्पताल ले जाने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

सीसीटीवी फुटेज में होटल के बाहर सफेद रंग की कार खड़ी दिखाई दे रही है। कार के आसपास 5 युवक नजर आ रहे हैं। इनमें से 2 युवक



### अस्पताल में परिजन से हुई कारोबारी की कहासुनी

सोनिला के परिजन ने बताया कि दीपक ने अस्पताल से फोन कर उन्हें घटना की जानकारी दी थी। सूचना मिलने पर परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। वहां उनकी दीपक से कहासुनी भी हुई। इसके बाद दीपक अस्पताल से चला गया। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद सोनिला का शव एमवाय अस्पताल से बाहर लाया गया। पत्नी का शव देखते ही संजय भावुक हो गया। उसकी आंखों से आंसू निकल आए। कुछ देर वह शव के पास खड़ा रहा। इसके बाद संजय ने परिवार के साथ मिलकर स्ट्रेचर से सोनिला का शव उठाया। शव को एंबुलेंस में रखा गया और परिवार वहां से रवाना हो गया। परिवार पहले शव को नंदानगर ले गया, इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए ब्यावरा रवाना हुआ।

डेडबॉडी को कार के अंदर डालते दिख रहे हैं, जबकि कारोबारी कार के पास ही खड़ा है। इसके बाद कारोबारी होटल के एक स्टाफ को इशारे से अपने साथ चलने के लिए कहता है। हालांकि, स्टाफ उसके साथ जाने से मना कर देता है।










हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?

जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।

पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर (M.A. Astrologer)

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान

नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन

नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक

मोबाइल- 9827007312, 98277-33384

(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति

कटे कान जुड़वाएं

किडनी की पथरी का अंत तुरंत

निःशुल्क दवा प्राप्त करें

डॉ. पी.पी. ओझा कर्ण रोग विशेषज्ञ

9425360006, 9425107617

प्रति शनिवार को मिले निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com